नई दिल्ली
शुक्रवार, 16 मई 2025
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 31
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 42
न्यून. 39

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## श्रीनगर में जवानों को संबोधित करते हुए पाकिस्तान पर जमकर बरसे रक्षा मंत्री

# पाकिस्तान जैसे दुष्ट के परमाणु हथियारों को आईएईए की निगरानी में रखा जाना चाहिए: राजनाथ सिंह

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद राजनाथ सिंह की पहली जम्मू-कश्मीर यात्रा, परखी सुरक्षा तैयारियां

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को पहली बार जम्मू-कश्मीर की यात्रा के तहत श्रीनगर पहुंचे।

जहां उन्होंने इस साहसी सैन्य अभियान के जरिए पाकिस्तानी दुस्साहस का करारा जवाब देने के लिए इलाके में पूरी मुस्तैदी से तैनात सेना के जवानों से मुलाकात की। अपने संबोधन की शुरुआत 'भारत माता की जय' के नारे के साथ करते हुए रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर को इतिहास की सबसे बड़ी सैन्य कार्रवाई बताया। साथ ही कहा कि आतंकियों ने पहलगाम में भारतीयों का धर्म पूछकर उन्हें मारा था, ये शेष पेज 5 पर

### मलबे में तब्दील हुए पाक हथियारों को देखा

रक्षा मंत्री के साथ जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और सेना की 15वीं और 16वीं कोर के वरिष्ठ कमांडर मौजूद रहे। इसके पूर्व में राजनाथ सिंह ने बादामी बाग कैंट में भारतीय सेना की कार्रवाई में बड़ी तादाद में मलबे में तब्दील हुए पाकिस्तानी हथियारों के अवशेष भी देखे। जो भारतीय सेनाओं की प्रचंड मारक कार्रवाई का साक्षात प्रमाण प्रस्तुत कर रहे थे। शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने रक्षा मंत्री को जमीनी सुरक्षा हालात से अवगत कराया। उन्होंने सैन्यकर्मियों को हाईअलर्ट के दुश्मन पर निगरानी रखने के निर्देश दिए।



### पाक से शुरू होती मांगने वालों की लाइन

भारत-पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि एक ओर भारत है। जो वैश्विक मुद्रा कोष (आईएमएफ) को गरीब देशों को कर्ज देने के लिए कर्ज देता है। वहीं, रही बात पाकिस्तान शेष पेज 5 पर



### पाकिस्तान की प्रतिक्रिया

उधर, पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर भारत के रक्षा मंत्री की टिप्पणी को गैर-जिम्मेदाराना बताते हुए उसकी कड़ी निंदा की व कहा, यह आईएईए की जिम्मेदारी व दायरे को लेकर उनकी अज्ञानता को प्रदर्शित करता है। भारत खुद न्यूक्लियर ब्लैकमेल के जाल में फंसा हुआ है। पाक अपने परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह से सुरक्षित, जिम्मेदार और वैश्विक मानकों के तहत संचालित करता है।

### संप्रभुता पर हमले का जवाब देना जरूरी

राजनाथ सिंह ने कहा, पिछले 35-40 साल से हम सीमा पार आतंकवाद का सामना कर रहे हैं। लेकिन अब भारत ने दुनिया को ये बता दिया है कि हम आतंकवाद के खिलाफ किसी भी हद तक जा सकते हैं। पहलगाम हमले से आतंकियों ने भारत के माथे पर चोट पहुंचाते हुए उसकी सामाजिक एकता को तोड़ने की कोशिश की। भारत ने सीधे उनकी छाती पर घाव दिए हैं। पाकिस्तान के जख्मों का इलाज इसी में है कि अब वह भारत विरोधी आतंकी संगठनों को शरण देना बंद करें। साथ ही अपनी जमीन का इस्तेमाल हमारे खिलाफ न होने दे। पूरी दुनिया ये भी जानती है कि भारत शेष पेज 5 पर

### भारत के जीरो टैरिफ के ऑफर के ट्रंप के दावे पर जयशंकर की दो टूक...

# भारत-अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता जारी है, परस्पर लाभकारी होना चाहिए समझौता



### गुरुवार को दोहा में ट्रंप ने अमेरिकी उत्पादों पर भारत के जीरो टैरिफ के ऑफर का ऐलान किया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कतर की राजधानी दोहा में भारत के अमेरिकी उत्पादों पर जीरो टैरिफ लगाने के ऑफर की घोषणा को लेकर विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर की गुरुवार को एक बेहद महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया सामने आई है। जिसमें उन्होंने साफ शब्दों में यह बताया कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत चल रही है। यह जटिल वार्ताएं हैं। जब तक सब कुछ तय नहीं हो जाता है। तब तक कुछ भी तय नहीं होता है। व्यापार सौदा परस्पर लाभप्रद होना चाहिए। इसे लेकर हमारी यही अपेक्षा भी है। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी व्यापार समझौता एकतरफा नहीं होता है। जब तक समझौता नहीं हो जाता। तब तक किसी प्रकार की बयानबाजी करना जल्दबाजी होगी। शेष पेज 5 पर

### भारत ने अनसुनी की पाक की गुहार...

# आतंकवाद के खात्मे तक 'स्थगित' रहेगा सिंधु जल समझौता: जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत ने पाकिस्तान की सिंधु जल समझौते को फिर से बहाल करने पर विचार करने की मांग को मानने से साफ इंकार कर दिया है। विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने गुरुवार को राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच सिंधु जल समझौता तक तक स्थगित रहेगा।

जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को पूरी तरह से खत्म नहीं करता। बीते दिनों पाकिस्तान के जल संसाधन मंत्रालय की तरफ से भारत के जल शक्ति मंत्रालय को सिंधु जल समझौते के संबंध में एक पत्र भेजा गया था। जिसमें भारत के निर्णय को एकतरफा और अवैध बताया गया था। यहां बता दें कि पाकिस्तान समर्थित आतंकियों द्वारा पिछले महीने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर शेष पेज 5 पर

### भारत-पाकिस्तान के मामले द्विपक्षीय

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत के पाकिस्तान से संबंध और कोई भी अन्य कार्रवाई द्विपक्षीय ही है। इस पर बीते कई सालों से देश में आमराय बनी हुई है और अब तक उसमें कोई बदलाव नहीं आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी यह साफ कर दिया है कि पाकिस्तान के साथ भविष्य में कभी भी बातचीत होने पर वह केवल आतंकवाद को लेकर होगी। वहीं, कश्मीर को लेकर पाकिस्तान के साथ होने वाली बातचीत में केवल यही बात अब बाकी बची है कि वो अवैध रूप से कब्जा किए हुए भारतीय भूभाग (पीओके) को खाली करे। हम इस पर पाकिस्तान के साथ बात करने के लिए तैयार हैं। साथ ही सरकार का रुख भी इस मामले पर बिलकुल साफ है।

### भारत ने 'ऑपरेशन दोस्त' के तहत तुर्की को सहायता की थी

# तुर्की बा तुर्की 8 हवाई अड्डों पर हैंडलिंग का काम संभाल रही तुर्की की कंपनी से केंद्र ने काम छीना

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्र की मोदी सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए तुर्की की कंपनी सेलेबी एविएशन की सुरक्षा मंजूरी (सिक्योरिटी क्लीयरेंस) तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी है। यह कंपनी मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोचीन, अहमदाबाद, गोवा, और चेन्नई जैसे प्रमुख हवाई अड्डों पर ग्राउंड हैंडलिंग, कार्गो मैनेजमेंट, पैसेंजर सर्विसेज, और लोड कंट्रोल जैसे संवेदनशील कार्यों को संभालती



थी। खास तौर पर, मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यह कंपनी लगभग 70 फीसदी ग्राउंड संचालन को नियंत्रित करती थी। जाहिर है अब भारतीय कंपनियों को काम मिलेगा।

इस निर्णय का मुख्य कारण तुर्की द्वारा पाकिस्तान को सैन्य समर्थन और आतंकवाद के प्रति उसका रुख माना जा रहा है, जिसे भारत ने गंभीरता से लिया है। फरवरी 2023 में तुर्की में आए भूकंप के दौरान भारत ने 'ऑपरेशन दोस्त' के तहत तुर्की को सहायता प्रदान की थी, लेकिन तुर्की ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारत-पाकिस्तान तनाव के दौरान पाकिस्तान का समर्थन किया। इस दौरान तुर्की द्वारा पाकिस्तान को सैन्य सहायता हथियार और तकनीक शेष पेज 5 पर

### 'ऑपरेशन सिंदूर' पर पार्टी लाइन से अलग राय रखी

# थरूर मगरूर, मगर कांग्रेस से बार बार अलग लाइन लेने पर आलाकमान क्या तोड़ेगा गुरूर!

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी में पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर को लेकर एक अनकही 'डिस्टेंस' दिखने लगी है। थरूर जो बोलें उनके कहे को मीमांसा पार्टी के अंदर तत्काल होती है।

इस बार भी हुई। उन्होंने भारत पाकिस्तान के बीच हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' पर पार्टी लाइन से अलग हटकर अपनी राय जतायी तो पार्टी के मुख्य प्रवक्त जयराम रमेश ने बिना देरी किये उसे खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि थरूर जो



कहते हैं वे व्यक्तिगत राय रखते हैं उससे पार्टी का कोई लेनादेना नहीं। जयराम रमेश ने थरूर के बयानों पर टिप्पणी की, जिसके बाद थरूर ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उससे पहले थरूर ने सरकार की ऑपरेशन सिंदूरकी तारीफ की और कहा कि भारत ने इस मामले को प्रभावी ढंग से संभाला। यह बयान कांग्रेस की उस रणनीति के खिलाफ था, जिसमें पार्टी सरकार की नीतियों की आलोचना करती रही है। थरूर ने कहा कि भारत, पाकिस्तान के साथ अपने द्विपक्षीय मुद्दों में कभी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा। यह बयान भारत की लंबे समय से चली आ रही नीति के अनुरूप था, लेकिन कांग्रेस ने इसे अपनी आधिकारिक राय से अलग माना। थरूर ने तुर्की के खिलाफ कार्रवाई शेष पेज 5 पर



### छतरपुर मेट्रो स्टेशन के पास दिया वारदात को अंजाम

# कार सवार युवक की दिनदहाड़े गोलियां बरसाकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



महरौली थाना अंतर्गत छतरपुर मेट्रो स्टेशन के पास बृहस्पतिवार दोपहर कार सवार पिता पुत्र पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई। घटना में पुत्र की कई गोलियां लगने से मौत हो गई है, जबकि पिता बाल बाल बच गया। मृतक युवक का नाम आया नगर फेज-3, फतेहपुर बेरी निवासी अरुण लोहिया (24) बताया गया है। पुलिस का कहना है कि पुरानी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया है। मृतक पर भी पहले से हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज था।

डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि सीडीआर चौक, महरौली पर दोपहर एक बजे यह वारदात तब हुई जब अरुण लोहिया पिता रामबीर लोहिया के साथ अपनी एसएयूवी कार में सवार थे। तभी अचानक एक काले रंग की स्कॉर्पियो पास में आकर रुकी। दो व्यक्ति ड्राइवर की खिड़की के पास पहुंचे और ड्राइवर पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई। हमले में गंभीर रूप से घायल अरुण को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। अरुण के पिता को कोई गोली नहीं लगी है। पुलिस को शुरुआती जांच में पता चला है कि अरुण और उसके पिता फतेहपुर बेरी थाने में दर्ज आईपीसी की धारा 307/34 (हत्या के प्रयास) के तहत एक मामले की सुनवाई से साकेत कोर्ट से वापस लौट रहे थे। उक्त केस में मृतक अरुण आरोपी था। जांच में पता चला कि पीड़ित और आरोपी एक ही गांव के रहने वाले हैं और एक-दूसरे को भली भांति जानते पहचानते हैं। डीसीपी चौहान ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कई टीमें जांच में लगाई गई है।

■ पुरानी रंजिश में वारदात : दिल्ली पुलिस

#### कई टीमें हमलावरों की तलाश में जुटी

पुलिस अधिकारी ने कहा कि घटना के बाद पुलिस ने पूरे इलाके को घेर लिया और कई टीमें मौके पर भेजी गई। आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार हमलावरों ने लोहिया पर कम से कम 10 राउंड गोलियां चलाई। पुलिस ने उन्हें तुरंत पास के अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। पुलिस जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कह रही है। पुलिस ने गैंगवार की घटना से साफ तौर पर इंकार किया है। दिनदहाड़े इस वारदात से आसपास के लोग सहमें हुये हैं और इलाके की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

# नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाले कॉल सेंटर का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ पसरगना व छह महिलाओं समेत 14 अरेस्ट

नई दिल्ली जिला पुलिस ने एक अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। इस कॉल सेंटर में बैठकर नौकरी के इच्छुक लोगों से ठगी की जा रही थी। इस सिलसिले में पूरे स्कैम के सरगना व छह महिलाओं समेत 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी लोगों को नौकरी के लिये प्रशिक्षण, डॉक्यूमेंटर वैरिफिकेशन और किट वितरण जैसी विभिन्न फर्जी प्रक्रियाओं के भुगतान के बहाने पैसा ऐंठते थे।

डीसीपी देवेश कुमार महला के अनुसार यह कार्रवाई एक महिला द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद की गई है। महिला ने चिकित्सा क्षेत्र में नौकरी की तलाश करते हुए जनवरी में शाइन.कॉम और नौकरी.कॉम पर अपनी जानकारियां अपलोड की थी। जनवरी माह के आखिर में उन्हें एक महिला का फोन आया जिसने खुद को प्रिया बताया और उसे नौकरी का प्रस्ताव दिया तथा 500 रुपये की राशि रजिस्ट्रेशन के लिये मांगी। पीड़ित महिला द्वारा धन राशि जमा कराने के बाद अतुल नाम के एक अन्य व्यक्ति ने उनसे संपर्क किया, जिसने टेलीफोन पर साक्षात्कार लिया और प्रशिक्षण के लिए 3,999 रुपये की मांग की। अगले कुछ दिनों में शिकायतकर्ता महिला से दस्तावेज सत्यापन के लिए 7,500 रुपये, कार्य किट भेजने के लिए 7,250 रुपये का अतिरिक्त भुगतान करने के लिए कहा गया। आखिर में उनसे वेतन वाले खाते की जांच के लिए 11,000 रुपये की मांग की गयी। महिला को संदेह हुआ और उसने आगे पैसे देने से इनकार कर दिया और ठगी का एहसास होने पर साइबर थाने में शिकायत दर्ज करवाई। संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। पुलिस को नोएडा के एक एटीएम में लगे सीसीटीवी फुटेज मिले, जिसमें एक नकाबपोश संदिग्ध व्यक्ति पीड़ित नकदी निकालते हुए दिखाई दिया। कॉल विवरण रिकॉर्ड और शाइन.कॉम के आईपी लॉग सहित तकनीकी निगरानी का उपयोग करते हुए पुलिस ने एक व्यक्ति तक पहुंची, जो संदिग्ध के प्रोफाइल से मेल खाता था। आगे की जांच से पता चला कि वह नोएडा के सेक्टर-3 की एक इमारत से काम कर रहा था। स्थानीय पुलिस की सहायता से दिल्ली पुलिस ने 14 मई को घटनास्थल पर छापा मारा, जिसके बाद फाहिक सिद्दीकी के साथ छह अन्य पुरुषों और छह महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि सिद्दीकी ने अपना अपराध कबूल कर लिया। दूसरे आरोपी मोहित कुमार को लक्ष्मी नगर मेट्रो स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आठ लैपटॉप, 47 मोबाइल फोन, 57 सिम कार्ड, 15 डेबिट कार्ड, दो वाई-फाई डोंगल और 1,31,500 रुपये नकद जब्त किए।


**संबद्ध कार्य**

**ई-निविदा सूचना सं. N-2025-26-TSK-NIT-03, दिनांक: 10-05-2025** । निम्नलिखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्र.सं. 1. ई-निविदा सं.:** N-2025-26-TSK-T-03 । **कार्य का संक्षिप्त विवरण:**- तिनसुकिया मंडल के विभिन्न स्थानों पर दो वर्षों की अवधि के लिए अमरराजा मेक आईपीएस की विश्वसनीयता में सुधार के लिए संबंधित कार्य। निविदा मूल्य: ₹1,48,80,960/-; धरोहर राशि: ₹2,24,400/-। ई-निविदाएं 05-06-2025 को 15.00 बजे **बंद होंगी** और 05-06-2025 को 15.00 बजे के बाद **खुलेंगी**। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगी।

डीआरएम (एसएंडटी), तिनसुकिया

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# विदेश में छिपे गैंगस्टर गुरजंत सिंह गिरोह के आठ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ पकड़े गए बदमाशों में कुछ शूटर, मददगार और कुछ हथियार सप्लायर शामिल

क्राइम ब्रांच ने आस्ट्रेलिया में छिपे हरियाणा के गैंगस्टर गुरजंत सिंह उर्फ जनता के आठ सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। इनमें शूटर, मददगार और हथियार सप्लायर शामिल है। गत दिनों आनंद विहार में पांच करोड़ रुपये की रंगदारी देने से इनकार करने पर एक कारोबारी के घर के बाहर फायरिंग में इसी गिरोह का हाथ था।

एडिशनल सीपी संजय कुमार सेन के मुताबिक डीसीपी आईएससी आदित्य गौतम के नेतृत्व वाली एसीपी रमेश लांबा व इंस्पेक्टर सतेंद्र मोहन की टीम ने जिन आठ बदमाशों को गिरफ्तार किया है उनके नाम सुमित घनगस, राहुल घनगस, सौरव, आशीष, रोहित कुमार, राहुल कश्यप, प्रीतपाल व दीपक है। इनमें राहुल कश्यप व दीपक अंबाला व अन्य सभी पानीपत के रहने वाले हैं। गिरोह के दो सदस्यों ने आठ अप्रैल की रात आनंद विहार में कारोबारी के घर पर गोलियां चलाई थी। कारोबारी से मार्च में पांच करोड़ रंगदारी मांगी गई थी। विदेश के नंबर से कॉल की गई थी और मैसेज भेजे गए थे। जांच में पता चला कि एक मई को गुरजंत के निर्देश पर गिरोह का एक सदस्य हथियार और कारतूस की बड़ी खेप लेने चंडीगढ़ जा रहा है। उक्त सूचना पर दो मई की सुबह अलीपुर के जीटी रोड पर कैब सवार सुमित घनगस को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर 7.62 बोर के 45 कारतूस उसके पास से बरामद हुए। सुमित की निशानदेही पर करनाल के एक होटल में छापा मार आशीष, रोहित और राहुल को गिरफ्तार कर लिया गया। राहुल के कब्जे से एक पिस्टल व पांच कारतूस बरामद किए गए। आशीष से एक पिस्टल व तीन कारतूस व रोहित से पांच कारतूस बरामद हुये।

# डिजिटल अरेस्ट कर उगाही करने वाले अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ दो लोगों को किया गिरफ्तार

■ बुजुर्ग से की थी सवा दो करोड़ की धोखाधड़ी, पुलिस ने रकम वापस दिलवाई

स्पेशल सेल की आईएफएसओ यूनिट ने डिजिटल अरेस्ट स्कैम चलाने वाले एक अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके नेटवर्क में शामिल शेष लोगों का पता लगाने के पुलिस के प्रयास जारी है। पुलिस की तरफ से दावा किया गया कि एक 92 वर्षीय पीड़ित व्यक्ति को 2.2 करोड़ की धोखाधड़ी की रकम सफलतापूर्वक वापस दिलाई गई है।

पुलिस के अनुसार जिन दो संदिग्धों की गिरफ्तारी हुई है वे डिजिटल अरेस्ट स्कैम के संबंध में फर्जी बैंक खाते प्रदान करने, संभालने और उपयोग करने के लिए जिम्मेदार थे। आरोपी अपराध में शामिल पैसे को विदेशों में भेजने के लिए फर्जी बैंक खातों का संचालन कर रहे थे। दरअसल 15 मार्च को इसी साल एक 92 वर्षीय सेवानिवृत्त सर्जन द्वारा स्पेशल सेल की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) यूनिट में शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि 12 मार्च को उन्हें विभिन्न नंबरों से कई अवांछित कॉल आए। कॉल करने वालों ने भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) और महाराष्ट्र पुलिस के अधिकारियों के रूप में खुद को पेश किया और झूठा दावा किया कि पीड़ित के खिलाफ कई प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की गई हैं। पीड़ित को गिरफ्तारी की धमकी दी गई और बाद में वीडियो कॉल के माध्यम से डिजिटल अरेस्ट किया गया। उन्हें जाली अदालती आदेश दिखाए गए और एक ऐसी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए मजबूर किया गया जिसे आरोपियों ने आभासी सुनवाई कहा था, जो वास्तव में नकली और हेरफेर करने वाली घटनाओं की एक भारी श्रृंखला थी। इस प्रकार धोखेबाजों ने उन्हें अपनी सभी सावधि जमाओं को भुनाने और गंभीर कानूनी परिणामों और उनके परिवार को नुकसान की धमकी के तहत निर्दिष्ट तीन बैंक खातों में धनराशि हस्तांतरित करने के लिए फंसा लिया था। डिजिटल निगरानी के विस्तृत विश्लेषण के माध्यम से धोखाधड़ी वाले बैंक खातों का संचालन करने वाले आरोपियों की पहचान की गई। इसके बाद गाजियाबाद में छापा मारकर अमित शर्मा उर्फ राहुल नामक एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आगे की जांच के दौरान एक और आरोपी (खाता हैंडलर) हरी को गुवाहाटी, असम से गिरफ्तार किया गया।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नाम: **राजा, पुत्र: गिरि राज, निवासी: सी-375, करण पब्लिक स्कूल के पास, अमन विहार, दिल्ली** ने अपराध किया है **FIR No.817/2013 U/S 457/380/411/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना सुल्तानपुरी, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **राजा** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **राजा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.817/2013 U/S 457/380/411/34 IPC, थाना सुल्तानपुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **राजा** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **01.07.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार सुश्री सान्या दलाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-01,
उत्तर-पश्चिम जिला, कमरा नं. 102,
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/6057/OD/2025
(अदालती मामला)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **गिरेश दत्त पुत्र:** स्व. भगवान दास **पता:** ई-40 बाबा बालक नाथ मंदिर के पास शर्मा एन्क्लेव मुबारकपुर रोड दिल्ली, ने **FIR No. 181/13, U/s 471/420/406/468 IPC थाना: विकास पुरी दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गिरेश दत्त,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गिरेश दत्त,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 181/13, U/s 471/420/406/468 IPC थाना: विकास पुरी दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **गिरेश दत्त,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री ऋषभ कपूर
जेएमएफसी-05
द्वारका कोर्ट, दिल्ली

DP/6053/WD/2025
(Court Matter)


### उपराज्यपाल सक्सेना ने आस तो जगाई पर निर्धारित योजनाएं अभी भी अधर में

# मॉडल गांव कुतुब गढ़ का डीडीए खेल परिसर सुविधाओं से मीलों दूर

आनंद राणा ▶▶ नई दिल्ली

**बड़ी दिक्कतें**

- इंडोर कुश्ती बिल्डिंग ब्लॉक का निर्माण नहीं होने की वजह से बहुउद्देशीय हॉल में ही पसीना बहाने पर मजबूर पहलवान
- दिल्ली जल बोर्ड में पेयजल कनेक्शन का आवेदन किये डेढ़ साल हुआ पर कोई सुध नहीं
- महिला पहलवानों के लिए अभी तक नहीं बना प्रस्तावित इंडोर कुश्ती ब्लॉक
- कार एंव बाइक पार्किंग नहीं होने से रोज होती है असुविधा
- माली नहीं होने से सूख रहे पौधे,ग्राउंड में उग रही झाड़ियां

दिल्ली विकास प्राधिकरण के कुतुब गढ़ खेल परिसर के लिए निर्धारित योजनाएं प्रशासन की लापरवाही और अनदेखी की वजह से अधर में लटकी हुई हैं। इंडोर कुश्ती बिल्डिंग ब्लॉक का निर्माण नहीं होने की वजह से बहुउद्देशीय हॉल में ही कुश्ती के मेट डालकर काम चलाया जा रहा है। प्रस्तावित इंडोर बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण भी अभी तक नहीं हुआ है। कुछ साल पहले सांसद निधि से मैदान में लगाया गया ओपन जिम भी अब खराब होने लगा है। करीब डेढ़ साल पहले खेल परिसर के लिए दिल्ली जल बोर्ड में पेयजल कनेक्शन के लिए आवेदन किया गया था लेकिन अभी तक यह मामला फाइलों में ही अटका हुआ है। आरओ खराब पड़ा है और समर्सिबल का कच्चा पानी पीकर ही खिलाड़ी काम चला रहे हैं।

उत्तर-पश्चिम दिल्ली के बवाना विधानसभा के अंतर्गत कुतुब गढ़ गांव को जब कुछ साल पहले दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने मॉडल गांव बनाया तो ग्रामीणों ने यहां एक सुविधाओं से परिपूर्ण खेल स्टेडियम की मांग की थी। उपराज्यपाल का जब भी कुतुब गढ आगमन हुआ खेल परिसर के मैदान में ही प्रशासन ने संबोधन कार्यक्रम आयोजित किये। गांववासियों को उम्मीद थी कि कुतुब गढ़ और आसपास के गांवों के खिलाड़ियों और युवा बच्चों के लिए यहां एक बेहतरीन खेल स्टेडियम बनेगा लेकिन अब उनकी उम्मीदें टूट रही हैं।

गांववासियों का कहना है कि खेल परिसर में बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण कई साल पहले बवाना के तत्कालीन विधायक सुरेन्द्र कुमार के कार्यकाल में किया गया था। प्रपोज्ड प्लान में इंडोर कुश्ती बिल्डिंग ब्लॉक का निर्माण, इंडोर बैडमिंटन कोर्ट, कार एंव बाइक पार्किंग, फुटबॉल ग्राउंड, कबड्डी और वालीवॉल जैसे कई खेलों के लिए स्थान निर्धारित था। लेकिन कामचलाऊ तरीके से ही प्रशासन यहां खानापूर्ति किये हुए है।

उपराज्यपाल द्वारा मॉडल गांव बनाये जाने के बाद खेल परिसर की चारदिवारी हुई है। कुश्ती के मेट बहुउद्देशीय हॉल में डाल दिये गये हैं। लड़कियों के लिए भी यहां इंडोर रेसलिंग हॉल बनाया जाना था लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हो पाया है। नतीजा ये है कि कुश्ती में दिलचस्पी रखने वाली गांव की लड़कियां निराश हैं। विभिन्न खेलों के लिए कोच की कोई सुविधा नहीं है।

माली नहीं होने की वजह से फुटबॉल ग्राउंड में घास उग आई है। गोल पोस्ट के नाम पर मात्र एक सिरे पर लोहे के पाइप खड़े हैं। बताया गया कि पहले यहां दो माली थे लेकिन अब एक भी नहीं है। जल्द ही बरसात का मौसम शुरू होने वाला है, ऐसे में अगर यहां मालियों की नियुक्ति नहीं हुई तो पूरा खेल परिसर मैदान घास और कटीली झाड़ियों से भर जाएगा।

मैदान में लगा ओपन जिम भी अब दम तोड़ने लगा है। पूर्व सांसद हंस राज हंस के कार्यकाल में यहां ओपन जिम लगाया गया था। बच्चों, युवाओं और गांव की महिलाओं के लिए ओपन जिम व्यायाम के लिए काफी मददगार रहा पर अब कुछ महीने से ओपन जिम के कई उपकरण खराब होते जा रहे हैं। खेल परिसर में आने वाली स्थानीय महिलाओं ने नया ओपन जिम लगाने की मांग की है।

गर्मी के मौसम में खिलाड़ियों को पीने का पानी घर से लाना पड़ रहा है या फिर समर्सिबल का कच्चा पानी पीकर काम चलाना पड़ता है। आरओ सिस्टम खराब पड़ा है। खेल परिसर में पेयजल कनेक्शन के लिए दिल्ली जल बोर्ड में करीब डेढ़ साल पहले आवेदन किया गया था लेकिन अभी तक कनेक्शन नहीं मिल पाया है।

बहुउद्देशीय हॉल की खिड़कियों में सिर्फ स्लाइडिंग काच लगा हुआ है। खिड़कियों में लोहे की ग्रिल नहीं होने की वजह से चोरी का अंदेशा रहता है। बिल्डिंग की छत पर जाने के लिए सीढ़ियां नहीं है जिसकी वजह से पानी की टंकियों की सफाई नहीं हो पाती है।

कार एंव बाइक पार्किंग नहीं होने के चलते काफी दिक्कत यहां रहती है। खेल परिसर तक जाने वाला रास्ता काफी संकरा है। पार्किंग के लिए परिसर में जगह तो निर्धारित है पर अभी तक उबड खाबड पड़ी इस जगह पर कंक्रीट फर्श नहीं डाला गया है। परिसर के अंदर पश्चिम दिशा में दिवार के साथ मिट्टी का भराव किया जाना था लेकिन महीनों से यह कार्य भी लटका हुआ है।

### ओपन जिम तोड़ रहा दम और फुटबॉल ग्राउंड सिर्फ नाम का ग्राउंड







#### एलजी और मंत्री से उम्मीदें बहुत पर संशय भी!

कुतुब गढ़ वासियों ने उपराज्यपाल वी के सक्सेना और स्थानीय विधायक एवं दिल्ली सरकार में मंत्री रविन्द्र इंद्राज से गुहार लगाई है कि खेल परिसर में सभी निर्धारित सुविधाओं को उपलब्ध कराया जाए। हालांकि मॉडल गांव में खेल परिसर के नाम पर खानापूर्ति से लोगों में निराशा भी है। स्थानीय लोगों और खिलाड़ियों का कहना है कि खेल परिसर से संबंधित डीडीए के अधिकारियों का ढुलमुल रवैया भी परेशानियां बढ़ाने वाला है। बवाना के विधायक और दिल्ली सरकार में मंत्री रविन्द्र इंद्राज से भी गांववासियों ने खेल परिसर का दौरा करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि उपराज्यपाल वी के सक्सेना को डीडीए और संबंधित अन्य विभागों के अधिकारियों का सख्ती करनी चाहिए क्योंकि मॉडल गांव होने के बावजूद अधिकारी अपनी ड्यूटी गंभीरता से नहीं निभा रहे हैं। खेल परिसर में जो कार्य बहुत पहले पूरे हो जाने चाहिए थे वे फाइलों में ही अटके हुए हैं।


**पे एंड यूज -टॉयलेट्स और प्रतिक्षा हॉल प्रबंधन अनुबंध देने के लिए ई-नीलामी**

पे एंड यूज-टॉयलेट्स और लाउंजेज/प्रतिक्षा/विश्राम/क्लॉक रूम ठेका के लिए ई-नीलामी सूची। विवरण नीचे दिये गये हैं। **नीलामी सूची सं.:** PNU-RNY1-2025। **नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय (सभी लॉट): 26-05-2025** को **12:00** बजे। **नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय: 26-05-2025** को **14:10** बजे। **दर इकाई:** वार्षिक लाइसेंसिंग शुल्क। **क्र. सं.** एए/1 से एए/7 के लिए **फेरे/दिन: 1096, क्र. सं.** एबी/1 से एबी/4 के लिए **फेरे/दिन: 1826**।

| क्र. सं. | लॉट नं./कटेगरी | विवरण |
|---|---|---|
| एए/1 | पीएनयू-आरएनवाई-आरपीएएन-टीओआई-5-22-1 (पे एंड यूज -टॉयलेट्स) | रंगापाड़ा नॉर्थ स्टेशन के "पे एंड यूज टॉयलेट" अनुबंध के लिए 03 (तीन) वर्षों की अवधि के लिए लाइसेंस प्रदान करना। |
| एए/2 | पीएनयू-आरएनवाई-बीपीआरडी-टीओआई-35-24-1 (पे एंड यूज -टॉयलेट्स) | लाइसेंसधारी की लागत पर 03 (तीन) वर्षों की अवधि के लिए बरपेटा रोड (बीपीआरडी) स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 2 पर पे एंड यूज टॉयलेट का संचालन और प्रबंधन अनुबंध। |
| एए/3 | पीएनयू-आरएनवाई-एनएमएम-टीओआई-7-22-2 (पे एंड यूज -टॉयलेट्स) | न्यू मिसामारी स्टेशन के पे एंड यूज टॉयलेट अनुबंध के लिए 03 (तीन) वर्षों की अवधि के लिए लाइसेंस प्रदान करना। |
| एए/4 | पीएनयू-आरएनवाई-बीपीआरडी-टीओआई-27-23-1 (पे एंड यूज -टॉयलेट्स) | लाइसेंसधारी की लागत पर रंगिया मंडल रेलवे बरपेटा रोड स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 1 में 03 (तीन) वर्षों की अवधि के लिए द्वितीय श्रेणी प्रतिक्षा हॉल के पे एंड यूज टॉयलेट का संचालन और प्रबंधन अनुबंध। |
| एए/5 | पीएनयू-आरएनवाई-जीवीआर-टीओआई-34-24-2 (पे एंड यूज -टॉयलेट्स) | लाइसेंसधारी की लागत पर 03 (तीन) वर्षों की अवधि के लिए रंगिया मंडल पू. सी रेल के गोरेश्वर (जीवीआर) स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 1 पर पे एंड यूज टॉयलेट का संचालन और प्रबंधन अनुबंध। |
| एए/6 | पीएनयू-आरएनवाई-बीजेएफ-टीओआई-4-23-1 (पे एंड यूज -टॉयलेट्स) | बिजनी स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 1 पर 03 (तीन) वर्षों की अवधि के लिए पे एंड यूज टॉयलेट अनुबंध के लिए लाइसेंस प्रदान करना। |
| एए/7 | पीएनयू-आरएनवाई-एनएचएलएन-टीओआई-18-23-1 (पे एंड यूज टॉयलेट्स) | नाहरलागुन रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 1 पर 03 (तीन) वर्षों की अवधि के लिए पे एंड यूज टॉयलेट का संचालन और प्रबंधन अनुबंध। |
| एबी/1 | पीएनयू-आरएनवाई-एनबीक्यू-डब्ल्यूआरएल-30-24-2 (पे एंड यूज -लाउंजेज/प्रतिक्षा/विश्राम/क्लॉक रूम्स) | 05 (पांच) वर्षों की अवधि के लिए न्यू बंगाईगांव रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 1 पर आधुनिक सुविधाओं, जैसे बहुउद्देशीय स्टॉल और पर्यटक कियोस्क जैसी सुविधाओं के साथ पीएफ नं. 1 पर पुरुष और महिला दोनों वातानुकुलित प्रतिक्षा कक्ष और पूछताछ काउंटर के सामने नयी बिल्डिंग में एक वातानुकुलित प्रतिक्षा कक्ष का उन्नयन, रखरखाव और मैनिंग के काम के लिए निविदा। |
| एबी/2 | पीएनयू-आरएनवाई-आरएनवाई-डब्ल्यूआरएल-32-24-1 (पे एंड यूज -लाउंजेज/प्रतिक्षा/विश्राम/क्लॉक रूम्स) | लाइसेंसधारी की लागत पर 5 वर्षों की अवधि के लिए रंगिया मंडल पू. सी. रेल के रंगिया स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 1 पर क्लॉक रूम के संचालन और प्रबंधन के लिए अनुबंध। |
| एबी/3 | पीएनयू-आरएनवाई-एनबीक्यू-डब्ल्यूआरएल-33-24-1 (पे एंड यूज -लाउंजेज/प्रतिक्षा/विश्राम/क्लॉक रूम्स) | लाइसेंसधारी की लागत पर 5 वर्षों की अवधि के लिए रंगिया मंडल, पू. सी. रेल के न्यू बंगाईगांव स्टेशन के क्लॉक रूम परिचालन क्षेत्र में संचालन और प्रबंधन के लिए अनुबंध। |
| एबी/4 | पीएनयू-आरएनवाई-बीपीआरडी-डब्ल्यूआरएल-14-22-1 (पे एंड यूज -लाउंजेज/प्रतिक्षा/विश्राम/क्लॉक रूम्स) | बरपेटा रोड स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर स्थित वातानुकूलित प्रतिक्षा कक्ष का 05 वर्षों की अवधि के लिए रखरखाव और मैनिंग। |

ई-नीलामी सूची रेलवे वेबसाइट के ई-नीलामी मॉड्यूल अर्थात www.ireps.gov.in में पहले ही प्रकाशित हो गया है।

मंडल रेल प्रबंधक (सी), रंगिया

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया 111 गांवों में पीएनजी गैस सुविधा का शुभारंभ

# पीएनजी की शुरुआत केवल एक तकनीकी परियोजना नहीं बल्कि एक उज्ज्वल भविष्य की ठोस नींव है : सक्सेना

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली।

दिल्ली के पर्यावरण को स्वच्छ और टिकाऊ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गुरुवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) द्वारा दिल्ली के 111 गांवों में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) सुविधा का विधिवत शुभारंभ किया। यह आयोजन द्वारका स्थित गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के सभागार में संपन्न किया गया। इस अवसर पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने बताया कि गुरुवार को आईजीएल द्वारा दिल्ली के 111 गांवों में पीएनजी की शुरुआत केवल एक तकनीकी परियोजना नहीं, बल्कि एक उज्ज्वल और स्वच्छ भविष्य की ठोस नींव है। यह पहल न सिर्फ ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ, सुरक्षित और सस्ती ऊर्जा से जोड़ती है, बल्कि दिल्ली को एक पर्यावरण-अनुकूल और टिकाऊ राजधानी के रूप में आगे ले जाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। यह कार्य 'दिल्ली ग्रामोदय अभियान' की भावना के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य गांवों को भी शहरी स्तर की बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित कर, समग्र और संतुलित विकास सुनिश्चित करना है।




### इस साल के अंत तक दिल्ली के सभी गांवों में पाइप लाइन से पहुंचेगी पीएनजी : रेखा गुप्ता

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि दिल्ली के गांवों को प्रदूषण से बचाने और वहां हरित ऊर्जा की क्रांति लाने के लिए सभी गांवों को पीएनजी पाइप लाइन से जोड़ा जा रहा है। इस कड़ी में बचे 116 गांवों को भी इस साल के अंत तक पीएनजी से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। ताकि वहां के निवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक ईंधन मिल सके। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद, समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इन्द्रराज सिंह, सांसद रामबीर सिंह बिधूड़ी, योगेंद्र चंदोलिया, कमलजीत सहरावत ,मुख्य सचिव धमेंद्र सहित और अन्य वरिष्ठ अधिकारी व बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे। सीएम ने कहा कि पहले चरण में 130 गांवों को जोड़ा गया और अब दूसरे चरण में 111 गांवों में पाइपलाइन पहुंच चुकी है। मुख्यमंत्री ने इस अभूतपूर्व कार्य के लिए आईजीएल को बधाई दी, जिन्होंने 13 हजार किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाकर दिल्ली के हर कोने को हरित ऊर्जा से जोड़ा है।

### आज का दौर आरोप-प्रत्यारोप का नहीं, बल्कि निरंतर कार्य और ठोस परिणामों का है

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि आज का दौर केवल आरोप-प्रत्यारोप का नहीं, बल्कि निरंतर कार्य और ठोस परिणामों का है। अब हर दिन कोई नया कार्य शुरू होता है, कोई नई परियोजना उद्घाटित होती है, और नीतियों का क्रियान्वयन धरातल पर दिखाई देता है। यही हमारी 'डबल इंजन' की सरकार की विशेषता है, जहां केंद्र और दिल्ली सरकार मिलकर, एक ही मंच पर, सौहार्द और समन्वय के साथ जनता को उनका हक सौंपते हैं। दिल्ली को स्मार्ट, स्वच्छ और सस्टेनेबल शहर बनाने के लिए सरकार के सामने एक बड़ा विज़न है। इस विज़न के तहत जो कार्य किए जा रहे हैं, वे सिर्फ बुनियादी विकास नहीं, बल्कि हरित क्रांति की ओर बढ़ते दिल्ली संकल्प के भाग हैं, जो आने वाले वर्षों में दिल्ली की पहचान को ही बदल देंगे।

### व्यापारियों के हित में जल्द किया जाए 'ट्रेड वेलफेयर बोर्ड' का गठन : मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली में व्यापारियों के हितों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए एक ट्रेड वेलफेयर बोर्ड का गठन जल्द से जल्द किया जाए। इस बात के निर्देश गुरुवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उद्योग विभाग के अधिकारियों को दिए। गौरतलब है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज दिल्ली के उद्योग विभाग के अधिकारियों साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस बैठक में दिल्ली को वैश्विक निवेश और अत्याधुनिक तकनीकों का केंद्र बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में उद्योग विभाग के अधिकारियों के साथ कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद थे। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में व्यापारियों के हितों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए एक ट्रेड वेलफेयर बोर्ड के जल्द से जल्द गठन करने के निर्देश दिए गए है। यह बोर्ड व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान करेगा, उनके लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू करेगा और व्यापार को सुगम बनाने के लिए नीतिगत सुधारों को बढ़ावा देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार व्यापारियों और उद्योगपतियों को सुविधा देने वाली, पारदर्शी और जनोन्मुखी नीतियां बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य दिल्ली को न केवल भारत का, बल्कि विश्व का एक प्रमुख औद्योगिक और व्यापारिक केंद्र बनाना है। इसके लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे। सीएम ने नई औद्योगिक नीति और न्यू वेयरहाउस पॉलिसी को जल्द लाने के दिए निर्देश बैठक में मुख्यमंत्री ने नई औद्योगिक नीति और न्यू वेयरहाउस पॉलिसी को जल्द लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इन नीतियों का उद्देश्य दिल्ली में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देना, लॉजिस्टिक्स को सुधारना और निवेश के लिए अनुकूल माहौल बनाना है। नई नीतियां विशेष रूप से छोटे और मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहन देंगी और आधुनिक तकनीकों को अपनाने में सहायता प्रदान करेंगी।

### दिल्ली में बिजली और पानी का संकट गहराया

**नई दिल्ली।** दिल्ली में भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती और पानी की भारी किल्लत को लेकर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को एक ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल हस्तक्षेप कर आवश्यक कदम उठाने की मांग की। दिल्ली कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि दिल्ली के कई क्षेत्रों में घंटों तक बिजली गायब रहती है, जिससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। यहां तक कि पॉश इलाकों में भी नियमित बिजली आपूर्ति नहीं हो रही है, जो प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है। इस बारे में डॉ. नरेश ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने उपराज्यपाल से कई मांगें की हैं। जिनमें बिजली और पानी की आपूर्ति की वर्तमान स्थिति की उच्चस्तरीय जांच कराना, संबंधित विभागों को नियमित और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश देना,जल बोर्ड और बिजली विभाग की कार्यप्रणाली की समीक्षा कर जवाबदेही तय करना और उपराज्यपाल स्वयं इस गंभीर विषय पर तत्काल हस्तक्षेप कर समाधान सुनिश्चित करना शामिल है। डॉ. नरेश ने आशा जताई कि उपराज्यपाल जनहित में इस संकट पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करेंगे।

## खबर संक्षेप

### अगले आदेश तक मोहल्ला क्लीनिक के कर्मियों की सेवाएं रहेंगी जारी : पंकज सिंह

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि मोहल्ला क्लीनिक में काम करने वाले चिकित्सकों और कर्मचारियों की सेवाएं अगले आदेश तक जारी रहेंगी। सिंह ने बताया कि दिल्ली सरकार जल्द ही यहां आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के संचालन के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करेगी और जब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, तब तक सभी मौजूदा कर्मचारी अपनी सेवाएं देते रहेंगे। आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) के संचालन के संदर्भ में कहा गया कि मोहल्ला क्लीनिक के चिकित्सकों और कर्मचारियों को समिति से हटाने से पहले पर्याप्त सूचना दी जाएगी।

### ओएनडीसी नेटवर्क से जुड़ने वाली पहली कंपनी बनी डीएमआरसी, मेट्रो टिकटिंग की सुविधा

**नई दिल्ली।** यात्रियों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं देने की कवायद में एक और कदम बढ़ाते हुए दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी)संग आगे बढ़े है। इस बारे में डीएमआरसी ने बताया कि दिल्ली मेट्रो ओएनडीसी नेटवर्क से जुड़ गई है, जिससे 10 से ज़्यादा लोकप्रिय ऐप पर मेट्रो टिकटिंग की सुविधा मिलेगी। शहरी गतिशीलता के लिए ओपन डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम साबित होगा। इस अवसर पर डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार ने कहा कि ओएनडीसी के साथ यह साझेदारी मेट्रो यात्रा को सरल बनाने और इसे उन डिजिटल स्थानों में लाने के हमारे प्रयास का हिस्सा है, जिनका लोग पहले से ही हर दिन उपयोग करते हैं।

### दिल्ली से 2028 तक डायनासोर की तरह लुप्त हो जाएंगे सभी कूड़े के पहाड़ः सिरसा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण एवं वन मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने एक बार पुन दावा किया है कि दिल्ली से 2028 तक डायनासोर की तरह सभी कूड़े के पहाड़ लुप्त हो जाएंगे। उन्होंने दावा किया रेखा गुप्ता सरकार दिल्ली की जनता से वादा करती हैं कि जिस प्रकार से दुनिया से डायनासोर विलुप्त हुए थे उसी प्रकार दिल्ली से कूड़े के पहाड़ लुप्त हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसमें सरकार का दिसंबर 2025 तक ओखला लैंडफिल साइट को खत्म करने का लक्ष्य है। सिरसा ने कहा कि दिल्ली के कूड़े के पहाड़ पूर्व की आपदा (आप) सरकार की देन है।

### आप ने एमसीडी को भेजा प्रस्ताव, यूजर चार्ज वापस ले भाजपा, पहले एमसीडी डोर-टू-डोर कूड़ा उठाए

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने एमसीडी को प्रस्ताव भेजा है कि यूजर चार्ज वापस लिया जाए। नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने कहा है कि सबसे पहले एमसीडी डोर-टू-डोर कूड़ा उठाए उसके बाद रिहायशी-व्यवसायिक प्रॉपटी पर यूजर चार्ज लगाए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासित एमसीडी में मेगा सफाई अभियान चलने पर भी दिल्ली की सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई है। जबकि दिल्ली के लोग परेशान है प्रॉपर्टी टैक्स से कहीं ज्यादा यूजर चार्ज देना पड़ रहा है। नारंग ने कहा कि महापोर राजा इकबाल के आश्वासन के बावजूद भी एमसीडी ने यूजर चार्ज को वापस नहीं लिया है। नारंग ने बताया कि इसलिए हमने यूजर चार्ज वापस लेने की मांग को लेकर एक प्रस्ताव एमसीडी को भेजा है।

### प्रदूषण के कारण दिल्ली फिर बनी गैस चैंबर, बीजेपी के दावे फिर निकले हवा हवाईः यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा है कि एक बार फिर दिल्ली गैस चैंबर बन रही है। जबकि भाजपा की ट्रिपल सरकार दावा कर रही थी कि राजधानी में वायु प्रदूषण नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के बाद वर्तमान भाजपा की सरकार भी दिल्ली में प्रदूषण के प्रकोप को रोकने में बुरी तरह नाकाम साबित हो रही है। यह हालात तो तब है जब पिछले कई दिनों एक दो दिन छोड़ दें तो दिल्ली में बारिश या बौछारे होती रही है। यादव ने कहा कि गत दो दिन से प्रदूषण खतरनाक स्तर पर आंका गया है, जबकि न तो पराली जलाई जा रही है और न सर्दी का मौसम है। हवा में पीएम 2.5 तत्व बढ़ने से एक्यूआई 340 तक पहुंच गया है, जिससे दिल्लीवालों की स्वास्थ्य समस्या बढ़ने वाली है।

### इथियोपियाई प्रतिनिधिमंडल ने किया दिल्ली विधानसभा का दौरा

**नई दिल्ली।** इथियोपिया का 41 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को दिल्ली विधानसभा का दौरा किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और विशेष संवाद करते हुए विधानसभा की कार्यप्रणाली, ऐतिहासिक विरासत एवं प्रौद्योगिकी आधारित नवाचारों की जानकारी दी। यह प्रतिनिधिमंडल 12 से 17 मई, 2025 तक राष्ट्रीय सुशासन केंद्र (एनसीजीजी) द्वारा आयोजित 'एक साप्ताहिक कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम' के अंतर्गत भारत यात्रा पर है।

### तीन युवकों को चाकू घोंपा, एक की मौत

**नई दिल्ली।** पश्चिम विहार इलाके के ज्वालापुरी कैंप में बुधवार आधी रात के आसपास एक नाबालिग समेत तीन युवकों को चाकू मारे गये। घायल एक युवक ने गुरुवार को संजय गांधी अस्पताल में दम तोड़ दिया। दो अन्य घायलों का रोहतक रोड स्थित पुष्पांजलि अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस का कहना है कि संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। आरोपियों को जल्द पकड़ लिया जाएगा।




## खबर संक्षेप

### युवक को झांसे में लेकर लगाई हजारों की चपत

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में जालसाजों ने एक युवक को झांसे में लेकर वाट्सएप पर



लिंक भेजकर 61,047 रुपए की चपत लगा दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में बिहार के नालंदा निवासी निकेश कुमार ने कहा कि वह मानेसर के नाहरपुर में किराए पर रहता है। बीती एक मार्च को उसके पास एक कॉल आई। जिसमें निकेश को बातों में उलझा लिया और उसके वाट्सएप पर एक लिंक भेजा गया।

### तोड़फोड़ के मामले में दो आरोपियों को दबोचा

**फरीदाबाद।** घर में घुसकर तोड़फोड़ करने और बाइक को



आग लगाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दीपक निवासी शेरपुर ने पुलिस थाना भूपानी में शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि उसके पडोसियों के बीच 30 अप्रैल को लड़ाई झगड़ा हो रहा था जिसमें उसने बीच बचाव करवाया था। जिसके के लिए उसका पडोसी राधेश्याम व उसका परिवार उससे रंजिश रखने लगा।

### अवैध हथियार उपलब्ध करवाने वाले गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर



65 की टीम ने एक वाहन चोर को मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवीर निवासी जीवन नगर पार्ट-2 फरीदाबाद ने पुलिस चौकी सेक्टर 55 फरीदाबाद में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि वह 25 मार्च को रावल बाल शिक्षा सेक्टर 56 में गया था शिकायत पर थाना सेक्टर 58 में चोरी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया। बताया कि आरोपी जमशेद निवासी गांव उटावड, इस्लामवादी मोहल्ला जिला पलवल को कैली बाईपास मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है।

स्टील स्पैन को सफलतापूर्वक स्थापित किया गया

# सराय काले खां स्टेशन से जंगपुरा स्टेबलिंग यार्ड को जोड़ने के लिए बारापुला फ्लाईओवर पर स्थापित किया स्टील स्पैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|गाजियाबाद

एनसीआरटीसी ने दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर सराय काले खां स्टेशन को जंगपुरा स्टेबलिंग यार्ड से कनेक्ट करने के लिए बनाए जा रहे वायडक्ट के लिए बारापुला फ्लाईओवर पर 200 टन वजनी 4 गर्डर वाले स्टील स्पैन को सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया है। एनसीआरटीसी की टीम ने इस प्रक्रिया को प्रशासन, लोक निर्माण विभाग और ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से पूर्ण किया, जिसके लिए एनसीआरटीसी द्वारा सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई और उत्कृष्ट समन्वय के साथ इस कार्य को पूर्ण किया गया।

एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि नमो भारत कॉरिडोर पर चलने वाली ट्रेनों को खड़ा करने के लिए सराय काले खां स्टेशन से कुछ ही दूरी पर जंगपुरा स्टेबलिंग यार्ड बनाया जा रहा है, जिसके लिए सराय काले खां स्टेशन से वायडक्ट का निर्माण किया जा रहा है। नमो भारत कॉरिडोर के एलिवेटेड सेक्शन में वायाडक्ट के निर्माण के लिए एनसीआरटीसी आमतौर पर औसतन 34 मीटर की दूरी पर पिलर निर्माण करता है। हालांकि, कुछ जटिल क्षेत्रों में जहां कॉरिडोर नदियों, पुलों, रेल क्रॉसिंग, मेट्रो कॉरिडोर, एक्सप्रेस-वे या ऐसे अन्य मौजूदा ढांचों को पार कर रहा है, वहां पिलर्स के बीच इस दूरी को बनाए रखना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं होता, इसलिए ऐसी जगहों पर पिलर्स के बीच की दूरी को आवश्यकतानुसार बढ़ाया जाता है और ऐसे क्षेत्रों में वायडक्ट निर्माण हेतु पिलर्स को जोड़ने के लिए स्पेशल स्पैन का



उपयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस लोकेशन पर भूतल पर एक नाला बह रहा है, जिसके समानांतर बारापुला फ्लाईओवर स्थित है। यहाँ नमो भारत कॉरिडोर नाले और बारापुला फ्लाईओवर दोनों को एक ही जगह पर पार कर रहा है। इसी को पार करने के लिए 4 गर्डर वाला स्टील स्पैन बनाया गया है। इन स्टील गर्डर्स की लंबाई 40 मीटर (प्रत्येक) है और वजन 50 टन (प्रत्येक) है। इन 4 स्टील गर्डर्स को 2 स्टेज लिफ्टिंग प्रक्रिया के जरिए उच्च क्षमता वाली 3 क्रेन्स की मदद से स्थापित किया गया। यह एक बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य था, जिसे टीम ने रात के समय निरंतर प्रयास से पूर्ण किया। नीचे बहता नाला और उसके ऊपर बारापुला फ्लाईओवर होने की वजह से यहां पर स्टील स्पैन्स को क्रेन से उठाकर सीधा निर्धारित पिलर्स पर रखना था, इसलिए यहां बारापुला फ्लाईओवर की एक साइड में दो क्रेनों की मदद से स्टील गर्डर्स को एक-एक करके जमीन से उठाकर पहले बारापुला फ्लाईओवर पर बनी सड़क पर रखा गया। इसके बाद फ्लाईओवर के दोनों ओर खड़ी क्रेनों की मदद से गर्डरों का एक-एक सिरा दोनों तरफ से उठाकर निर्धारित पिलर्स पर एक-एक करके स्थापित किया गया।

प्रस्तावित समस्त कार्य निर्धारित विशिष्टियों एवं मानकानुसार निर्धारित अवधि में पूर्ण कराए: जिलाधिकारी

# विधायक व जिलाधिकारी ने किया ऐतिहासिक पीठ दूधेश्वर नाथ मंदिर के विकास कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶|गाजियाबाद

श्री दूधेश्वरनाथ मंदिर में चल रहे विकास कार्यों का विधायक सदर संजीव शर्मा, जिलाधिकारी दीपक मीणा, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक व जीडीए सचिव राजेश सिंह ने गुरुवार को निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को मंदिर के कार्यों को समय सीमा व गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मल्टीपरपज हॉल की स्लैब की शटरिंग का कार्य व मंदिर के मुख्य द्वार पर पत्थर की क्लेडिंग का कार्य प्रगति पर पाया गया। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने निर्देश दिए कि मंदिर परिसर में प्रस्तावित समस्त कार्य निर्धारित विशिष्टियों एवं मानकानुसार निर्धारित अवधि में पूर्ण कराए जायें। कार्य को तीव्र प्रगति से पूर्ण कराया जाए एवं संपादित कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित किए जाने की उचित व्यवस्था की जाए।



**गणमान्य लोग उपस्थित रहे**

निरीक्षण व बैठक के दौरान एडीएम सिटी गंभीर सिंह, अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार, एसडीएम सदर अरूण दीक्षित, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित जिला प्रशासन, जीडीए, नगर निगम, पर्यटन विभाग, कार्यदायी संस्था के अधिकारी,कर्मचारीगण व मंदिर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**मंदिर प्रांगण में बैठक हुई**

इस दौरान वर्तमान एवं आगामी कार्ययोजनाओं के बारे में विधायक सदर संजीव शर्मा, श्रीमहन्त नारायण गिरि जी महाराज सहित सभी विभागीय उच्च अधिकारियों के साथ मंदिर प्रांगण में बैठक की गई। पर्यटन अधिकारी सुरेश रावत व कार्यदायी संस्था के अधिशसी अभियन्ता जेके शर्मा ने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा इस योजना के लिए 552.25 लाख रुपए स्वीकृत किए गए जिसके क्रम में कार्यदायी संस्था यू पी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। उन्होने बताया कि परियोजना की स्वीकृत लागत के सापेक्ष मंदिर के मुख्य द्वार, मल्टीपरपज हॉल, म्यूरल वर्क एवं श्रद्धालुओं हेतु टॉयलेट ब्लाक, बैठने हेतु बेन्चेस व लाईट की व्यवस्था के कार्य कराए जाने प्रस्तावित हैं।

सफलता पर सशस्त्र बलों का सम्मान का उद्देश्य

# मानेसर में भाजपा की तिरंगा यात्रा आज, राव इंद्रजीत करेंगे अगुवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶|गुरुग्राम



देशभक्ति के संदेश के साथ सशस्त्र बलों के सम्मान में गुरुग्राम जिला के मानेसर में शुक्रवार की सुबह तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन, योजना राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राव इंद्रजीत सिंह आईएमटी चौक, मानेसर से यात्रा की अगुवाई करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारतीय सेना द्वारा हाल ही में किए गए ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकियों के खिलाफ सफल कार्रवाई की गई है। सेना के इस अद्भुत पराक्रम और शौर्य को सम्मान देने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी लोकसभा क्षेत्रों और जिला स्तर पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में अगले 11 दिनों तक तिरंगा यात्रा आयोजित की जा रही है। गुरुग्राम जिला में यात्रा के लिए निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 16 मई को मानेसर, 17 मई को बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र तथा 18 मई को गुरुग्राम विधानसभा क्षेत्र में तिरंगा यात्रा का आयोजन होगा। केंद्रीय राज्य मंत्री शुक्रवार को मानेसर में आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा की अगुवाई करेंगे। इस यात्रा में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, युवा व अन्य गणमान्य व्यक्ति भागीदारी करेंगे, ताकि राष्ट्र की एकता व अखंडता का संदेश घर-घर पहुंच सके।

# मुख्यमंत्री उड़न दस्ता ने ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई कर जुर्माना लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶|फरीदाबाद

मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद ने गुप्त सूचना के आधार पर गुरुग्राम की तरफ से जिला फरीदाबाद के पाली क्रेशन जोन में क्रेशर जोन से फरीदाबाद व नोयडा की तरफ काफी वाहन क्षमता से अधिक भार लादकर लाते है जिससे अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है तथा सड़क को भी नुकसान होता है। यदि संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारियों के साथ इस प्रकार के वाहनों को अचानक चैक किया जाए तो काफी ओवरलोड वाहन काबू आ सकते है जिन पर भारी जुर्माना भी किया जा सकता है। उपरोक्त सूचना के आधार पर मुख्यमंत्री उडन दस्ता द्वारा हर्ष कुमार आरटीए स्टॉफ फरीदाबाद की टीम के साथ संयुक्त रूप से गुरुग्राम फरीदाबाद रोड व सूरजकुंड रोड पर ओवरलोड वाहनों की चैकिंग की गई। इस दौरान 9 ओवरलोड वाहनों को काबू किया गया। जिनमे क्षमता से अधिक वजन लदा हुआ मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद द्वारा जिला फरीदाबाद में ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही करते हुए कराया जुर्माना। मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गुरुग्राम की तरफ से जिला फरीदाबाद के पाली क्रेशन जोन में क्रेशर जोन से फरीदाबाद व नोयडा की तरफ काफी वाहन क्षमता से अधिक भार लादकर लाते है जिससे अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है तथा सड़क को भी नुकसान होता है। यदि संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारियों के साथ इस प्रकार के वाहनों को अचानक चैक किया जाए तो काफी ओवरलोड वाहन काबू आ सकते है जिन पर भारी जुर्माना भी किया जा सकता है। आधार पर मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद द्वारा हर्ष कुमार आरटीए स्टॉफ फरीदाबाद की टीम के साथ संयुक्त रूप से गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड व सूरजकुंड रोड पर ओवरलोड वाहनों की चैकिंग की गई। इस दौरान 9 ओवरलोड वाहनों को काबू किया गया।

# दस दिन की बच्ची को सड़क पर लावारिस छोड़ गई कलयुगी मां

हरिभूमि न्यूज ▶▶|गुरुग्राम

सोहना सिटी एरिया में एक कलयुगी मां द्वारा 10 दिन की बच्ची को सड़क किनारे छोड़ने का मामला सामने आया है। कार सवार ने देर रात को जब बच्ची को सड़क किनारे पड़ा देखा तो उसने बच्ची को उठाकर अस्पताल में भर्ती कराया। इसकी सूचना सोहना सिटी थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, मूल रूप से नूंह के गांव जग्गूदीन ने बताया कि वह 13 मई की देर रात को अपनी पत्नी के साथ नूंह से सोहना जा रहा था। रेलवे लाइन पार करने के बाद उसने गांव रायपुर के पास देखा कि सड़क किनारे सफेद कपड़ा पड़ा है। इस पर उसने अपनी गाड़ी रोक दी और कपड़ा हटाकर देखा तो उसमें 10 दिन की बच्ची सो रही थी। इस पर उसने आसपास उसके परिजनों को तलाश किया, लेकिन कोई नहीं मिला। ऐसे में वह बच्ची को लेकर सोहना सरकारी अस्पताल में आ गया और उसे भर्ती कराया।


**तिनसुकिया मंडल में अभियांत्रिकी कार्य**

निविदा सूचना संख्या : TSK/Engg/14 of 2025, दिनांक: 12-05-2025; निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। आइटम नं.1; आइटम का संक्षिप्त विवरण : तिनसुकिया मंडल में - डिब्रुगढ़ टाउन से तिनसुकिया यार्ड तक यार्ड सुधार - 8 संख्या। निविदा मूल्य: ₹5,18,31,935/-; अग्रिम राशि: ₹4,09,200/-; आइटम नं.2; आइटम का संक्षिप्त विवरण : तिनसुकिया मंडल में - एसएसई/पी.वे/मार्घेरिटा/आईसी के अंतर्गत मार्घेरिटा यार्ड और डिगबोई यार्ड में त्रुटिपूर्ण लेआउट के सुधार सुधार के संबंध में पी. वे कार्य। निविदा मूल्य:₹1,34,43,573/-; अग्रिम राशि: ₹2,17,200/-; आइटम नं.3; आइटम का संक्षिप्त विवरण : मार्घेरिटा यार्ड और डिगबोई यार्ड में त्रुटिपूर्ण लेआउट के सुधार से जुड़े मार्घेरिटा स्टेशन यार्ड और डिगबोई स्टेशन यार्ड में विकास कार्य। निविदा मूल्य:₹1,27,52,434/-; अग्रिम राशि: ₹2,13,800/-; उपरोक्त निविदा के बंद करने की तिथि और समय 02-06-2025 को 15:00 बजे और खोलने की 02-06-2025 को 16:00 बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 02-06-2025 के 15:00 बजे तक उपलब्ध होगी।

डीआरएम (डब्ल्यू), तिनसुकिया

पूर्वोत्तर सीमा रेल

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


अवैध यूनिपोल को लेकर निगम की बड़ी कार्रवाई

# ननि ने फीस बकाया होने पर 26 यूनिपोल पर लगे होर्डिंग हटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶|गुरुग्राम

नगर निगम गुरुग्राम ने अवैध विज्ञापनों के विरुद्ध विशेष अभियान की शुरुआत की है। गुरुवार को निगम की विज्ञापन शाखा की टीम ने सहायक अभियंता आशीष हुड्डा के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए सरकारी भूमि पर अवैध रूप से लगे यूनिपोल को चिंटल सोसायटी के पास से हटाकर जब्त कर लिया। अभियान के दौरान टीम ने निजी जमीन पर बिना निगम स्वीकृति लगाए गए दो अन्य अवैध यूनिपोल पर भी त्वरित कार्रवाई की। इसके अतिरिक्त, निगम शुल्क का भुगतान लंबित होने के कारण 26 यूनिपोल पर लगे होर्डिंग्स को हटाया गया। नगर निगम की टीम ने अन्य



प्रकार के होर्डिंग्स व विज्ञापन बोर्डों पर भी कार्रवाई की, जो नियमों के विरुद्ध पाए गए। आयुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और अवैध तरीके से लगाए गए किसी भी विज्ञापन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसी भी प्रकार के विज्ञापन को प्रदर्शित करने से पूर्व नगर निगम से स्वीकृति लेना अनिवार्य है। इसके साथ ही जिन विज्ञापनों के शुल्क का समय पर भुगतान नहीं किया जाता है तो उसे भी हटाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि गुरुग्राम जैसे तेजी से बढ़ते शहर में, अवैध विज्ञापन प्रशासनिक नियमों की अवहेलना और संभावित सुरक्षा जोखिम पैदा करते हैं।

नगर निगम द्वारा शुरू किया गया यह विशेष अभियान शहर को व्यवस्थित और सौंदर्यपूर्ण बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रकार की कार्रवाई से ऐसे लोगों के लिए भी एक सशक्त संदेश है, जो बिना अनुमति और शुल्क दिए शहर की सार्वजनिक और निजी संपत्तियों का दुरुपयोग करते हैं।

अधिकारियों ने कहा- फरियादियों की हमदर्दी के साथ शिकायत सुनें

# पुलिस कमिश्नर पहुंचे थाने, बोले फरियादियों से साथ सम्मान के साथ पेश आए पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶|गाजियाबाद

पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौर गुरुवार को थाना मसूरी पहुंचे और उन्होंने बारीकी से थाने की व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए की थाने में आने वाले फरियादियों की हमदर्दी के साथ शिकायत सुनी जाए और उनका सम्मान के साथ हाल भी लिया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि थाने में वेटिंग एरिया बनाया जाए और वहां का वातावरण भी बढ़िया होना चाहिए ताकि फरियादी को कोई परेशानी ना हो और उसका पुलिस पर विश्वास बने।

पुलिस कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस, महिला



हेल्प डेस्क, अभिलेखों आदि को चेक किया गया। पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा प्रभारी निरीक्षक मसूरी को जनता केंद्रित पुलिसिंग की दिशा में एक पहल के अन्तर्गत आगन्तुकों, शिकायतकर्ताओं के साथ मृदुल व्यवहार रखते हुए उनकी शिकायत पर त्वरित एवं तत्परता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

अदालत ने आरोपियों को दो दिन के रिमांड पर सौंपा

# एसीबी ने सुपरवाइजर-फील्ड अफसर को रिश्वत लेते धरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|गुरुग्राम

एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने सुपरवाइजर-फील्ड अफसर को रिश्वत मांगने के आरोप में रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। सुपरवाइजर शिवराम और फील्ड अफसर अनिल कुमार ने राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय चक्करपुर में शिकायतकर्ता से 50 हजार रुपए की रिश्वत ली थी। एसीबी ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से दोनों को दो दिन के रिमांड पर सौंप दिया गया।

दरअसल, एसीबी को शिकायतकर्ता ने 13 मई 2025 को दी शिकायत में बताया कि उसके एक जानकार ने उसे हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से नौकरी दिलाने की जानकारी दी। 2 अप्रैल 2025 को वह चक्करपुर स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय पहुंचा और स्कूल मुखिया से मिला। स्कूल मुखिया ने उसे स्वीपर का काम समझाकर नौकरी पर रख लिया। इस दौरान सुपरवाइजर रविंद्र ने उससे आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक पासबुक की कॉपी मांगी, जो उसने उपलब्ध करा दी। वेतन को लेकर रविंद्र ने बताया कि उसका आईडी कार्ड अभी तक नहीं बना है। 5 मई 2025 को शिकायतकर्ता तीन दिन की छुट्टी पर था, तभी फील्ड ऑफिसर अनिल कुमार ने उसे फोन कर आईडी कार्ड और वेतन के लिए खर्चा-पानी देने की बात कही। अनिल ने शिकायतकर्ता को तथाकथित एचआर सैनी से बात करने की सलाह दी। आई कार्ड देने के नाम पर मांगे रुपए 7 मई 2025 को अनिल ने बताया कि एचआर सैनी ने आईडी कार्ड के लिए 70-80 हजार रुपए की मांग की है। अनुरोध पर सैनी ने इस राशि को 50 हजार रुपए तक कम कर दिया और बाकी राशि वेतन मिलने के बाद देने को कहा। शिकायतकर्ता को अनिल और सुपरवाइजर शिवराम से संपर्क करने को कहा गया। 8 मई 2025 को अनिल ने शिकायतकर्ता को निर्देश दिया कि वह 50 हजार रुपए शिवराम को दे। शिकायत के आधार पर एसीबी ने 13 मई 2025 को जाल बिछाया और शिवराम को 50,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल चक्करपुर से रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

### ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**फरीदाबाद।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ब्लाक फरीदाबाद के कर्मचारियों ने दो महीने के वेतन के भुगतान के लिए आज उपायुक्त कार्यालय के सामने सेक्टर 12 में जोरदार प्रदर्शन किया। पंचायत एवं विकास अधिकारीयों के रवैए से नाराज हुए बैठे कर्मचारियों ने जमकर सरकार विरोधी नारे लगाए। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ब्लॉक फरीदाबाद के कर्मचारी आज सवेरे सेक्टर 12 टाउन पार्क में एकत्रित हुए । यहां पर एक विरोध सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान देवी राम ने की। जबकि संचालन जिला सचिव राजू ने किया। इस मौके पर सीटू के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल और उपाध्यक्ष विजय झा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### 5 देसी कट्टा उपलब्ध करवाने वाले को दबोचा

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने 5 देशी कट्टा उपलब्ध करवाने वाले राजकुमार व मोहित को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 12 मई को निर्भय कुमार निवासी अब्दुल नगर जिला हरदोई उत्तर प्रदेश हाल किरायेदार अनंगपुर फरीदाबाद को क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने 5 देसी कट्टे सहित गिरफ्तार किया था जिस संबंध में थाना सराय ख्वाजा में मामला दर्ज किया गया था। निर्भय कुमार ने पूछताछ में बताया कि वह देसी कट्टा को राजकुमार व मोहित से लेकर आया था, जिस पर क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने कार्रवाई करते हुए राजकुमार व मोहित वासी बलिया उप्र को उनके घर से काबू किया है।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

निविदा संख्या. 558-Sig-16-M-TENDER-1447 दिनांक: 14.05.2025

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | Signalling वर्क इन कनेक्शन विद एक्सटेंशन ऑफ प्लेटफॉर्म नंबर 9 एंड 2 एट एएनवीटी, कंस्ट्रक्शन ऑफ शंटिंग नेक टुवईस एनडीएलएस एंड टू अकोमोडेट एडिशनल ट्रेन्स एट एएनवीटी बाय प्रोवाइडिंग कनेक्टिविटी बिटवीन 3rd एंड 4th लाइन ऑन डीएलआई एंड जीजेडबी एंड ऑफ एएनवीटी स्टेशन। | | |
| कार्य की अनुमानित लागत | ₹ 1,04,37,741.77/- | धरोहर राशि | ₹ 2,02,200.00/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 | | |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय। | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 14.05.2025/ निविदा खुलने का दिनांक 04.06.2025 15:00 बजे तक | | |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 | | |

1424/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**E- TENDER NOTICE**

वरि. मं. वि. इंजी/ई.एम.यू./गाजियाबाद भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली ई–निविदायें आमंत्रित करते हैं:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा संख्या | 232-Elect-EMU-WC-10-24-25 |
| 2 | कार्य का विवरण एवं स्थान | 3–फेज या पारंपरिक ईएमयू/एमईएमयू कोच और 08 व्हीलर टावर के लिए बोगी का पूर्ण विघटन, एयर स्प्रिंग लगे बोगियों आदि का बोल्स्टर ओवरहालिंग, हाइड्रा/जेसीबी मशीन को किराये पर लेना और ईएमयू कार शेड, गाजियाबाद में 03 वर्ष की अवधि के लिए ब्रेक सिलेंडर को हटाना, विघटित करना और साफ करना |
| 3 | निविदा दस्तावेज की कीमत | NIL |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 3,09,50,814.96 inclusive of GST |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 3,04,800.00 (online payment mode available on IREPS website) |
| 6 | कार्य पूरा करने की अवधि | 36 Months |
| 7 | ऑफर की अवधि | 60 days |
| 8 | निविदा विज्ञापन की तिथि (on IREPS website) | 14.05.2025 18:57 Hrs. |
| 9 | निविदा जमा करने की तिथि (on IREPS website) | 23.05.2025 to 06.06.2025 12:00 Hrs. |
| 10 | निविदा समापन कि तिथि एवं समय | 06.06.2025 12:00 Hrs. |
| 11 | निविदा खुलने कि तिथि एवं समय (तत्काल जब निविदा जमा करने का काल समाप्त हो जाए) | 06.06.2025 12:00 Hrs. |

**Note 1 :** All participant Tenderer/Tenderers will submit their requisite documents along with their tender offer. "No post tender correspondence for submission of additional document shall be entertained after opening of the tender. Even suo-moto post tender letters of the tenders shall be treated as null & void". **Note 2 :** Duplicate documents should not be enclosed/uploaded.

निविदा सुचना website **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **No. 232-Elect-EMU-WC-10-24-25 Date : 14.05.2025** 1431/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप

### विस चुनाव से पहले मांझी को झटका



**पटना।** बिहार में साल के आखिरी में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के अध्यक्ष जीतन राम मांझी को झटका लगा है। दरअसल पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और बिहार सरकार में मंत्री और तीन बार विधायक रह चुके जीएस रामचंद्र दास गुरुवार को जन सुराज में शामिल हो गए। दास को खुद जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने पार्टी की सदस्यता दिलाई।

### ट्रेन की चपेट में आने से मां-बेटी की मौत



**आरा।** दानापुर-डीडीयू रेलखंड पर आरा स्टेशन एवं जमीरा हॉल्ट के बीच गुरुवार की दोपहर ट्रेन की चपेट में आने से एक मां-बेटी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।मृतकों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के मिल्की गांव निवासी मनोज कुमार की 35 वर्षीय पत्नी सुनीता देवी एवं 30 वर्षीय पुत्री रिंकी कुमारी शामिल है। दोनों शवों का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल आरा में कराया गया। इसे लेकर यूडी केस दर्ज किया गया है।

### पथ निर्माण विभाग के जूनियर इंजीनियर लापता



**नवादा।** बिहार पथ निर्माण विभाग के एक कनीय अभियंता यानी जूनियर इंजीनियर (जेई) लापता हो गए हैं। वे नवादा स्थित अपने घर से 14 मई की शाम को गंजी और हाफ पैंट पहनकर निकले थे, उसके बाद से गायब हैं। लापता जेई का नाम निर्मल कुमार है। जेई के गायब होने से विभाग में हड़कंप मच गया है। वहीं, परिजन चिंतित हैं। उनका मोबाइल फोन घर पर ही है।

# अयोध्या में निकली तिरंगा यात्रा, भारतीय सेना की बहादुरी को किया सलाम

## सेना के शौर्य का सम्मान

अयोध्या में 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा नेता लल्लू सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व अभय सिंह ने सेना के पराक्रम की सराहना की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

भारत और पाकिस्तान के बीच हाल में हुए संघर्ष में भारतीय सेना को बड़ी सफलता मिली है। "ऑपरेशन सिंदूर" नाम से चलाए गए इस अभियान में सेना ने आतंकियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इसी जीत की खुशी में देशभर में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। इसी कड़ी में रामनगरी अयोध्या में भी भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई।




### यात्रा में बजाए गए देशभक्ति से ओतप्रोत गीत

यह तिरंगा यात्रा गांधी पार्क से शुरू होकर सिविल लाइन, रिकाबगंज होते हुए चौक बाजार तक पहुंची। इस दौरान यात्रा में शामिल लोगों ने जोश के साथ "भारत माता की जय" और "पाकिस्तान मुर्दाबाद" के नारे लगाए। लोग हाथों में तिरंगा लेकर चल रहे थे और देशभक्ति के गीत बजाए जा रहे थे। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, महिला मोर्चा की सदस्याएं, और आम नागरिक शामिल हुए। इसके अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद लल्लू सिंह, अयोध्या के विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, और सपा से बागी विधायक अभय सिंह भी इस यात्रा का हिस्सा बने।

### बिहार के खगड़िया में भाजपा आज निकालेगी तिरंगा यात्रा

**खगड़िया।** भारतीय सेना के पराक्रम को सम्मान देने के लिए भाजपा द्वारा आगामी 17 मई को शहर में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न भगत ने गुरुवार को बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार खगड़िया जिला में आर्यसमाज स्कूल से यह यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें भाजपा के जिला संगठन के पदाधिकारी, मंडल के सभी पदाधिकारी तथा भाजपा के सम्मानित कार्यकर्ता भाग लेंगे। इसकी आवश्यक तैयारी जोरशोर से की जा रही है।

## योगी कैबिनेट बैठक में 10 अहम प्रस्ताव पास

# पायलट से लेकर गैर तकनीकी कार्मिकों के पारिश्रमिक बढ़ाने को मिली मंजूरी

लखनऊ में सीएम योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में 10 अहम फैसले हुए हैं। बैठक में ऑपरेशन सिंदूर पर मंत्रियों ने प्रधानमंत्री एवं भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम पर अभिनंदन प्रस्ताव पास किया।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को लोकभवन में कैबिनेट की बैठक हुई। कैबिनेट बैठक में सेना के शौर्य पर धन्यवाद प्रस्ताव पास किया गया। ऑपरेशन सिंदूर पर मंत्रियों ने प्रधानमंत्री एवं भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम पर अभिनंदन प्रस्ताव पास किया। इसके साथ ही कैबिनेट मीटिंग में 10 अहम प्रस्ताव पास हुए। नागरिक उड्यान विभाग 18 पायलट समेत विभिन्न वर्गों के कर्मचारियों का वेतन बढ़ा दिया गया है। दस प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सबके लिए सातवां वेतन लागू कर दिया गया है।

बढ़ती महंगाई को देखते हुए नागरिक उड्डयन निदेशालय के संविदा कर्मियों का पारिश्रमिक बढ़ा दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट ने गुरुवार को पायलट से लेकर गैर तकनीकी कार्मिकों तक सभी का पारिश्रमिक बढ़ाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी। विमानन अभियंता को अब तीन से पांच लाख रुपये मिलेंगे। इन्हें अभी तक 1.50 से 2.50 लाख रुपए ही मिलते थे। तकनीकी व गैर तकनीकी कर्मियों के भी वेतन में बढ़ोतरी की गई है। नागरिक उड्डयन निदेशालय में इस समय 18 पायलट, नौ विमानन अभियंता, 81 तकनीकी व गैर तकनीकी कार्मिक व 21 एयरोनाटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के कार्मिक हैं।

**खास बातें**

- पायलटों का वेतन 10 लाख तक बढ़ा
- 11 वर्ष बाद बढ़ाया जा रहा है पारिश्रमिक



### सरकार पर 5.27 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार

सरकार पर 5.27 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार आएगा। को-पायलट को अभी 1.25 लाख रुपये से लेकर छह लाख रुपये मिल रहे हैं, अब इन्हें तीन लाख से लेकर सात लाख रुपये तक मिलेंगे। इन सभी का पारिश्रमिक 11 वर्ष बाद बढ़ाया जा रहा है। अंतिम बार पारिश्रमिक का पुनरीक्षण वर्ष 2014 में हुआ था। कैबिनेट ने दुग्ध नीति में बदलाव का फैसला लिया है। इससे पूंजीगत अनुदान 35 प्रतिशत मिलेगा। इस फैसले से डेयरी सेक्टर के छोटे निवेशको को लाभ होगा। इसके साथ ही प्रदेश में पांच सीड पार्क बनाने पर प्रस्ताव पास हुआ है। इसमें पहला पार्क लखनऊ के अटारी में बनाया जाएगा। इसके साथ ही अमृत योजना मे निकाय के अंश कम किए गए। इससे निकायों को बड़ी राहत मिलेगी।

### निर्णय से 129 कर्मियों को लाभ मिलेगा

इस निर्णय के बाद अब पायलटों को पांच लाख रुपए से लेकर 10 लाख रुपए महीना मिलेगा। अभी तक उन्हें 2.50 लाख से लेकर सात लाख रुपए तक मिलता था। कैबिनेट बैठक के बाद वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि इस निर्णय से 129 कर्मियों को लाभ मिलेगा।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक

# उत्पाद नीति समेत 17 प्रस्तावों पर लगाई मुहर



एजेंसी ▶▶ रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बुलाई गई कैबिनेट बैठक गुरुवार को समाप्त हुई। आज बुलाए गए कैबिनेट बैठक में उत्पाद नीति पर लाए गए प्रस्ताव को पास कर दी गई है। वहीं, आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष की आयु से अधिक आयु वाले राज्य के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान वय वंदना योजना से आच्छादित करने के लिए मंजूरी मिल चुकी है। कैबिनेट में कई ऐसे प्रस्ताव को भी पारित कर दिए गए हैं, जिसका लाभ जनमानस को आने वाले समय में मिलेगी।

### खुदरा शराब व्यापारी व्यापार कर सकेंगे

कैबिनेट बैठक में कुल 17 प्रस्तावों पर मुहर लगा दी गई है। सबसे चर्चित प्रस्ताव राज्य के नई उत्पाद नीति को लेकर हो रही थी, जिसको कैबिनेट से मंजूरी मिल चुकी है। बता दें कि नई नीति लागू होने से अब खुदरा शराब व्यापारी दोबारा पूर्व की भांति व्यापार कर सकते हैं, यह नियम एक महीने के अंदर राज्य भर में लागू कर दी जाएगी।

### लॉटरी से किया जाएगा शराब दुकानों का आवंटन

नई उत्पाद नीति लागू होने के बाद अब राज्य के 1453 शराब दुकानों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। नई शराब नीति के साथ-साथ झारखंड सरकार बुजुर्गों के लिए भी सौगात लाने का कार्य कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष की आयु से अधिक आयु वाले झारखंड राज्य के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान वय वंदना योजना से आच्छादित करने के लिए मंजूरी दी गई है। अब राज्य के वरिष्ठ नागरिकों को इलाज के लिए हो रही समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## पेज एक का शेष...

### पाकिस्तान जैसे दुष्ट के...

पाकिस्तान का कर्म था। हमने आतंकियों का कर्म देखकर उनका खात्मा किया, जो भारत का धर्म था। हमने अनेकों बार दी गई न्यूक्लियर धमकियों की परवाह किए बिना पूरी दुनिया को ये बता दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिज्ञा कितनी कठोर है। राजनाथ ने श्रीनगर की धरती से विश्व के सामने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या पाकिस्तान जैसे गैर-जिम्मेदार और दुष्ट देश के हाथों में परमाणु हथियार सुरक्षित हैं? मेरा मानना है कि पाक के परमाणु हथियारों को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा अभिकरण (आईएईए) की निगरानी में रखा जाना चाहिए। गौरतलब है कि राजनाथ सिंह का पाक के परमाणु हथियारों को लेकर दिया गया यह बयान आईएईए की ताजा टिप्पणी और पूर्व में पीएम मोदी द्वारा पाक की परमाणु धमकी को गीदड़भभकी के अलावा और कुछ न समझने की टिप्पणी के साथ खारिज करने के तुरंत बाद सामने आया है। रक्षा मंत्रालय ने राजनाथ सिंह के बयान को मीडिया के साथ साझा किया।

**एक साथ नहीं चलेगा आतंकवाद-बातचीत:** रक्षा मंत्री ने पीएम मोदी द्वारा आतंकवाद के खिलाफ घोषित की गई भारत की नई नीति के बारे में बताते हुए कहा कि देश की जमीन पर किया गया कोई भी आतंकी हमला अब युद्ध की कार्रवाई के रूप में माना जाएगा। भारत-पाक के बीच बनी सहमति भी इसी पर आधारित है कि सीमा पार से कोई बेजा हरकत नहीं की जाएगी। अगर ऐसा कुछ किया गया तो उसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। प्रधानमंत्री ने दो टूक अंदाज में कहा है कि आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चलेंगे। अब अगर पाकिस्तान के साथ बात होगी तो आतंकवाद और पीओके पर होगी।

**सेनाओं के निशाने पर हैं आतंकी:** ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी ने पाक में छिपे आतंकी संगठनों और उनके आकाओं को यह स्पष्ट कर दिया है कि वो कहीं भी अपने आपको सुरक्षित न समझें। क्योंकि अब वे भारतीय सेनाओं के निशाने पर हैं। सारी दुनिया जानती है कि हमारी सेनाओं का निशाना अचूक है। जब वो निशाना लगाती हैं तो गिनती करने का काम दुश्मनों पर छोड़ देते हैं। पाकिस्तान ने 21 साल पहले अपनी धरती से भारत में आतंकवाद न भेजने के लिए अटल बिहारी वाजपेयी के साथ इस्लामाबाद में घोषणापत्र जारी किया था। लेकिन तब से लेकर आज तक वह हमें धोखा दे रहा है। लेकिन अब इसका खामियाजा उसे भारी कीमत देकर भुगतना पड़ रहा है। यदि आतंकवाद चलता रहा तो ये कीमत लगातार बढ़ने वाली है।

**क्षेत्र से खत्म होगा आतंकवाद:** राजनाथ सिंह ने जवानों को उनके शौर्य और पराक्रम के लिए बधाई दी और फिर आश्वासन जताते हुए कहा, हमारे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की सरकार, जनता, हर परिस्थिति में आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। मुझे पूरा विश्वास है कि आपके सहयोग से हम इस पूरे क्षेत्र में आतंकवाद का समूल नाश करेंगे। जिससे कल को कोई भारत की संप्रभुता के खिलाफ आंख उठाने की हिमाकत न करें। पहलगाम के बाद आपके और देश के अंदर जो आक्रोश था। मुझे खुशी है कि आप लोगों ने अपने उस गुस्से को सही दिशा देते हुए बड़ी बहादुरी और सूझबूझ के साथ पहलगाम का बदला लिया। रक्षा मंत्री ने कहा, मैं आज बतौर डाकिये के रूप में आपको पूरे देश की शुभकामनाएं देता हूं। पूरे भारत को आप पर गर्व है।

### पाक से शुरू होती मांगने...

की तो वह मांगते-मांगते अपनी जहालत से एक ऐसी हालत में आ गया है कि उसके बारे में ये भी कहा जा सकता है कि पाकिस्तान जहां खड़ा होता है। वहीं से मांगने वालों की लाइन शुरू होती है। इसकी ताजा मिसाल पाक द्वारा आईएमएफ से हालिया मांगे गए कर्ज को लेकर सुनी होगी।

### संप्रभुता पर हमले...

ने हमेशा से शांति को प्राथमिकता दी है। हम युद्ध के समर्थक नहीं रहे। लेकिन जब स्थितियां इतनी विकट हो जाएं, देश की संप्रभुता पर हमला हो तो जवाब देना आवश्यक हो जाता है। ऑपरेशन सिंदूर प्रमाण है कि भारत केवल अपनी रक्षा नहीं करता। बल्कि जरूरत पड़ने पर कठोर निर्णय भी लेता है। आपने जिस ऊर्जा के साथ सीमा पार पाक चौकियों, बंकरों को नष्ट किया। दुश्मन उसे कभी नहीं भूल पाएगा।

### भारत-अमेरिका के ...

**पीएम के अमेरिका दौरे में हुई शुरुआत:** गौरतलब है कि इस साल फरवरी महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई अमेरिका यात्रा के साथ ही भारत, अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत का सबसे पहले आगाज करने वाला देश बन गया था। दोनों ने जल्द से जल्द समझौते के पहले चरण को अमलीजामा पहनाने को लेकर अपनी सहमति भी प्रदान की थी। इसी क्रम में भारत के वाणिज्य मंत्री 17 से 20 मई तक अमेरिका का दौरा कर सकते हैं। जिसमें समझौते को लेकर जारी बातचीत की प्रक्रिया गति पकड़ सकती है।

**भारत का ध्यान 90 दिन की टैरिफ छूट पर केंद्रित:** ट्रंप ने दोहा के बिजनेस फोरम में भारत की अमेरिका उत्पादों पर जीरो टैरिफ की पेशकश का जिक्र करते हुए कहा कि भारत ने अमेरिका को जीरो टैरिफ का ऑफर दिया है। भारत में कुछ भी सामान बेचना बहुत मुश्किल है। लेकिन अब उन्होंने एक ऑफर दिया है, जिसमें वो अमेरिकी सामान पर जीरो टैरिफ की बात कर रहे हैं। वहीं, भारत अमेरिका के साथ अपने व्यापार समझौते को राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा पिछले महीने की शुरुआत में 9 अप्रैल को पारस्परिक टैरिफ लगाने की नीति पर दी गई 90 दिनों की छूट की समयसीमा समाप्त होने से पहले अंतिम रूप देना चाहता है। राष्ट्रपति ट्रंप का जीरो टैरिफ का यह दावा अमेरिका द्वारा स्टील और एल्युमिनियम पर लगाए गए टैरिफ को लेकर भारत की जवाबी कार्रवाई के संदर्भ के साथ भी जोड़कर देखकर जा रहा है।

**भारत का बड़ा व्यापारिक भागीदार यूएस:** इन सबके बीच अमेरिका ही भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदारी बनकर उभरा है। पिछले साल 2024 में दोनों देशों के बीच व्यापार का आंकड़ा 129 बिलियन डॉलर का रहा। भारत में वर्तमान में 45.7 बिलियन डॉलर का ट्रेड सरप्लस है।

**टिम कुक भारत में न लगाएं एप्पल प्लांट:** अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने एप्पल निर्माता कंपनी के मुखिया टिम कुक से कहा है कि वो भारत में अपना एप्पल का प्लांट न लगाएं। उसे अमेरिका में लगाया जाना चाहिए। क्योंकि भारत अपने हित खुद देख सकता है।

### आतंकवाद के खात्मे तक...

के पहलगाम में की गई 26 लोगों की निर्मम हत्या के ठीक अगले दिन 23 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) की बैठक में पाकिस्तान के खिलाफ लगाए गए तमाम कूटनीतिक प्रतिबंधों में सूची में शामिल एक निर्णय सिंधु जल समझौते को स्थगित करने का भी था। विदेश मंत्री ने 15 मई को नई दिल्ली में होंडुरास के दूतावास के उद्घाटन कार्यक्रम में शिरकत की थी। कार्यक्रम से इतर वह पत्रकारों से मुखातिब हुए थे।

**आतंकी अड्डे नष्ट किए:** उन्होंने इसी महीने 7 मई को पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में मौजूद 9 आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने को लेकर सेनाओं द्वारा की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को लेकर कहा कि भारत ने बेहद केंद्रित और सटीकता के साथ तड़के 7 मई को आतंकी ढांचों को निशाना बनाया था। जिसके जवाब में पाकिस्तान ने 8, 9 और 10 मई को भारत के सैन्य ठिकानों पर हमला बोला। जिसका हमारी सेनाओं ने मुंहतोड़ जवाब दिया। हमारी कार्रवाई केवल पहलगाम हमले के गुनहगारों को जवाबदेह ठहराने के लिए की गई थी। दोनों देशों के बीच बीते 10 मई को सैन्य संचालन महानिदेशकों (डीजीएमओ) की बातचीत के बाद सीमाओं पर गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई पर रोक लगी है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने भी इस बात पर जोर दिया है कि पहलगाम हमले के दोषियों को न्याय के कठघरे में खड़ा किया जाना चाहिए। जो कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिए हमने किया है।

**आतंकवाद पर नई दिल्ली करेगी मार्गदर्शन:** जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान में आतंकियों की एक पूरी सूची है। जिन्हें सौंपे जाने की आवश्यकता है। उन्हें आतंकवादी ढांचों को बंद करना चाहिए। पाक जानता है कि उसे क्या करना है? लेकिन नई दिल्ली इस्लामाबाद को आतंकवाद के मामले में क्या किया जाना चाहिए? उसे लेकर बातचीत करने के लिए तैयार है। भारत की तरफ से चीजें पूरी तरह से स्पष्ट हैं। इसलिए इस अवसर को मैं अपनी स्थिति को फिर से दोहराने के लिए इस्तेमाल करना चाहूंगा। जिनमें एक मैं जहां पाकिस्तान चिंतित है। हमारे उनके साथ संबंध या अन्य कार्रवाई पूरी तरह से द्विपक्षीय ही होगी। यह भारत का पुराना और प्रसिद्ध रुख है। जो अभी तक बिना बदलाव के जस का तस कायम है।

### तुर्की बा तुर्की आठ हवाई...

प्रदान की गई। जिसने भारत में तुर्की के खिलाफ आक्रोश को और बढ़ा दिया। आज, गुरुवार को ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी ने सेलेबी एविएशन की सुरक्षा मंजूरी रद्द करने का आदेश जारी किया। यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू हो गया। इससे पहले बुधवार को कन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) और चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने तुर्की और उसके सहयोगी देश अजरबैजान के सामानों और पर्यटन का बहिष्कार करने की अपील की। सीटीआई के अनुसार, 2024 में 27.5 लाख भारतीय पर्यटकों ने तुर्की की यात्रा की, जिससे 12.5 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ। केंद्र सरकार के उच्चपदस्थ सूत्रों ने बताया कि मुश्किल घडी में दुश्मन का साथ देने वाले देश को हम हवाई अड्डे जैसे संवेदनशील जगहों पर तैनाती कैसे दे सकते हैं? सेलेबी के पास अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का कार्गो और बैगेज हैंडलिंग हवाई अड्डों पर अन्य संवेदनशील कार्यों की जिम्मेदारी थी। तुर्की के पाकिस्तान के साथ सैन्य संबंधों को देखते हुए, भारत को आशंका थी कि यह कंपनी संवेदनशील जानकारी लीक कर सकती है या सुरक्षा को खतरे में डाल सकती है, लिहाज हमें सावधान रहने की आवश्यकता है। भारत ने इस कदम के जरिए यह स्पष्ट किया है कि वह उन देशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा जो पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं।

**सुन्नी मुस्लिमों का वैश्विक मसीहा बनने की ललक में तुर्की लुभा रहा है पाकिस्तान को:** भारत के इन कदमों के उलट तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तईप एर्दोआन ने पाकिस्तान के साथ प्रतिबद्धता दोहराते हुए एक्स पर कई पोस्ट किया। विश्व के सुन्नी मुसलमानों का नेता बनने की चाहत लिए पाकिस्तान को अपना बगलबच्चा बनाने को उत्सुक तुर्की के राष्ट्रपति ने पाकिस्तान की ओर कई व्यापारिक, सामरिक और रक्षा संबंधित रिश्तों को और मजबूती देने की बात कही।

### थरूर मगरूर, मगर...

जैसे सेलेबी एविएशन की सुरक्षा मंजूरी रद्द करना, का समर्थन किया, जो कांग्रेस की सतर्क कूटनीतिक रुख से अलग था। इन बयानों ने कांग्रेस नेतृत्व को असहज किया, क्योंकि पार्टी सरकार की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर एकजुट और आलोचनात्मक रुख अपनाने की कोशिश कर रही थी। थरूर के बयानों को पार्टी लाइन से "लक्ष्मण रेखा पार करना" माना गया। इस पर कांग्रेस महासचिव, अध्यक्ष संचार और राज्यसभा में संसदीय दल के सचेतक जयराम रमेश ने कहा "जब शशि थरूर बोलते हैं, तो वह अपनी व्यक्तिगत राय व्यक्त करते हैं, न कि कांग्रेस पार्टी की राय। रमेश ने यह स्पष्ट करने की कोशिश की कि थरूर के बयान पार्टी की आधिकारिक नीति को प्रतिबिंबित नहीं करते। यह टिप्पणी कांग्रेस के भीतर एकजुटता बनाए रखने और थरूर की टिप्पणियों से दूरी बनाने के उद्देश्य से थी। एक आंतरिक बैठक में रमेश ने थरूर से सीधे सवाल किया कि वह पार्टी की स्क्रिप्ट से हटकर क्यों बोल रहे हैं। रमेश ने थरूर के ऑपरेशन सिंदूर और सरकार की तारीफ वाले बयानों पर असंतोष जताया, क्योंकि यह कांग्रेस की उस रणनीति के खिलाफ था, जिसमें पार्टी सरकार की नीतियों की आलोचना करती रही है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि थरूर को पार्टी लाइन का पालन करना चाहिए, खासकर संवेदनशील राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति के मुद्दों पर। रमेश की टिप्पणियों को कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेताओं, जैसे के.सी. वेणुगोपाल और पवन खेड़ा, ने भी समर्थन दिया। वेणुगोपाल ने थरूर के बयानों को स्पष्ट रूप से खारिज किया, जिससे यह संकेत मिला कि पार्टी नेतृत्व इस मामले में एकजुट है। थरूर ने इस विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया में सावधानी बरती और पार्टी के भीतर एकता बनाए रखने की कोशिश की। अपने बयानों का बचाव करते हुए थरूर ने कहा कि उनके बयान राष्ट्रीय हित में थे और भारत की लंबे समय से चली आ रही नीति को प्रतिबिंबित करते थे, खासकर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को अस्वीकार करने के मुद्दे पर। उन्होंने तर्क दिया कि उनका बयान सरकार की तारीफ नहीं, बल्कि भारत की नीति का समर्थन था। ऑपरेशन सिंदूर पर, थरूर ने कहा कि वह सरकार की कार्रवाई की तारीफ कर रहे थे, न कि व्यक्तिगत रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की। उन्होंने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक सकारात्मक कदम बताया। थरूर ने स्पष्ट किया कि वह कांग्रेस के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और उनके बयान पार्टी की नीतियों के खिलाफ नहीं थे। उन्होंने कहा, "मैं एक गर्वित कांग्रेसी हूं और हमेशा पार्टी के साथ खड़ा रहूंगा। मेरे बयान राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर दिए गए थे।" उन्होंने यह भी कहा कि उनके बयानों को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है और मीडिया इसे बढ़ा-चढ़ाकर दिखा रहा है।

# सांसद रामगोपाल यादव ने विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर की जातिसूचक टिप्पणी

एजेंसी ▶▶ मुरादाबाद



समाजवादी पार्टी के नेता और राज्यसभा सदस्य प्रो. रामगोपाल यादव ने ऑपरेशन सिंदूर में अपनी भूमिका निभाने वाली विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर विवादित बयान दिया है। उन्होंने महिला सैन्य अधिकारी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए उनके लिए जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया है। इसको लेकर उन पर निशाना साधा जा रहा है।

सपा नेता रामगोपाल ने कहा कि युद्ध एक मुसलमान, एक दलित और एक यादव ने लड़ा, जिसमें उन्होंने दलित समुदाय को लेकर जातिसूचक बात कही। उन्होंने आगे कहा कि यह तीनों पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) वर्ग से आते हैं, ऐसे में भाजपा इस अभियान का श्रेय कैसे ले सकती है। बृहस्पतिवार को बिलारी में सपा विधायक हाजी फहीम इरफान के आवास पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रो. रामगोपाल यादव ने कहा कि भाजपा अच्छे लोगों को पार्टी से बाहर निकालती है और गलत लोगों को शामिल करती है।

उन्होंने मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह के बयान को लेकर भी नाराजगी जताई। रामगोपाल ने कहा कि महिला सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया को लेकर गलत बयान देने वाले मंत्री विजय शाह से तुरंत इस्तीफा लिया जाना चाहिए और उन्हें

### भाजपा पर राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश करने का लगाया आरोप

सपा नेता रामगोपाल ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा सरकार सेना के पराक्रम का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और है। रामगोपाल यादव ने कहा कि सेना ने साहस के साथ आतंकियों के अड्डे तबाह किए लेकिन ट्रंप के दबाव में सीजफायर कर सरकार ने सेना का मनोबल गिराया।

# प्रदेश को मिलेंगे दो नए फोरलेन हाईवे, बहजोई से सैफई और इटावा से झांसी तक होगा निर्माण

## 552 किलोमीटर लंबी ग्रीनफील्ड परियोजनाएं प्रस्तावित की गई

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में संभल जिले के बहजोई से सैफई और इटावा से झांसी तक नया फोरलेन हाईवे बनेगा। उत्तर-दक्षिण हाईवे कॉरिडोर के तहत कुल 552 किमी लंबी ग्रीनफील्ड परियोजनाएं प्रस्तावित की गई हैं। शीघ्र ही इनकी विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार होगी।

योगी सरकार ने प्रदेश के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी की योजना तैयार की है। संभल में बहजोई और सैफई (इटावा) के बीच 156 किमी लंबा ग्रीनफील्ड हाईवे बनाया जाएगा। वहीं इटावा से झांसी के बीच भी 156 किमी लंबा ग्रीनफील्ड हाईवे तैयार होगा। उल्लेखनीय है कि ग्रीनफील्ड हाईवे उस नए मार्ग को कहते हैं, जहां जमीन अधिग्रहीत कर एकदम नई सड़क बनाई जाती है।

इसी तरह से पूर्वी उत्तर प्रदेश में गाजीपुर से झारखंड के मेदिनीनगर को जोड़ने के लिए 180 किमी लंबा ग्रीनफील्ड हाईवे प्रस्तावित किया गया है। इसी तरह ऊंचाहार और राजापुर (चित्रकूट) के बीच भी 60 किमी लंबा ग्रीनफील्ड हाईवे का निर्माण होगा। यानी उत्तर प्रदेश में कुल 1989 किमी का उत्तर-दक्षिण हाईवे कॉरिडोर बनेगा। इससे प्रदेश के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।



### 54 जिलों में 150 प्रमुख सड़कों का होगा कायाकल्प

प्रदेश के 54 जिलों की 150 प्रमुख सड़कों का कायाकल्प किया जाएगा। इस योजना के तहत कुल 250 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्माण, सुदृढ़ीकरण और चौड़ीकरण का काम किया जाएगा। इसके साथ ही 44 जिलों में 79 करोड़ रुपये से 255 सड़कों की विशेष मरम्मत की जाएगी। इन कामों को राज्य सड़क निधि के तहत मंजूरी दी गई है। इसके लिए शासन ने जरूरी निर्देश भी जारी कर दिए हैं।

स्पेशल : इंटरनेशनल म्यूजियम-डे, 18 मई

जानकारी / शिखर चंद जैन

# भारत के प्रसिद्ध म्यूजियम्स यहां संग्रहीत हैं अनोखी वस्तुएं

बच्चो, म्यूजियम यानी संग्रहालय ऐसी जगह होती है, जहां कला, संस्कृति, इतिहास और विज्ञान से जुड़ी दुर्लभ वस्तुओं का संग्रह देखने को मिलता है। इन्हें देखकर ज्ञानवर्धक जानकारियां तो मिलती ही हैं, साथ ही अनोखे अनुभव भी मिलते हैं। जानो, देश के कुछ म्यूजियम्स के बारे में कि ये किन विशेषताओं के कारण प्रसिद्ध हैं।




## वीएमआरडीए आईएनएस कुरसुरा पनडुब्बी संग्रहालय विशाखापत्तनम

**भारतीय नौसेना** (इंडियन नेवी) की नॉन-एक्टिव सबमरीन (सेवामुक्त हो चुकी पनडुब्बी) आईएनएस कुरसुरा में यह संग्रहालय स्थित है। यह संग्रहालय, भारत के नौसैनिक इतिहास और समुद्री विरासत के बारे में जानकारी देता है। यहां तुम पनडुब्बी के चेंबर्स, कंट्रोल रूम और लिविंग रूम्स को विजिट कर सकते हो। साथ ही तुम पनडुब्बी चालकों (सबमरीन ड्राइवर्स) की लाइफस्टाइल के बारे में भी जान सकते हो। *

## डॉन बॉस्को स्वदेशी संस्कृति म्यूजियम शिलांग

**इस म्यूजियम** में पूर्वोत्तर भारत की विविध स्वदेशी संस्कृतियां, आदिवासी परंपराएं, कला और शिल्प से जुड़ी सामग्री देखने को



मिलती हैं। यहां तुम आदिवासियों के झोपड़ी जैसी कलाकृतियों के साथ-साथ उनके पारंपरिक वेशभूषा, संगीत, वाद्ययंत्रों के अलावा आदिवासियों के रहन-सहन और उनकी संस्कृति से जुड़ी कई आकर्षक और आश्चर्यजनक चीजें देख सकते हो। इसके अलावा, यहां एक स्काईवॉक की भी व्यवस्था है, जहां से तुम्हें इस म्यूजियम और शिलांग के अद्भुत नजारे देखने को मिलेंगे। *



## हेरिटेज ट्रांसपोर्ट म्यूजियम गुरुग्राम

**परिवहन यानी** ट्रांसपोर्ट हमारी डेली लाइफ का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हरियाणा के गुरुग्राम स्थित इस म्यूजियम में तुम इंडियन ट्रांसपोर्ट सिस्टम के अलग-अलग दौर में इस्तेमाल में आने वाले एंटीक व्हीकल्स देख सकते हो। इस म्यूजियम में पुरानी कारों, मोटरसाइकिलों, रेलवे कोचों, विमानों और परिवहन के अन्य साधनों के संग्रह हैं। बच्चो, तुम यहां इंटरैक्टिव प्रदर्शनियों, मल्टीमीडिया डिस्प्ले के माध्यम से ट्रांसपोर्ट टेक्नोलॉजी के विकास के साथ-साथ समाज और संस्कृति पर इसके प्रभाव को भी जान-समझ सकते हो। *

## सालार जंग म्यूजियम हैदराबाद



**मीर यूसुफ** अली खान, जिन्हें सालार जंग तृतीय के नाम से भी जाना जाता है, हैदराबाद के निजाम मीर उस्मान अली के कार्यकाल में प्रधानमंत्री रहे थे। मीर यूसुफ को दुर्लभ वस्तुएं, कलाकृतियां, पांडुलिपि आदि इकट्ठा करने का शौक था। उनके पश्चात उनके परिवार और अगली पीढ़ियों द्वारा भी इस म्यूजियम के लिए कलाकृतियों एवं अन्य वस्तुओं का संग्रह किया जाता रहा। आज इस संग्रहालय में एक मिलियन यानी दस लाख से अधिक कलाकृतियां और अन्य संग्रहणीय सामग्रियां रखी हुई हैं। *

## शंकर अंतरराष्ट्रीय गुड़िया संग्रहालय नई दिल्ली



**इस म्यूजियम** की स्थापना 1965 में फेमस कार्टूनिस्ट शंकर पिल्लई ने की थी। खास बात यह है कि इस म्यूजियम में दुनिया के किसी भी अन्य डॉल म्यूजियम से ज्यादा कॉस्ट्यूम डॉल्स हैं। इस म्यूजियम में लगभग 85 देशों से इकट्ठी की गई 6,500 से अधिक डॉल्स तुम्हें देखने को मिलेंगी। इन डॉल्स की बनावट, पारंपरिक पोशाक और सांस्कृतिक महत्व को देखकर-जानकर तुम्हें आश्चर्य होगा। *

## इंडियन म्यूजियम कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** के कोलकाता में स्थित इंडियन म्यूजियम, देश का सबसे बड़ा म्यूजियम है। इसे स्थानीय लोग अजायबघर या जादूघर भी कहते हैं। 1814 में बना यह म्यूजियम भारत का सबसे पुराना म्यूजियम है। यहां कई कलाकृतियां तो 2000 साल पुरानी हैं। यहां प्रागैतिहासिक काल के भारत के सांस्कृतिक इतिहास को समेटा गया है। इंडियन म्यूजियम में कई खंडों में विविध विषयों, जैसे-इतिहास, कला, पुरातत्व, जंतु शास्त्र, वनस्पति शास्त्र एवं अन्य कई विषयों से जुड़ी सामग्रियां देखी जा सकती हैं। इस म्यूजियम में सिंधु घाटी की सभ्यता के अवशेष से लेकर मिस्र की ममीज तक देखी जा सकती हैं।



स्पेशल : इंटरनेशनल ड्रॉइंग-डे

# ड्रॉइंग करने से बढ़ेगी क्रिएटिविटी इंप्रूव होगी पर्सनालिटी

बच्चो, तुमको चित्र बनाकर उसमें मनचाहे रंग भरने में बहुत मजा आता होगा, है न! क्या तुम जानते हो, ड्रॉइंग करने की शुरुआत कब हुई और इससे क्या-क्या फायदे होते हैं? आज ड्रॉइंग-डे के अवसर तुम्हें बता रहे हैं, इससे जुड़ी रोचक बातें।

क्रिएटिव आर्ट

कुमार गौरव अजीतेंदु



बच्चो, चित्रकारी यानी ड्रॉइंग एक बहुत रोचक आर्ट है। बच्चे ही नहीं कई बड़ी उम्र के लोगों को भी इसमें काफी इंटरेस्ट होता है। कई लोग तो ड्रॉइंग को ही अपना करियर बना लेते हैं और इसके जरिए खूब नेम-फेम पाते हैं। ड्रॉइंग के महत्व को लोगों को बताने के लिए ही प्रत्येक वर्ष 16 मई (आज के दिन) को 'अंतरराष्ट्रीय चित्रकारी दिवस' या 'इंटरनेशनल ड्रॉइंग डे' के रूप में मनाया जाता है।

**कब मनाया गया पहला ड्रॉइंग-डे:** साल 2008 में दुनिया भर में पहली बार 'इंटरनेशनल ड्रॉइंग-डे' मनाया गया था। इस अवसर पर ड्रॉइंग के फील्ड से जुड़े लोगों को अपनी क्रिएटिविटी, अपने आर्ट को ऑनलाइन शेयर करने के लिए इनवाइट किया जाता है। साथ ही ड्रॉइंग से होने वाले लाभों से अवगत कराने और ड्रॉइंग में लोगों की रुचि जगाने के उद्देश्य से यह दिन मनाया जाता है।

**होते हैं अनेक फायदे:** ड्रॉइंग के माध्यम से तुम अपनी इमेजिनेशन, अपनी नॉलेज और क्रिएटिविटी को अधिक प्रभावी ढंग से एक्सप्रेस कर सकते हो। इससे तुम्हारी इमेजिनेशन और प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल इंप्रूव होती हैं। इसके अलावा भी ड्रॉइंग के कई फायदे होते हैं, जैसे-

**मिलती है हैप्पीनेस:** ड्रॉइंग करते समय मन शांत और एकाग्रचित्त होता है। इसलिए जब तुम ड्रॉइंग करते हो, तब टेंशनफ्री और हैप्पी रहते हो।

**बढ़ता है कॉन्फिडेंस:** जब तुम अपनी इमेजिनेशन से कोई अच्छी ड्रॉइंग बनाते हो, तो इससे तुम्हारा कॉन्फिडेंस बढ़ता है।

**फीलिंग्स एक्सप्रेशन का तरीका:** ड्रॉइंग के जरिए तुम अपनी हर फीलिंग को बेहतर ढंग से एक्सप्रेस कर सकते हो। इससे तुम्हें सेल्फ-सैटिस्फेक्शन मिलता है।

**स्ट्रेस होता है दूर:** कई शारीरिक-मानसिक रोगों के ट्रीटमेंट में ड्रॉइंग एक थेरेपी के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। इससे टेंशन और स्ट्रेस दूर होता है, मानसिक सुकून मिलता है।

**ऐसे मनाओ ड्रॉइंग डे:** तुम चाहो तो अपने फ्रेंड्स के साथ मिलकर ड्रॉइंग-डे को स्पेशल तरीके से सेलिब्रेट कर सकते हो। इसके लिए तुम सब कोई एक थीम सेलेक्ट कर लो फिर एक निश्चित समय में उस थीम पर बेस्ड ड्रॉइंग बनाओ। इस कॉम्पिटिशन में किसकी ड्रॉइंग बेस्ट है, इसका डिसीजन करने के लिए अपने आर्ट टीचर या आस-पड़ोस के अंकल की हेल्प ले सकते हो, जिन्हें ड्रॉइंग में इंटरेस्ट हो। *

### ड्रॉइंग से जुड़े कुछ फैक्ट्स

- इंसानों ने अब से लगभग 30,000 वर्ष पहले चित्र बनाना शुरू कर दिया था।
- 1797 में निकोलस-जैक्स कोंटे ने पेंसिल का आविष्कार किया, इससे चित्र बनाना आसान हो गया।
- अधिकांश चित्र सरल ज्यामितीय आकृतियों जैसे वृत्त, वर्ग और त्रिभुज से शुरू होते हैं।
- प्राचीन काल में लोग कहानियां सुनाने या जानकारी साझा करने के लिए गुफाओं की दीवारों पर चित्र बनाते थे।
- प्राचीन मिस्रवासी चित्रकला को लेखन के के रूप में प्रयोग करते थे, जिसे 'हाइरोग्लाइफिक्स' कहा जाता था।
- 1984 में पहला मैकिंटोश कंप्यूटर तैयार किया गया, जिसमें पेंट प्रोग्राम 'मैकपेंट' था, जिसने डिजिटल ड्रॉइंग और डिजाइन की नई सुविधाएं मिलीं।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

# आस-पास की कहानियां

जैसा कि इस किताब के नाम (बारह सौ की बाटी और अन्य किस्से) से ही पता चलता है यह 'किस्सों' की किताब है। इसे पढ़ते हुए पता चलता है कि किताब के सभी चौदह 'किस्से' हमारे आस-पास घटने वाली छोटी-छोटी घटनाएं हैं। तरह-तरह की 'बातें' हैं, जो ध्यान से देखने पर हमें चौंकाती हैं।



किताब में दिए इन किस्सों के विभिन्न चरित्र कुछ जाने-पहचाने से दिखते हैं- बहुत साधारण, सीधे-सादे और अपने में मस्त। लेकिन उनकी अपनी कुछ खास आदतें, सनक या कहें किसी काम को करने की धुन, जिन्हें लेखक जिस अंदाज में हमारे बीच रखता है, ये अपने आप में अनोखा बना देती हैं। इन किस्सों के साथ दिए किताब के रंग-बिरंगे वाटर-कलर से बने चित्र सामान्य चित्रों से अलग और सुंदर दिखते हैं। *

**किताब:** बारह सौ की बाटी और अन्य किस्से, **लेखक:** शिवनारायण गौर, **चित्रकार:** नीलेश गहलोत, **मूल्य:** 80 रुपए, **प्रकाशक:** एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

## बूझो तो जानें





1
चिंगारी से वो भड़क जाए।
सूखी लकड़ी-कंडे खाए।
छूने चलो, तो अंग जलाए।
पानी पीते ही मिट जाए।

2
सब कहते हैं जुड़वां भाई
पैरों में ही जगह है पायी।
कहीं एक साथी खो जाए
दूजा कोई काम न आए।

3
जोड़, घटाना, गुणा, भाग है
मेरे बाएं हाथ का काम।
कभी नहीं गलती करता हूं
मित्र! बताओ मेरा नाम।

- गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1.आग, 2.जूते, 3.कैलकुलेटर

## जीके क्विज-154

1. हाल में किस प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर ने टेस्ट मैच से संन्यास लेने की घोषणा की?
2. 72वें मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का आयोजन कहां किया जा रहा है?
3. इसरो के वर्तमान अध्यक्ष कौन हैं?
4. भारत और पाकिस्तान के बीच की सीमा रेखा को किस नाम से जाना जाता है?
5. ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कहां है?
6. सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को उनके पद की शपथ कौन दिलवाता है?
7. विश्व की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
8. मौर्य साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
9. दुनिया में सबसे अधिक रबड़ का उत्पादन किस देश में होता है?
10. नियाग्रा जलप्रपात किन दो देशों की सीमा पर स्थित है?



बच्चो, जीके क्विज-154 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।


**जीके क्विज-153 का उत्तर :** 1.स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट, 2.मंगूभाई छगनभाई पटेल, 3.वायुसेना उपप्रमुख, 4.15 मई, 5.ग्यारह, 6.रानी लक्ष्मीबाई, 7.बुध, 8.लियोनार्दो द विंची, 9.नाइट्रस ऑक्साइड, 10.राजस्थान

**जीके क्विज-153 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, प्रज्ञा-रायपुर, मुस्कान-कोंडागांव, रमेश-कोरबा, सौरभ-बिलासपुर, कमल-महेंद्रगढ़, अमन-रोहतक, कशिश-महासमुंद, रोशन-दुर्ग, गुंजन-भोपाल, जतिन-रायगढ़

कहानी / क्षमा शर्मा

स्कूल में गर्मी की छुट्टियां क्या हुईं, मिनी का घर से निकलना बंद हो गया। घर में यही कहा जाता-बाहर धूप तगड़ी है, लू लग जाएगी। बेचारी मिनी करे तो क्या करे? तुम्हारे लिए बहुत प्यारी-सी कहानी।

# मिनी की परेशानी



मिनी की छुट्टियां क्या हुईं, सवेरे से ही सब उसे पुकारने लगते, 'मिनी, जल्दी उठो। फ्रेश होओ। ब्रश करो। दूध पिओ, फिर नीचे खेलने जाओ।' दादी कहतीं, 'नहीं मिनी, बाहर तो अभी से इतनी तेज धूप है। देख रही हो न कि पेड़-पौधे भी धूप से कैसी हाय-हाय कर रहे हैं। कहीं मत जाओ। जो खेलना हो, घर के अंदर खेलो। और बाहर जाओ भी तो पेट भरकर पानी पीकर, फिर लू नहीं लगेगी।'

'लो जी, पेट भरकर पानी ही पी लेगी तो दूध कैसे पिएगी, नाश्ता कैसे करेगी?' मम्मी, दादी से शिकायत करती-सी पूछतीं। बेचारी मिनी, मम्मी की सुने कि दादी की।

तभी भइया अंदर वाले कमरे से चिल्लाता, 'मेरे जूते नहीं मिल रहे हैं। जरूर इस मिनी ने ही इधर-उधर किए होंगे। इसे जूतों से फुटबॉल खेलने की आदत जो है।'

मिनी धीरे से बोली, 'तो ला दो न एक अच्छी-सी फुटबाल, नहीं खेलूंगी फिर जूतों से। पता है, कभी नहीं लाएगा। कंजूसड़ा कहीं का। जब देखो तब मुझसे ही पैसे मांगता रहता है।' वैसे तो बात यह है कि उसने जूते कहीं इधर-उधर नहीं किए थे। मिनी मन ही मन सोचती है, 'इसी ने कहीं इधर-उधर उतारे होंगे। जहां भी कुछ रखता है, कभी याद नहीं रहता है इसे। कभी पेन, कभी चाबी, कभी पासवर्ड हमेशा कुछ न कुछ भूला या खोया रहता है इसका और नाम लगा रहा है मेरा। हुंह... इससे तो अच्छी थी कि स्कूल ही जाती।'

'अरे मिनी, यह अपने से ही क्या बातें कर रही है?' पापा ने जाते-जाते पूछा तो वह तकिए में मुंह छिपाती बोली, 'कुछ नहीं पापा, पोयम याद कर रही थी।'

'अच्छा भई हम भी तो सुनें तुम्हारी पोयम।' पापा पलंग के पास आकर बैठ गए तो मिनी ने ऐसे दिखाया जैसे वह सो रही हो और सपने में ही पापा की बात का जवाब दिया हो। पापा ने मान भी लिया, 'अरे, लड़की तो सो रही है अभी। चलो, सोने दो। नहीं तो बेचारी हर रोज सुबह उठती है। सवेरे की उठी-उठी रात को सो पाती है। बच्चों को भी बड़ों की तरह बस रात-दिन काम ही काम है।' जब भइया चला गया, पापा दफ्तर के लिए निकले, उसने कार स्टार्ट करने की आवाज सुन ली और उसके कुछ देर बाद मम्मी शालू आंटी से मिलने चली गईं और दादी पूजा करने लगीं। अब पूजा भी तो पूरे दो घंटे की। मिनी को लगा कि अब बस दो घंटे तक कोई उससे यह नहीं कहेगा, 'अरे मिनी, यह क्या कर दिया, वह क्या कर दिया, यह लड़की तो किसी की नहीं सुनती है, टीचर से कहना पड़ेगा। कल ही तो इतनी महंगी डॉल दिलवा कर लाए थे और आज उसके बाल उखाड़ दिए।' ओह डॉल से अच्छा याद आया, मिनी को तो आज उसकी आंख ठीक करनी थी। कितने तो काम थे। मिनी ने फौरन खिलौनों की अलमारी खोली और सोचने लगी कि कैसे आंख ठीक करे? उसकी नीली आंख अंदर चली गई थी। भइया ने नीले बॉल प्वॉइंट से उसे बाहर निकालने की कोशिश की तो वह और अंदर घुस गई। पूरी आंख पर नीला रंग फैल गया। भइया तो गुड़िया को फेंक कर चला गया। अब एक आंख की गुड़िया उसे अच्छी नहीं लगती। तो उसे याद आया कि उसके टॉमी कैट की आंखें भी तो नीली हैं। उसने टॉमी को अलमारी से बाहर निकाला। फिर सोचने लगी, 'अगर इसकी एक आंख डॉल को लगा भी दूं तो फिर इसके लिए दूसरी आंख कहां से लाऊंगी?'

मिनी ने सोचा दादी से पूछे लेकिन वह तो पूजा कर रही थीं। तो फिर किससे पूछे? उसने शालू आंटी के यहां गईं मम्मी को फोन किया। मम्मी बिगड़ गईं, 'क्या मिनी, कभी चैन से नहीं रहने देती। अब तू अपनी गुड़िया का किस्सा ले बैठी। घर आकर करती हूं बात।' 'लो मम्मी खुद तो चली गईं और मुझे धूप का बहाना बनाकर दादी ने नीचे पार्क में भी खेलने नहीं जाने दिया। क्या बड़ों को धूप नहीं लगती?' मिनी बुदबुदाई।

मिनी ने डॉल को फिर से अलमारी में रखा। मम्मी लौटेंगी तो उनसे उसकी आंख ठीक कराएगी, फिर बालकनी में जाकर बाहर देखने लगी। पार्क में एक मैना घास से बीन कर कुछ खा रही थी कि एक गिलहरी उसके पीछे दौड़ी। मैना डर से दूर भाग गई तो गिलहरी वहां खाने लगी। पता नहीं वह क्या खा रही थी। मैना ने फिर उधर कदम बढ़ाया तो इस बार दो गिलहरियों ने उसका पीछा किया। मिनी को इस खेल में बहुत मजा आया। लगा जैसे कि गिलहरी और मैना छुआ-छुई का खेल खेल रही हों। तभी टॉमी कैट जैसा एक बिल्ला एक गौरैय्या की तरफ दबे पांव बढ़ा। मिनी जोर से चिल्लाई, 'भागो-भागो..!' और तालियां बजाने लगी। ताली की आवाज से गौरैय्या उड़ गई। दोनों गिलहरियां भाग गईं और बिल्ला देखता रह गया। उसके शिकार जो हाथ से निकल गए थे। तभी दादी ने आकर पूछा, 'किसे भगा रही थी मिनी?' उसके मुंह से निकला, 'टॉमी कैट को।'

'टामी कैट को! क्या तूने अपना बिल्ला भी डॉल की तरह तोड़कर खराब कर दिया और बाहर फेंक दिया? कितना नुकसान करती है री लड़की।' कहती हुई दादी तो तुलसी को पानी देने लगीं। मिनी ने उनकी नकल उतारी, 'कितना नुकसान करती है री लड़की!' और वहां से भाग गई। दादी पुकारती ही रह गईं, 'मिनी, ओ मिनी, कहां भाग गई, बाहर मत जाना बहुत धूप है..।'

'हां दादी, अब सवेरे से शाम तक पुकारो मुझे। पता नहीं ये छुट्टियां आती ही क्यों हैं?' मिनी भुनभुनाई। *

कविता

घमंडीलाल अग्रवाल



## गरमी की अगवानी

भैया, दीदी, नाना, नानी-
करते गरमी की अगवानी।
उठा हाथ तेरे स्वागत में
ट्विस्ट कर रहे सूती कपड़े,
पतला कुर्ता, धोती पतली
गुन-गुन गीत गा रहे अकड़े,
जेल गए अब गर्म वस्त्र सब-
खूब दिखा अपनी मनमानी।
खरबूजों की, तरबूजों की
फसल तीव्र गति से मुस्काती,
आड़ू, जामुन, आम, लीचियां
बने हुए हैं प्यारे साथी,
'मुझसे करो दोस्ती पक्की'-
कहता ठंडा-ठंडा पानी।
खड़ी हुई-बांहें फैला,
कुल्फी और बर्फ की सिल्ली,
आओ खेलें मिलकर सारे
खेल अनोखा डंडा-गिल्ली,
शीतल पेय छेड़ने बैठे-
धुन प्यारी जानी-पहचानी।

## रंग भरो-175

रंग भरो-175 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





दिव्यांश, दुर्ग



रितेश, मटियारी



श्वेता, रायपुर



रशिका, जांजगीर



दीत्या, अहिवारा



भाविका, सरोरा

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आस्तिका-चांपा, भावी-धमतरी, चहक-कोसली, डिंपल-दुर्ग, गौरांग-रायपुर, पलक-धमतरी, परिधि-ईमेल से, सानवी-अंबिकापुर, तेजस-सरोरा, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विक्की-बिलासपुरा

## रंग भरो 176

बच्चो, यहां ड्रॉइंग बनाती हुई लड़की का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



मध्यप्रदेश में निवेश संभावनाओं पर केंद्रित बेंगलुरू में हुआ इंटरेक्टिव सेशन

# 7935 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले 18 हजार 975 नए रोजगार होंगे सृजित

बेंगलुरू में उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन चर्चा कर परिसंवाद भी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि व्यापारी और निवेशक मध्यप्रदेश आएं और उद्योग को बढ़ावा दें। आज मेड इन इंडिया का जमाना है। मप्र सरकार ने नई उद्योग केंद्रित नीतियां लागू की हैं। सभी जिलों में उद्योग प्रकोष्ठ खोले गए हैं। इंडस्ट्री शुरू करने के लिए राज्य में सिंगल विंडो सिस्टम लागू है। निवेशकों के लिये मुख्यमंत्री सहजता से उपलब्ध है। राज्य में पर्याप्त लैंड बैंक, पानी और बिजली उपलब्ध है।

राज्य सरकार ने उद्योगपतियों को सब्सिडी के बैकलॉग का एक-एक रुपया लौटाया है। सरकार बड़े उद्योगों के साथ छोटे निवेशकों को भी प्रोत्साहन दे रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को बेंगलुरू में हुए रोड-शो के इंटरेक्टिव सेशन को संबोधित कर रहे थे। इंटरेक्टिव सेशन में विभिन्न निवेशकों से चर्चा हुई। निवेशकों से 7935 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इससे 18 हजार 975 नए रोजगार सृजित होंगे।



### परफॉर्म, रिफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मूलमंत्र को आधार

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'परफॉर्म, रिफॉर्म, ट्रांसफॉर्म' के मूलमंत्र को आधार बनाकर हम आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की पूर्ति की ओर तेजी से अग्रसर है। प्रदेश में उद्योगों की स्थापना और निवेश को बढ़ावा देने के लिए हमारी सरकार निरंतर प्रयासरत है। इस दिशा में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव, राष्ट्रीय पर विभिन्न शहरों में किए गए रोड-शो और इंटरेक्टिव सेशन सहित ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के माध्यम से हमने लोकल से ग्लोबल स्तर तक सफलतापूर्वक निवेश संवाद किया है। बेंगलुरु में दूसरी बार हुए रोड-शो और इंटरेक्टिव सेशन से निवेश और औद्योगिक विकास को नई गति मिली है। मप्र निवेशकों के लिए प्रगतिशील, पारदर्शी और भरोसेमंद राज्य के रूप में उभरा है।*

### हमने केवल वादे नहीं किए, उन्हें धरातल पर भी उतारा: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र केवल निवेश का वादा नहीं करता, हम जिनसे कमेटमेंट करते हैं, उन्हें समयबद्ध रूप से पूरा भी कर रहे हैं। ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2025 में हमने केवल वादे नहीं किए, उन्हें धरातल पर भी उतारा गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में 5260 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि बड़े उद्योगों और एमएसएमई को वितरित की गई है। प्रदेश में विभिन्न सेक्टरों में निवेश संवर्द्धन के लिए 18 नई औद्योगिक नीतियां लांच की गई, जो निवेश के लिए गेम चेंजर साबित हो रही हैं। जनविश्वास अधिनियम, एकीकृत सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और भरोसेमंद बनाया गया है।

### 3 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने किए अनुभव साझा

इंटरैक्टिव सेशन में निवेशकों ने मध्यप्रदेश में उपलब्ध संसाधनों और सुविधाओं की प्रशंसा की। सेशन में सुमित मित्रा, एमडी, लैप इंडिया, शांतनु रॉय, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीईएमएल और सुश्री स्मिथा हेम्मिगे, एमडी मार्केटिंग, एएनएसआर ने मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं और उनके द्वारा प्रदेश में स्थापित की जाने वाली इकाईयों के संबंध में राज्य सरकार से मिली सुविधाओं के अपने अनुभव साझा किए।

### उद्योगपतियों के साथ परिसंवाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों के साथ परिसंवाद भी किया। उद्योगपतियों ने उद्योगों के लिए दी जा रही सुविधाओं के संबंध में संवाद किया। प्रमुख सचिव, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र कुमार सिंह ने उद्योगपतियों को प्रदेश की औद्योगिक नीतियों और उनके माध्यम से निवेश प्रोत्साहन के लिए दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। मप्र में पर्यटन के श्रेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबन्ध संचालक इलैयाराजा टी ने निवेशकों से प्रेजेंटेशन के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने हाल ही में लॉच की गई नई पर्यटन नीति-2025 पर प्रकाश डाला, जिसमें राज्य में पर्यटन क्षेत्र के विकास और निवेश की व्यापक संभावनाओं को रेखांकित किया गया।

### इंटरैक्टिव सेशन में इन उद्यमियों से की वन-टू-वन चर्चा

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंटरैक्टिव सेशन में इसमें टैक्सटाइल में बेस्ट कॉर्पोरेशन के एमडी आर राजकुमार, नॉइज समूह के डायरेक्टर मनीष सिंह चौहान, आईटी सेक्टर में एएनएसआर जीसीसी के सीईओ ललित आहूजा, ओरेकल कार्पोरेशन की नेशनल हेड (पॉलिसी) सुश्री अश्लेशा खान्देपरकर, इलेक्ट्रिक इक्विपमेंट्स सेक्टर में लैप इंडिया के एमडी सुमित मिश्रा, हिन्दुस्तार कोका कोला के सीईओ हर्ष भूटानी, हॉस्पिटालिटी सेक्टर में रॉयल ऑर्केड के संस्थापक एमडी चंदेर बालजी, जीआईबीएस बिजनेस स्कूल के संस्थापक एमडी रितेश गोयल और रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में ग्रीनको के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर बंडारू नरसिम्हा राव से वन-टू-वन चर्चा की।*

एफआईआर दर्ज कर शाह को बर्खास्त करने की मांग

# कांग्रेस ने प्रदेश भर में फूंका मंत्री विजय शाह का पुतला, कई जगह हुई पुलिस से झड़प

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान पर बवाल जारी है। कांग्रेस ने इसे मुद्दा बना लिया है।

पार्टी ने बुधवार को प्रदेश भर में प्रदर्शन कर मंत्री शाह का पुतला जलाया और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कई जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं के पुलिस के साथ झड़प भी हुई। इंदौर में महिला कांग्रेस ने मंत्री विजय शाह का पुतला जलाया। कांग्रेस सेवादल ने कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह के पोस्टर का दूध से अभिषेक किया। रतलाम में पुतला दहन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प हो गई। खंडवा, श्योपुर, भिंड और नर्मदापुरम के सिवनी मालवा में मंत्री विजय शाह पर एफआईआर और इस्तीफे की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा गया है। अन्य जिलों से भी प्रदर्शन और पुतला जलाने की खबरें आई हैं।

### उमंग सिंघार ने शाह के बयान पर मुख्यमंत्री को घेरा

*नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विजय शाह के बयान को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को घेरा है। उन्होंने कहा कि जबलपुर हाई कोर्ट ने मंत्री विजय शाह पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं, लेकिन मुख्यमंत्री पूरे घटनाक्रम को लेकर चुप हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे मंत्री, जो सेना का अपमान कर रहे हैं, उनके बारे में आप चुप क्यों हैं मुख्यमंत्री जी? बताएं, मंत्री शाह का इस्तीफा कब लिया जाएगा।*

नक्सलियों के 216 ठिकानें और बंकर ध्वस्त, जवानों को मिली बड़ी सफलता

# 21 दिनों में 31 वर्दीधारी नक्सली ढेर घातक हथियारों का जखीरा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों का गढ़ कहे जाने वाले करेंगुट्टा पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। छत्तीसगढ़ पुलिस और केंद्रीय बलों को संयुक्त रूप से 21 अप्रैल से 11 मई 2025 तक चलाए गए 21 दिनी नक्सल विरोधी अभियान में कुल 31 वर्दीधारी नक्सली मारे गए हैं। इनमें 16 महिलाएं शामिल हैं।

सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के चार तकनीकी इकाइयों को नष्ट किया है, जिनका उपयोग बीजीएल शेल, देसी हथियार, आईईडी और अन्य घातक हथियारों के निर्माण के लिए किया जा रहा था। नक्सल अभियान के दौरान नक्सलियों के 216 ठिकानों और बंकरों को ध्वस्त किया गया। वहीं भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री जब्त की गई है। यह अभियान छत्तीसगढ़ सरकार और केंद्र सरकार की ओर से संयुक्त रूप से संचालित किया गया।



### माओवाद पर निर्णायक प्रहार

करेगुट्टालू पहाड़ी लगभग 60 किमी लम्बा एवं 5 किमी से लेकर 20 किमी चौड़ा अत्यन्त दुष्कर पहाड़ी क्षेत्र है। उक्त पहाड़ी की भौगोलिक परिस्थिति काफी कठिन एवं चुनौतीपूर्ण है। माओवादियों ने विगत ढ़ाई वर्ष में धीरे-धीरे पहाड़ी में अपना बेस तैयार किया, जिसमें उनके लगभग 300-350 आर्म्ड काडर्स सहित पीएलजीए बटालियन की टेक्निकल डिपार्टमेन्ट (टीडी) यूनिट एवं अन्य महत्वपूर्ण संगठनों की शरणस्थली थी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस सफलता पर कहा कि बीजापुर जिले की करेगुट्टालू की पहाड़ी पर हमारे जवानों ने जिस शौर्य और साहस का प्रदर्शन किया है, वह माओवाद पर निर्णायक प्रहार है। यह केवल ऑपरेशन नहीं, बल्कि भारत के तिरंगे की विजय यात्रा है। मैं सभी वीर सुरक्षाकर्मियों को हृदय से बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में यह लड़ाई माओवाद की जड़ों तक पहुँच चुकी है और हम मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से पूर्णतः मुक्त करने में सफल होंगे।

### बीजापुर के विभिन्न क्षेत्रों में ऑपरेशन तेज

वर्ष 2025 के शुरुआती चार महीनों में राज्य में कुल 174 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं। सुरक्षा बलों की मजबूत पकड़ के चलते माओवादी संगठन बिखर रहे हैं और छोटे-छोटे समूहों में विभाजित हो रहे हैं। बीजापुर के नेशनल पार्क क्षेत्र और नारायणपुर के माड़ क्षेत्र में भी ऑपरेशन तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य शासन का उद्देश्य माओवादी प्रभावित क्षेत्रों में आमजनों का विश्वास अर्जित करते हुए समावेशी विकास सुनिश्चित करना और समयबद्ध रूप से माओवाद का समूल उन्मूलन करना है।

### राज्य के विकास को गति देना उद्देश्य

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान का उद्देश्य माओवादियों की सशस्त्र क्षमता को समाप्त कर राज्य के विकास को गति देना है। बता दें कि कर्रेगुट्टा पहाड़ी छत्तीसगढ़ के बीजापुर और तेलंगाना के मुलुगू जिले की सीमा पर स्थित है। इसे माओवादी संगठन वर्षों से अपनी सुरक्षित शरणस्थली के रूप में उपयोग कर रहे थे। इस 60 किलोमीटर लंबे और अत्यंत दुर्गम क्षेत्र में पीएलजीए बटालियन की टेक्निकल यूनिट सहित लगभग 300-350 माओवादी सक्रिय थे। यहां से देसी हथियार, आईईडी और बीजीएल शेल तैयार किए जा रहे थे।*

300वीं जयंती पर 21 से 31 मई तक जिलों में होंगे कार्यक्रम: वीडी

# देवी अहिल्याबाई के कामों को स्थानीय उदाहरणों के माध्यम से जनता तक पहुंचाएं: शिवप्रकाश

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा है कि देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में तय अभियान के दौरान हमें देवी अहिल्याबाई के कामों को स्थानीय उदाहरणों के माध्यम से जनता तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि देवी अहिल्याबाई ने सेना के आवागमन से होने वाले फसलों के नुकसान के लिए मुआवजे का प्रावधान किया। उन्होंने महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए महेश्वर साड़ी उद्योग स्थापित किया। इस साड़ी को प्रमोट करने के लिए वे हर विदेशी अतिथि को यही साड़ी उपहार में देती थीं और स्वयं भी यही पहनती थीं। शिवप्रकाश प्रदेश भाजपा कार्यालय में रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर चलाए जाने वाले 10 दिवसीय अभियान के संबंध में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।



अहिल्याबाई की जयंती पर प्रदेश भाजपा मुख्यालय में हुई कार्यशाला

### देवी अहिल्याबाई ने इंदौर से किया पूरे देश में उत्थान का कार्य: डॉ. महेंद्र

भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होल्कर के सपनों को पूरा करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। देवी अहिल्याबाई ने इंदौर से पूरे देश का उत्थान कर चारों धामों, सप्तपुरी, अयोध्या का राम मंदिर, रामेश्वरम, काशी विश्वनाथ सहित देशभर में तीन हजार से ज्यादा मंदिरों का जीर्णोद्धार का काम कर भारत को सजाने का काम किया था। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चारों धामों को जोड़ने, बौद्ध और जैन सर्किट सहित सात हजार से ज्यादा मंदिरों का निर्माण और जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। कार्यशाला को भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद और पूर्व मंत्री अर्चना चिटनीस ने भी संबोधित किया।

### देवी अहिल्याबाई के योगदान को जन-जन तक पहुंचाएंगे: वीडी

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होल्कर द्वारा समाज में दिए गए योगदान को भाजपा जन-जन तक पहुंचाएगी। देवी होल्कर की 300वीं जयंती को लेकर 21 मई से 31 मई तक जिलों में अभियान चलाकर जयंती के कार्यक्रम होंगे। 31 मई को उनकी जयंती के दिन इंदौर में अभियान का समापन होगा। देवी अहिल्याबाई होल्कर की शासन व्यवस्था कैसे आज देश और प्रदेश में स्थापित है, उसे भाजपा जन-जन तक पहुंचेगी। प्रदेश भर के जिलों में कार्यकर्ता देवी अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व और शासन व्यवस्था, सुशासन, महिला सशक्तिकरण सहित 300 वर्ष पूर्व के उल्लेखनीय कार्यों को जनता के बीच रखेंगे। देवी होल्कर के समाज, महिला, संस्कृति, देश और धर्म को लेकर जो कार्य किए हैं, उन सभी विषयों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस दौरान देवी अहिल्याबाई होल्कर द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर किए गए कार्यों को बताने निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के साथ कार्यक्रम आयोजित होंगे। उनसे जुड़ी हुई विरासत को नाट्य प्रस्तुतियां, प्रदर्शनियों व अन्य कार्यक्रमों के जरिए जनता तक पहुंचाया जाएगा।

अपना दल (एस) का चिंतन शिविर 18 को राजधानी भोपाल में

# मध्य प्रदेश में संगठन को नए सिरे से सशक्त बनाने के लिए रणनीति तय करेंगे पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपना दल (एस) का चिंतन शिविर आगामी 18 मई को भोपाल में आयोजित होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में पहली बार प्रदेश प्रभारी के रूप में राष्ट्रीय महासचिव आरबी सिंह पटेल मप्र का दौरा करेंगे। यह चिंतन शिविर संगठन के आगामी रोडमैप, चुनावी रणनीति और संगठन विस्तार पर केंद्रित रहेगा। साथ ही राष्ट्रीय महासचिव युवा मंच डॉ. अखिलेश पटेल, प्रदेश और जिला स्तर के सभी प्रमुख पदाधिकारी इस चिंतन शिविर में शामिल होंगे।



चिंतन शिविर को लेकर राष्ट्रीय महासचिव आरबी सिंह पटेल ने कहा,मप्र में संगठन को मजबूती देना हमारी पहली प्राथमिकता है। यह शिविर सिर्फ रणनीति तय करने का मंच नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा देने का अवसर भी है। डॉ. अखिलेश पटेल ने युवाओं की भूमिका पर विशेष जोर देते हुए कहा, मप्र में संगठन को नए सिरे से खड़ा करने की दिशा में युवाओं की भागीदारी सबसे अहम है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय और प्रादेशिक नेतृत्व की साझा उपस्थिति न केवल कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाएगी, बल्कि विस्तार और 14 अप्रैल को पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में शुरू हुए सदस्यता अभियान को भी नई गति देगी।

भिलाई के सुपेला नेहरू नगर क्षेत्र का मामला

# एसटीएफ की गिरफ्त में आई बांग्लादेशी महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सुपेला नेहरू नगर में अवैध रूप से रह रही बांग्लादेशी महिला पन्ना बीवी और किराये का मकान देने वाले सूरज साव को छत्तीसगढ़ पुलिस की विशेष कार्य बल (एसटीएफ) टीम ने गिरफ्तार किया है। महिला पिछले दो वर्षों से फर्जी पहचान के साथ अंजली सिंह उर्फ काकोली घोष के नाम से रह रही थी। दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि पन्ना बीवी ने फर्जी आधार कार्ड बनवाकर अपनी पहचान छिपाई थी। आठ वर्ष पूर्व वह बिना वैध पासपोर्ट और वीजा के बांग्लादेश से कोलकाता के सोनागाछी पहुंची, जहां पांच वर्ष तक काकोली घोष के नाम से रही। इसके बाद दिल्ली होते हुए वह भिलाई आई, जहां पूजा नामक महिला के साथ सुपेला में सूरज साव के मकान में किराये पर रहने लगी। इस दौरान वह भारत-बांग्लादेश सीमा के रास्ते अपने मूल निवास स्थान जसौर, बोंगांव (उत्तर परगना) आती-जाती रही। पुलिस ने उसके मोबाइल से बांग्लादेश के एक दर्जन से अधिक नंबर बरामद किए, जो उसके परिवार और रिश्तेदारों से संपर्क दर्शाते हैं। एसटीएफ ने पन्ना बीवी के पास से फर्जी आधार कार्ड और मोबाइल जब्त कर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। मकान मालिक सूरज साव पर बिना पुलिस सूचना के किरायेदार रखने और बांग्लादेशी महिला का सहयोग करने के आरोप में वैधानिक कार्रवाई की गई। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।




# गैरेज में आग, लाखों का सामान खाक

**जगदलपुर।** गीदम रोड पर वन विद्यालय के सामने स्थित सहारे गैरेज में शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई। इस हादसे में गैरेज में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। गैरेज मालिक सुंदर लाल सहारे ने बताया कि उन्होंने रात को गैरेज बंद कर घर चले गए थे। देर रात उन्हें आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद वे परिवार के साथ मौके पर पहुंचे। आग की गंभीरता को देखते हुए एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। जिला सेनानी संतोष मार्बल के नेतृत्व में दो दमकल वाहनों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक गैरेज का सारा सामान नष्ट हो चुका था। प्रारंभिक जांच में आग का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। पुलिस और प्रशासन मामले की विस्तृत जांच कर रहे हैं।

मानिकपुर चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया

# फोन पर अश्लील बातें करने वाला सिरफिरा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले में एक युवक आधी रात में 30 साल की युवती को फोन कर अश्लील बातें करता था। मना करने पर युवती को जान से मारने की धमकी देता था। पीड़िता ने लोक-लज्जा के डर से पहले यह बात किसी को नहीं बताई, किन जब युवक ने बार-बार फोन करने लगा। इससे परेशान होकर पीड़िता ने मानिकपुर चौकी में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, आरोपी सुबोध कुमार सिन्हा मूल रूप से बिहार का रहने वाला है और कोरबा के रविशंकर नगर में केरला कैफे के ऊपर किराये के मकान में रहता है।

वह पताड़ी स्थित एक पॉवर प्लांट में कर्मचारी है। आरोपी को पीड़िता का नंबर किसी तीसरे व्यक्ति से मिला था। इसके बाद वह लगातार फोन कर अश्लील बातें करता और परेशान करता था। पीड़िता ने उसे समझाने की कोशिश की कि वह ऐसी लड़की नहीं है और




उसे तंग न करे, लेकिन आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। आखिरकार, धमकियों से तंग आकर पीड़िता ने पुलिस से संपर्क किया। पीड़िता ने अपनी सहेलियों को भी यह बात बताने में संकोच किया और अपने परिवार को भी इसकी जानकारी नहीं दी। वह यह भी जानना चाहती है कि उसका नंबर आरोपी को किसने और क्यों दिया। मानिकपुर चौकी प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि पीड़िता की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ अश्लील बातचीत और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस ने आरोपी को एक पॉवर प्लांट से गिरफ्तार किया है और मामले की जांच जारी है।

नवनिर्मित आवासों की प्रतीकात्मक चाबियां सौंपी, बढ़ाया हौसला

# माओवाद पीड़ित परिवारों को सीएम ने दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बीजापुर जिले के गलगम प्रवास के दौरान माओवाद पीड़ित परिवारों को सुरक्षित जीवन की सौगात दी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नवनिर्मित आवासों की प्रतीकात्मक चाबियां वितरित कर उन्होंने इन परिवारों के पुनर्वास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया।

गलगम कैंप में सुरक्षाबलों से मुलाकात कर मुख्यमंत्री ने उनका हौसला बढ़ाया। इस दौरान उसूर निवासी रामबाई गटपल्ली को जब नए घर की चाबी मिली तो वह भावुक हो उठीं और मुख्यमंत्री को आशीर्वाद व धन्यवाद देकर कृतज्ञता व्यक्त की। इसी तरह सत्यवती गटपल्ली ने भी



नए घर के लिए आभार जताया। मुख्यमंत्री ने चंद्रकला नोल्ली, दुर्गम शम्मी, वीरी माड़वी और लक्ष्मी कट्टम को आवास निर्माण के स्वीकृति आदेश सौंपे और टिकाऊ व सुंदर घर बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया। इसके अतिरिक्त, ज्योति कट्टम, राधा कड़ती सहित पांच पात्र हितग्राहियों को नए राशन कार्ड प्रदान किए गए, जिससे उन्हें रियायती दर पर खाद्यान्न और आवश्यक सामग्री आसानी से मिल सकेगी। कई हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए गए, जिससे वे निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। हितग्राहियों ने सरकार की इस संवेदनशील पहल के लिए मुख्यमंत्री और राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। यह कार्यक्रम प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

चिंतन

# तुर्की और अजरबैजान को बड़ा झटका देना जरूरी

देश में तुर्की और अजरबैजान को सबक सिखाने के लिए देशवासियों और संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन और व्यापारिक बहिष्कार का आह्वान किया जा रहा है, क्योंकि इन दोनों देशों ने भारत द्वारा पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों पर किए गए हमलों की निंदा करते हुए पाकिस्तान का समर्थन किया था। इसके बाद कारोबारियों ने भी तुर्किये के सेब और संगमरमर जैसे उत्पादों का बहिष्कार करना शुरू कर दिया है और अब ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन ने तुर्की और अजरबैजान का पूर्ण बहिष्कार करने का ऐलान करते हुए कहा है कि इन दोनों देशों का रवैया भारत के खिलाफ है, इसलिए अब उनसे जुड़ी किसी भी फिल्मी गतिविधि में भाग नहीं लिया जाएगा। एसोसिएशन ने सरकार से भी इन देशों के सभी कलाकारों का वीजा रद करने की भी मांग की है। इंडस्ट्री से अपील करते हुए कहा गया है कि कोई भी कलाकार या निर्माता तुर्की और अजरबैजान में शूटिंग के लिए न जाए। इन देशों से प्रायोजित किसी भी कार्यक्रम या इवेंट में हिस्सा न लें। तुर्की और अजरबैजान के कलाकारों या फाइनेंसर के साथ कोई भी प्रोजेक्ट न करें। ऐसा पहली बार हुआ है जब फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों ने दोनों देशों के बहिष्कार का ऐलान किया है। वैसे अनेक हिन्दी फिल्मों की शूटिंग तुर्किये में हुई है। इसके अलावा कारोबारी संगठन भी लगातार दोनों देशों के खिलाफ लामबंद हो रहे हैं। भारत का तुर्किये को निर्यात अप्रैल, 2024 से फरवरी, 2025 के दौरान 5.2 अरब डॉलर रहा, जबकि 2023-24 में यह 6.65 अरब डॉलर था। यह भारत के कुल 437 अरब डॉलर के निर्यात का सिर्फ 1.5 प्रतिशत है। वहीं, भारत का अजरबैजान को निर्यात अप्रैल, 2024 से फरवरी, 2025 के दौरान मात्र 8.60 करोड़ डॉलर रहा, जबकि 2023-24 में यह 8.96 करोड़ डॉलर था। यह भारत के कुल निर्यात का मात्र 0.02 प्रतिशत है। तुर्किये से भारत का आयात अप्रैल, 2024 से फरवरी, 2025 के दौरान 2.84 अरब डॉलर था, जबकि 2023-24 में यह 3.78 अरब डॉलर था। यह भारत के कुल 720 अरब डॉलर के आयात का सिर्फ 0.5 प्रतिशत है। तुर्किये से भारत विभिन्न प्रकार के मार्बल ताजा सेब, सोना, सब्जियां, चूना और सीमेंट, खनिज तेल रसायन, प्राकृतिक या संवर्धित मोती, लोहा और इस्पात का आयात करता है। दोनों देशों के बीच साल 1973 में एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे, जिसके बाद 1983 में आर्थिक और तकनीकी सहयोग पर भारत-तुर्की संयुक्त आयोग की स्थापना पर एक समझौता हुआ। भारत अजरबैजान को तम्बाकू और उसके उत्पाद, चाय, कॉफी, अनाज, रसायन, प्लास्टिक, रबड़, कागज और पेपर बोर्ड और सिरेमिक उत्पाद का निर्यात करता है। वहीं, भारत में अजरबैजान से पशु चारा, जैविक रसायन, आवश्यक तेल और इत्र तथा कच्ची खालें और चमड़ा आता है। वर्तमान में तुर्किये में लगभग 3,000 भारतीय नागरिक हैं, जिनमें 200 छात्र शामिल हैं। इसी तरह, अज़रबैजान में भारतीय समुदाय के लोगों की संख्या 1,500 से ज़्यादा है। दोनों देशों के रवैये के कारण अब ये व्यापार खटाई में पड़ता दिख रहा है। इसके अलावा भारतीय पर्यटक भी तुर्की और अजरबैजान की यात्रा टाल रहे हैं। इससे उन्हें बड़ा झटका लगना तय है क्योंकि दोनों देश पर्यटन पर निर्भर हैं। भारत में सोशल मीडिया पर इन देशों का बहिष्कार ट्रेंड कर रहा है। हालांकि अभी इस पर सरकार ने अपने स्तर पर कोई ऐनाल नहीं किया है। इसके बावजूद इन्हें पाक का समर्थन करने पर बड़ा नुकसान होना तय है और यह जरूरी भी है।



विश्लेषण
पंकज झा

# प्रत्याक्रमण के बाद की नीति संघर्ष विराम

> भारत के इतिहास की गाथाओं के उलट यह गाथा महाविजय की है, तमाम आतंक और हिंसा के मामले में सहिष्णु होने के उलट मोदी युग अब 'जीरो टॉलरेंस' का है। पिछले एक दशक में दुनिया ने यह देखा है कि भारत अब मार खाना नहीं, बल्कि भीतर-बाहर के उपद्रवियों-आतंकियों के घर में घुस कर मारना जानता है। वह देश के खिलाफ आंखें तरेरने वालों की आंखें फोड़ देने, भारत के विरुद्ध उठे 'हाथ' को मरोड़ कर उसे केहुनी से उखाड़ देने का माद्दा रखता है। निश्चित ही संघर्ष विराम भी प्रत्याक्रमण और उसके बाद की एक नीति होती है, जिसे 'फेक नैरेटिव' के शिकार लोगों को भी समझना होगा। न तो कोई युद्ध कभी अंतिम होता है, न ही कोई सशर्त संघर्ष विराम ही स्थायी होता है।

भारत अभी-अभी इतिहास के एक ऐसे मोड़ से गुजरा है जिसकी धमक सदियों तक सुनाई देगी। भारत के इतिहास की गाथाओं के उलट यह गाथा महाविजय की है, तमाम आतंक और हिंसा के मामले में सहिष्णु होने के उलट मोदी युग अब 'जीरो टॉलरेंस' का है। पिछले एक दशक में दुनिया ने यह देखा है कि भारत अब मार खाना नहीं, बल्कि भीतर-बाहर के उपद्रवियों-आतंकियों के घर में घुस कर मारना जानता है। वह देश के खिलाफ आंखें तरेरने वालों की आंखें फोड़ देने, भारत के विरुद्ध उठे 'हाथ' को मरोड़ कर उसे केहुनी से उखाड़ देने का माद्दा रखता है। नेतृत्व अब राष्ट्र के विरुद्ध दुष्प्रचार में रत 'हैण्डलरों' से भी निपट कर, फेक न्यूज के तमाम कुहासे को चीर कर राष्ट्रीयता का प्रकाश बिखेरने का काम करने लगा है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में जीवन के सबसे सुन्दर क्षण बिता रहे लोगों के जीवन के विरुद्ध जैसी कायराना हरकत आतंकियों ने की, जिस तरह बच्चों के जीवन में बारूद घोलने का नृशंस कार्य सीमा पार से किया गया, जैसे धर्म पूछ-पूछ कर हत्याएं की गयी, जैसे उन सुहागनों का सिन्दूर भी उजाड़ दिया गया जिसकी मेहंदी का रंग भी अभी फीका नहीं पड़ा था, ऐसे आदमखोरों के खिलाफ 'ऑपरेशन सिन्दूर' के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदेश पर हमारे वीर जवानों ने वास्तव में कहर ढाया है। जिस तरह हमारी मिसाइलों ने आतंकियों का खानदान तबाह कर दिया है, जैसे आज पाकिस्तान की घुड़कियों का जवाब दिया गया है, उसने भारत को उसके इतिहास के सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा लिया है। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम सन्देश में कहा भी कि –व्यापार और आतंक, बातचीत और हिंसा एक साथ नहीं चल सकते, खून और पानी एक साथ नहीं बहने दिया जाएगा। आतंकियों को उचित दंड देने के बाद शरण में आये पाकिस्तान को अस्थायी अभयदान भी इस शर्त के साथ दिया गया है कि आगे भारत की ओर वह आंख उठाने का दुस्साहस नहीं करेगा। अगर करेगा तो उसे भारत के विरुद्ध युद्ध समझते हुए इससे भी अधिक कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसी कारवाई जिसे उस असभ्य देश की पुश्तें याद रखेंगी। सूचना तकनीक के इस युग में युद्ध केवल हथियारों से नहीं लड़े जाते, आज 'प्रचार युद्ध' भी सामरिक विषय का एक आवश्यक अंग हो गया है। इस युद्ध में तमाम भारत विरोधियों ने, मोदी जी से हार और खार खाए, पस्त-परास्त विरोधियों ने बाहर-भीतर मोर्चा सा खोल दिया था। ऐसी-ऐसी झूठी खबरें, फेक नैरेटिव रचे गए जिसका कोई सानी नहीं है। विपक्ष प्रायोजित एजेंडे ने भी इस युद्ध में हमें शर्मसार किया है। हमले के बाद जब प्रत्याक्रमण की तैयारी चल रही थी, तब बार-बार दिन-रात यह कहना कि युद्ध हो क्यों नहीं रहा है, जब भारत ने आतंकी ठिकानों पर आक्रमण किया और पाकिस्तान ने उसे खुद पर हमला समझते हुए युद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न कर दी, तब उसे परोक्ष समर्थन देते हुए युद्ध नहीं करने संबंधित तमाम पोस्ट लिखना, फिर संघर्ष विराम (युद्ध विराम नहीं) के बाद युद्धोन्माद फैलाने की साजिश, अपने देश और नेतृत्व को नीचा दिखाने के ऐसे-ऐसे षड्यंत्र किये गए जिसे सोच कर शर्म भी शर्मसार हो गया है। किंतु लाख कूट रचना के बावजूद पीएम मोदी के राष्ट्र के नाम सन्देश ने देश में उत्साह और शौर्य का, भरोसे का संचार कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र



मोदी पर आंख मूंदकर भरोसा कायम रखने के हजार कारण है। हर बार मां भारती के ये सपूत हमारे भरोसे पर खरे उतरे भी हैं। देश के भीतर के तटस्थ आलोचकों को भी यह समझना होगा। एक आम नागरिक के पास जितनी सूचनायें होती हैं, उससे सौ गुना अधिक जानकारी सरकार के पास होती ही है। हमें अपनी अधकचरी जानकारी के आधार पर कुछ भी प्रतिक्रिया देने या मन बना लेने का स्वभाव छोड़ना होगा। आज भारत के पास जैसा नेतृत्व है, वैसा किसी भी कालखंड में नहीं रहा है। आज भारत में श्रेष्ठतम सरकार है, निर्विवाद रूप से श्रेष्ठतम प्रधानमंत्री हैं नरेंद्र मोदी। भारत अत्यधिक विविधता पूर्ण और क्लिष्ट देश है। इसे समझना और सबको साथ लेकर, चारों तरफ दुश्मनों से घिरे रहने के बावजूद सर उठाकर चलना, फिर भी समृद्धि और शांति का टापू बने रहना ऐसी उपलब्धि है, जिसका वर्णन इतिहास करेगा। हमने महामारी जैसी स्थिति भी देखी है, जिसमें जिस सूझ-बूझ के साथ निपट कर जन-धन को सुरक्षित रखा गया, उसकी कल्पना भी नहीं थी। उन्हें भी अपनों का साथ और विश्वास चाहिए होता है। आप कुछ भी न करें, बस भरोसा बनाये रखें, तो भी काफी होगा। सत्य हमारे साथ है तो हम जीतेंगे ही। भारत अब पीछे मुड़ कर देखने वाला नहीं है। हमें यह समझना होगा कि युद्ध वास्तव में शांति की मां है। युद्ध की कोख से ही शांति का जन्म होता है। जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा भी है 'यह देश बुद्ध का है और गुरु गोविन्द सिंह जी का भी है।' सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़ियन ते मैं बाज तुड़ाऊं, तबै गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊं। युद्ध उस दिन ही नहीं होते, जिस दिन होते हैं। युद्ध की तैयारियां युद्ध स्तर पर चलती रहती हैं हमेशा। युद्ध तो महज परीक्षा है इस बात की कि आपने कितनी तैयारी की शांतिकाल में। कितना युद्धरत रहे आम आदमी की तरह। युद्ध मानव जीवन का अभिन्न अंग है। आप रह ही नहीं सकते युद्ध के बिना। स्वयं से लेकर परम तक, आपको हमेशा युद्धरत रहना होता है, व्यष्टि से समष्टि तलक। निश्चित ही संघर्ष विराम भी प्रत्याक्रमण और उसके बाद की एक नीति होती है, जिसे 'फेक नैरेटिव' के शिकार लोगों को भी समझना होगा। न तो कोई युद्ध कभी अंतिम होता है न ही कोई सशर्त संघर्ष विराम ही स्थायी होता है। संघर्ष विराम बहुधा कृष्ण का शांति प्रस्ताव के जैसा भी होता है, ताकि इतिहास यह न कह सके कि शांति की कोई भी कोशिश छोड़ी गयी। पहलगाम के बाद लगातार चले प्रकरण का हमारे लिए संदेश यही है कि अगर आप शांति से रहना चाहते हों, जो कि हर सनातनी सदा चाहता है, तो आपको युद्ध हेतु सर्वदा कमर कसे बलिदान हेतु तत्पर रहना होगा। युद्ध नहीं होना इस बात की गारंटी कतई नहीं है कि आप जीवन भर जीवित ही रहेंगे।

धर्म युद्ध वास्तव में शांति की मां हैं। विश्व के इतिहास की सभी गाथायें वास्तव में युद्धों की गाथा ही तो हैं। हमारे सभी भारतीय वाङ्मय अंततः बुराई के विरुद्ध युद्ध की कथा के अलावा और है क्या? निस्संदेह सशर्त संघर्ष विराम भी उसी युद्ध का एक उपकरण है। आज भारत के पास जो दैवदुर्लभ नेतृत्व है, उसने अपना सारा जीवन संघर्ष और युद्ध की परिस्थिति से ही गुजार कर कुंदन बनाया है। देश के हर ऐसे नागरिक को, जिनका भारत की 'सक्सेस स्टोरी' में विश्वास है, उन्हें यह गौरव बोध बना कर रखना होगा। इस मोड़ पर कथित तटस्थ दिखने वाले लोगों को भी सोचना होगा कि उन्हें अपना पक्ष चुनना ही होगा। जैसा दिनकर ने कहा है :-

किसने कहा, युद्ध की बेला चली गयी, शांति से बोलो?
किसने कहा, और मत बेधो हृदय वह्नि के शर से,
भरो भुवन का अंग कुंकुम से, कुसुम से, केसर से?
समर शेष है, नहीं पाप का भागी केवल व्याध
जो तटस्थ हैं, समय लिखेगा उनके भी अपराध।
जय हिन्द की सेना। जय हिन्द।

(लेखक छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

ऑपरेशन सिंदूर
आशीष वशिष्ठ




# दुनिया को समझना होगा भारत का 'न्यू नॉर्मल'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में पाकिस्तान को स्पष्टतः चेता दिया कि अगर हमारे भारत की ओर आंख उठाकर भी देखा तो वो हश्र होगा कि दुनिया याद करेगी। राष्ट्र के नाम संदेश के अगले दिन पीएम ने आदमपुर एयरबेस पहुंचकर जवानों का उत्साह और मनोबल बढ़ाया। आदमपुर में प्रधानमंत्री के साथ समवेत स्वर में जब जवानों ने भारत माता की जय का उद्घोष किया तो उस निनाद की गूंज और प्रतिध्वनि पाकिस्तान ही नहीं अखिल विश्व ने स्पष्ट तौर पर सुनी। पीएम ने अपने संबोधन में जितनी स्पष्टवादिता, दृढ़ता और विश्वास के साथ सधे और नपे-तुले शब्दों में अपनी बात विश्व के समक्ष रखी है, ऐसा साहस उनका कोई पूर्ववर्ती दिखा नही सका। पाकिस्तान के साथ अब तक हुए चार युद्ध, बालाकोट और उरी स्ट्राइक में उसे इतने गहरे घाव नहीं लगे, जितने ऑपरेशन सिंदूर ने उसे दिये। अपने स्वभाव से विवश पाकिस्तान पहलगाम आतंकी घटना के बाद इसी सोच के साथ रहा होगा, भारत प्रत्युत्तर में अधिक से अधिक एयर स्ट्राइक या उरी जैसा आक्रमण करेगा। लेकिन उसके अनुमान और विचार धरे के धरे रह गए। भारत ने जो विध्वंस ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से मचाया, उसकी कल्पना भी आतंकियों और उनके जन्मदाताओं एवं शरणदाताओं की कल्पना से भी परे थी। भारत ने लड़ाई के मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि सिंधु जल संधि को स्थगित करने जैसा ऐतिहासिक और साहसी कदम भी उठाया। जम्मू कश्मीर में धारा 370 को खत्म करने जैसे बड़े कदम उठाने के बाद भी पाकिस्तान भारत को हल्के में लेता रहा। वास्तव में त्रुटि पाकिस्तान की नहीं, हमारी ही रही। हमारे देश के भीतर एक ऐसी मंडली है, जिनके हृदय में भारत से अधिक पाकिस्तान के लिये प्रेम, पक्षपात और दया भावना उछाल मारती है। यही मंडली हर आतंकी घटना के बाद भारत पाकिस्तान के विरुद्ध कड़े कदम उठाने का प्रपंच और स्वांग रचती है। प्रोपेगेंडा करने और नैरेटिव गढ़ने में इस मंडली को महारत प्राप्त है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी ये मंडली सक्रिय हो गई थी। वो अलग बात है कि इस बार यह अपना एजेंडा चलाने में सफल नहीं हुई। पीएम मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति का समर्थन पाकर हमारे वीर जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान को उदाहरण के साथ अच्छे से समझा दिया है कि अब खेल बदल चुका है। खेल के खिलाड़ी बदल चुके हैं। भारत की सत्ता जिनके हाथों में हैं, उनका नारा नेशन फर्स्ट का है। ऑपरेशन सिंदूर के रूप में भारत ने न केवल आतंक के पोषक और जनक पाकिस्तान को करारा उत्तर दिया, बल्कि एक नया सैन्य और रणनीतिक सिद्धांत स्थापित कर दिया। 7 से 10 मई के बीच चार दिनों तक चले इस सीमित, लेकिन तीव्र सैन्य अभियान ने न केवल पाकिस्तान को सैन्य रूप से झकझोर कर रख दिया, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की साख, क्षमता और इच्छाशक्ति का ऐसा प्रदर्शन किया जो दशकों में पहली बार देखा गया। ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने यह स्पष्ट कर दिया कि आतंक के विरूद्ध अब वह चुप नहीं बैठेगा, घर के भीतर घुसकर मारेगा। पहलगाम घटना के बाद भारत ने बातें नहीं की, डोजियर सौंपने की तैयार नहीं की, सीधे घर में घुसकर मारा, सीधे एक्शन लिया। पाकिस्तान के अंदर घुसकर 15 से अधिक आतंकियों और सेना से जुड़े ठिकानों को नष्ट भ्रष्ट कर दिया। भारत ने केवल आतंकी ठिकानों पर नहीं, उनके ड्रोन कंट्रोल सेंटर और एयरबेस तक को निशाना बनाया। ये दिखाने के लिए कि अगर आवश्यकता पड़ी, तो भारत सीधे उनके सीने तक पहुंच सकता है। ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य ना राष्ट्र पर आधिपत्य की कामना थी, ना किसी सरकार को गिराने या परिवर्तन की। एकमात्र बात विश्व को बतानी थी कि यदि भारत पर आक्रमण हुआ, तो उत्तर अवश्य मिलेगा और ऐसा मिलेगा कि पुनः सोचने पर विवश कर देगा। अब भारत की लड़ाई का ढंग परिवर्तित हो गया है। यह केवल अस्त्र-शस्त्र नहीं दिखाता, यह बताता है कि कब, कहां और कैसे उनका प्रयोग करना है। यह एक नया भारत है- जो केवल निनाद नहीं उठाता, अब प्रभाव और धमक भी दिखाता है। अब भारत प्रतिक्रिया में नहीं चलता, कर्मण्यता पर विश्वास करता है और नई दिशा तय करता है। यह परिवर्तन केवल एक रणनीति नहीं है, ये मानसिकता का परिवर्तन है। इसलिए पीएम मोदी ने आदमपुर एयर बेस में कहा कि, 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत का 'न्यू नॉर्मल' है। यही मानसिक परिवर्तन भारत का 'न्यू नॉर्मल' है। और इस 'न्यू नॉर्मल' को अखिल विश्व जितनी जल्दी समझेगा, वो उसके और शेष दुनिया के लिए हितकारी, सुखप्रद और शांतिप्रद होगा।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक और स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः



संकलित
दर्शन

गीताकार ने कहा है कि श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः अर्थात जिसकी जैसी श्रद्धा होती है, वह स्वयं ही वही यानी उसी के अनुरूप बन जाता है। शिष्य और गुरु के मध्य जो श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन होता है, वही लक्ष्य तक पहुंचाने और अध्यात्म की समस्त विभूतियां प्राप्त कराने में प्रमुख भूमिका निभाता है। जिस श्रद्धा के सहारे मीरा ने गिरधर गोपाल को साथ रहने के लिए विवश किया, एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मिट्टी से बनी प्रतिमा को असली द्रोण से भी अधिक समर्थ बनाया और रामकृष्ण परमहंस ने पत्थर की प्रतिमा को जीवंत काली जैसा भोग ग्रहण करने के लिए सहमत कर लिया था, वह श्रद्धा तत्व ही आत्मिक प्रगति का आधारभूत है। इसे उपार्जित करने के लिए जीवंत गुरु का आश्रय लेना पड़ता है। जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण कार्य के लिए सद्गुरु के अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। आत्मिक प्रगति के लिए सद्गुरु का आश्रय लिए जाने की बात प्राचीन आर्ष ग्रंथों से लेकर ऋषि-मुनियों तक ने कही है। आत्मिक प्रगति, भिन्न स्तर का सोच अपनाने और तदनुरूप अपने क्रियाकलापों को ढालने के लिए सशक्त अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। यह कार्य समर्थ आदर्शवादी और श्रेष्ठ स्तर के व्यक्तित्वों के साथ घनिष्ठता स्थापित करने पर ही बनता है। इसी व्यवस्था को गुरुवरण कहते हैं। गुरु के रूप में एक ऐसी सत्ता के प्रति संपूर्ण समर्पण, जो उत्कृष्टताओं और सत्प्रवृत्तियों का समुच्चय हो।

## राजा हैं, फिर भी घमंडी ना बनें



संकलित
प्रेरणा

एक राज्य में एक राजा रहता था जो बहुत घमंडी था। उसके घमंड के चलते आस पास के राज्य के राजाओं से भी उसके संबंध अच्छे नहीं थे। उसके घमंड की वजह से सारे राज्य के लोग उसकी बुराई करते थे। एक बार उस गाँव से एक साधु महात्मा गुजर रहे थे उन्होंने भी राजा के बारे में सुना और राजा को सबक सिखाने की सोची।साधु तेजी से राजमहल की ओर गए और बिना प्रहरियों से पूछे सीधे अंदर चले गए। राजा ने देखा तो वो गुस्से में भर गया। राजा बोलाः ये क्या उदण्डता है महात्मा जी, आप बिना किसी की आज्ञा के अंदर कैसे आ गए? साधु ने विनम्रता से उत्तर दियाः मैं आज रात इस सराय में रुकना चाहता हूँ। राजा को ये बात बहुत बुरी लगी वो बोलाः महात्मा जी ये मेरा राज महल है कोई सराय नहीं, कहीं और जाइये। साधु ने कहाः हे राजा, तुमसे पहले ये राजमहल किसका था? राजाः मेरे पिताजी का, साधुः तुम्हारे पिताजी से पहले ये किसका था? राजाः मेरे दादाजी का। साधु ने मुस्करा कर कहाः हे राजा, जिस तरह लोग सराय में कुछ देर रहने के लिए आते है वैसे ही ये तुम्हारा राज महल भी है जो कुछ समय के लिए तुम्हारे दादाजी का था, फिर कुछ समय के लिए तुम्हारे पिताजी का था, अब कुछ समय के लिए तुम्हारा है, कल किसी और का होगा। ये राजमहल जिस पर तुम्हें इतना घमंड है ये एक सराय ही है जहाँ एक व्यक्ति कुछ समय के लिए आता है और फिर चला जाता है। साधु की बातों से राजा इतना प्रभावित हुआ कि सारा राजपाट, मान सम्मान छोड़कर साधु के चरणों में गिर पड़ा और महात्मा जी से क्षमा मांगी और फिर कभी घमंड ना करने की शपथ ली।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### संघर्षविराम के मायने

10 मई 2025 की शाम जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की कि भारत और पाकिस्तान संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं तो दुनिया ने राहत की सांस ली। कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाइयों ने न केवल सीमा पार आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया था, बल्कि युद्ध के बादल गहराने की आशंकाओं के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चिंता पैदा कर दी थी। अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स में संघर्षविराम के विभिन्न कारण बताए जा रहे हैं। बहरहाल, इससे भारत के वैश्विक कूटनीतिक कद को नई ऊंचाई मिली है। संघर्षविराम को भारत की रणनीतिक विजय माना जा रहा है। शेयर बाजार में भी हरियाली छा गई है। लोगों के कारोबार-व्यापार चल पड़े हैं।

*– महेश कौशिक, बलौदा बाजार*

### ट्रेंड

#### नक्सलमुक्त होगा भारत



सुरक्षा बलों ने नक्सलवाद के विरुद्ध अब तक के सबसे बड़े ऑपरेशन में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा के कुर्रगुट्टालू पहाड़ (केजीएच) पर 31 कुख्यात नक्सलियों को मार गिराया। मैं देशवासियों को पुनः विश्वास दिलाता हूँ कि 31 मार्च 2026 तक भारत का नक्सलमुक्त होना तय है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

#### गहरी संवेदनाएं



पंजाब बॉर्डर पर तैनात गांव समसपुर (चरखी दादरी) निवासी, हरियाणा के वीर सपूत मनोज फोगाट देश की सेवा करते हुए वीरगति को प्राप्त हो गए। यह देश सदैव उनके बलिदान को याद रखेगा। मैं शहीद के परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूँ।

-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा

#### मानवता के दुश्मन



पहलगाम की बर्बरपूर्ण आतंकवादी घटना करने वाले एवं उसका समर्थन करने वाले सिर्फ हमारे देश के ही दुश्मन नहीं बल्कि वे मानवता के दुश्मन हैं, उन्हें सबक सिखाना जरूरी हैं।

-देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र

#### एचएएल हवाई अड्डा



बेंगलुरु में भारी यातायात प्रवाह और दूर केम्पेगौड़ा हवाई अड्डे से कुछ यातायात को स्थानांतरित करने की बढ़ती मांग को देखते हुए, नागरिकों के लिए एचएएल हवाई अड्डे को फिर से खोलना उचित है।

-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी

### करंट अफेयर

## सिंगापुर में भारतवंशी ने मुफ्त परोसा भोजन

भारतीय मूल की एक पूर्व शिक्षिका और उनके परिवार ने सिंगापुर के लिटिल इंडिया क्षेत्र में पिछले कुछ सालों में लाखों प्रवासी श्रमिकों को निशुल्क भोजन परोसा है। उन्होंने वर्ष 2018 में एक सूप किचन की स्थापना की थी। इसमें अब तक प्रवासी श्रमिकों, मुख्य रूप से भारत और बांग्लादेश से आए लोगों को एक करोड़ से अधिक बार भोजन परोसा जा चुका है। 'द स्ट्रेट्स टाइम्स' में प्रकाशित एक आलेख के अनुसार, लता गोविंदसामी और उनके परिवार ने देखा कि लिटिल इंडिया में प्रवासी कार्मिकों को शुद्ध, पारंपरिक और पौष्टिक भारतीय भोजन मिलना मुश्किल और महंगा था। इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने 'कृष्णा फ्री मील्स' नाम से एक सूप किचन शुरू किया, जहां कामगारों को निःशुल्क नाश्ता, दोपहर और रात का भोजन उपलब्ध कराया जाता है। कोविड-19 महामारी के दौरान कई स्वयंसेवक और शुभचिंतक इस प्रयास में शामिल हुए और उन्होंने आर्थिक मदद दी। स्वयं श्रमिक भी सूप किचन के संचालन में छोटी-छोटी राशि देकर योगदान करने लगे। गोविंदसामी ने कहा, मेरी दो बहनें, उनके पतियों और मैंने यह पहल इसलिए शुरू की क्योंकि हमारे माता-पिता ने हमें सिखाया था कि भोजन बांटने से लोगों के बीच स्नेह और अपनापन बढ़ता है।



### ऑफ बीट

## मंगल के धूल भरे लाल मैदान के नीचे रहस्य



इस बात के प्रमाण बढ़ रहे हैं कि मंगल के धूल भरे लाल मैदानों के नीचे एक रहस्य छिपा है, जो लाल ग्रह के बारे में हमारे नज़रिए को फिर से परिभाषित कर सकता है: इसमें पानी का एक विशाल भंडार है, जो पृथ्वी की सतह में गहराई तक है। मंगल ग्रह पर प्राचीन जल निकायों के निशान हैं। लेकिन जब ग्रह ठंडा और शुष्क हो गया तो यह सब कहां चला गया, इसकी पहेली ने वैज्ञानिकों को लंबे समय से उलझन में डाल रखा है। नासा के 'इनसाइट' मिशन से भूकंप संबंधी आंकड़ों का उपयोग करते हुए, इस बात के प्रमाण खोजे हैं कि भूकंपीय तरंगें सतह से 5.4 से 8 किलोमीटर नीचे की परत में धीमी हो जाती हैं, जो इन गहराईयों में तरल पानी की मौजूदगी के कारण हो सकता है। मंगल हमेशा से वैसा बंजर रेगिस्तान नहीं था जैसा हम आज देखते हैं। अरबों पहले, नोआचियन और हेस्पेरियन काल (4.1 अरब से 3 अरब साल पहले) के दौरान, नदियों ने घाटियां बनाईं और वहां झीलें चमकती थीं। नोआचियन और हेस्पेरियन काल मंगल ग्रह के भूगर्भिक इतिहास के दो महत्वपूर्ण कालखंड हैं। नोआचियन काल में, मंगल ग्रह बड़े और छोटे दोनों तरह के गड्ढों से ढका हुआ था। हेस्पेरियन काल के दौरान, नोआचियन सतह पर और छोटे गड्ढे जमा हो गए।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर का रास्ता साफ

# सुप्रीम कोर्ट ने 5 एकड़ जमीन मंदिर को दी, ट्रस्ट के नाम होगा पंजीकरण

सुप्रीम कोर्ट ने कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को मंदिर के 500 करोड़ रुपए से कॉरिडोर के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी है। शीर्ष अदालत ने शर्त लगाई कि अधिग्रहित भूमि देवता के नाम पर पंजीकृत होगी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने संशोधित किया। हाईकोर्ट ने मंदिर के आसपास की भूमि को अपने धन का उपयोग करके खरीदने पर रोक लगा दी थी। अब इसमें संपूर्ण फैसला दिया है।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंदिर के आसपास की भूमि को अपने धन का उपयोग करके खरीदने पर रोक लगाई थी**

एजेंसी ▶▶ वृंदावन

यहां के बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने 5 एकड़ जमीन अधिग्रहण को दी मंजूरी दे दी है। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को मंदिर के 500 करोड़ रुपए से कॉरिडोर के लिए मंदिर के पास 5 एकड़ जमीन अधिग्रहित करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। अदालत ने शर्त लगाई कि अधिग्रहित भूमि देवता के नाम पर पंजीकृत होगी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने संशोधित किया। हाईकोर्ट ने मंदिर के आसपास की भूमि को अपने धन का उपयोग करके खरीदने पर रोक लगा दी थी।



**इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने संशोधित किया**

**उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार को शर्त के साथ दी स्वीकृति**

### मंदिर की सावधि जमा राशि के उपयोग की अनुमति भी दी

जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस एससी शर्मा की पीठ ने कॉरिडोर के लिए राज्य सरकार की 500 करोड़ रुपए की विकास योजना की जांच करने के बाद बांके बिहारी मंदिर की सावधि जमा राशि के उपयोग की अनुमति दे दी। पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य ने कॉरिडोर विकसित करने के लिए 500 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वहन करने का बीड़ा उठाया है, हालांकि वे संबंधित भूमि खरीदने के लिए मंदिर के धन का उपयोग करने का प्रस्ताव रखते हैं, जिसे हाईकोर्ट ने 8 नवंबर 2023 के आदेश के तहत अस्वीकार कर दिया था।



### 2022 में भगदड़ के बाद उठाया गया कॉरिडोर का कदम

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम उत्तर प्रदेश राज्य को योजना को पूरी तरह से लागू करने की अनुमति देते है। बांके बिहारी जी ट्रस्ट के पास देवता/मंदिर के नाम पर सावधि जमा है। इस अदालत की सुविचारित राय में राज्य सरकार को प्रस्तावित भूमि का अधिग्रहण करने के लिए सावधि जमा में पड़ी राशि का उपयोग करने की अनुमति है। हालांकि मंदिर और कॉरिडोर के विकास के उद्देश्य से अधिग्रहित भूमि देवता/ट्रस्ट के नाम पर होगी।

### सार्वजनिक और आध्यात्मिक कल्याण का मामला बताया

बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर के लिए राज्य सरकार की विकास योजना को अदालत की मंजूरी विशेष रूप से बांके बिहारी मंदिर में 2022 की भगदड़ जैसी दुखद घटनाओं के मद्देनजर आई है। इसके कारण अदालत को ब्रज क्षेत्र के मंदिरों में व्यापक कुप्रशासन का संज्ञान लेना पड़ा है और इस बात पर जोर दिया गया है कि प्रभावी मंदिर प्रशासन न केवल एक कानूनी आवश्यकता है, बल्कि सार्वजनिक और आध्यात्मिक कल्याण का भी मामला है।

## खबर संक्षेप

### डॉ. अजय ने यूपीएससी अध्यक्ष का पद संभाला



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय के पूर्व सचिव डॉ. अजय कुमार ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के अध्यक्ष के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। आयोग के सबसे वरिष्ठ सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ला (सेवानिवृत्त) ने शपथ दिलाई। उन्होंने जीवन प्रमाण, माईगव, प्रगति, बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली, एम्स में ओपीडी में अहम भूमिका निभाई थी।

### टीएमसी विधायक तापस साहा की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के एक विधायक की मौत की खबर है। सीएम ममता बनर्जी ने भी विधायक की मौत पर शोक व्यक्त किया है। विधायक का नाम तापस साहा है वे टीएमसी से विधायक थे। गुरुवार को मस्तिष्काघात से कोलकाता के एक अस्पताल में निधन हो गया है। वे 66 साल के थे। मंगलवार अचानक से बेहोश हो गए, जिसके बाद अस्पताल ले जाया गया।

### सीएम शर्मा को जान से मारने की धमकी

**जयपुर।** राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी नीरज के. पवन को एक धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है। जयपुर के एक क्रिकेट स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। राज्य में उच्च स्तरीय सुरक्षा अलर्ट जारी कर दिया गया है।'दिविज प्रभाकर' ने एक ईमेल खाते से यह ईमेल भेजा था।

### मोदी सरकार में मंत्री रहे बारला टीएमसी में शामिल

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** भाजपा नेता और नरेंद्र मोदी सरकार में मंत्री रहे जॉन बारला शुक्रवार को टीएमसी में शामिल हो गए हैं। उनके जाने को पश्चिम बंगाल में भाजपा के लिए एक झटका माना जा रहा है। राज्य में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। बारला अहम आदिवासी नेता हैं और चाय बागानों और आदिवासी इलाकों में उनका प्रभाव है। बारला ने विपक्षी नेता सुवेंदु अधिकारी द्वारा बाधा उत्पन्न किए जाने पर निराशा व्यक्त की। बारला पश्चिम बंगाल भाजपा के बड़े नेता रह चुके हैं। वह अलीपुरद्वार से भाजपा के टिकट पर 2019 का लोकसभा चुनाव जीतकर सांसद बने थे, जॉन बारला केंद्र में अल्पसंख्यक विकास राज्य मंत्री भी रह चुके हैं।

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने बड़ी कामयाबी हासिल की

# अभियान सही दिशा में आगे बढ़ रहा, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति के लिए सरकार प्रतिबद्ध

करेंगुट्टा पहाड़ी क्षेत्र में चलाए गए संयुक्त अभियान में मिली सफलता

**प्रधानमंत्री मोदी ने इसे जवानों की सफलता बताया**




छत्तीसगढ़ में चलाया जा रहा नक्सल विरोधी अभियान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की। करेंगुट्टा पहाड़ी क्षेत्र में चलाए गए संयुक्त अभियान में सुरक्षा बलों ने महज 21 दिन में 31 कुख्यात नक्सलियों को मार गिराया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सुरक्षा बलों की सफलता दर्शाती है कि नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए हमारा अभियान सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट के जवाब में पीएम मोदी ने एक्स पर कहा कि सुरक्षा बलों की यह सफलता बताती है कि नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने की दिशा में हमारा अभियान सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में शांति की स्थापना के साथ उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

## गृहमंत्री शाह ने भी दी बधाई

इस ऐतिहासिक ऑपरेशन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षा बलों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह नक्सलवाद के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा अभियान है, जिसमें 31 नक्सलियों को मार गिराया गया। शाह ने बताया कि जिस कुर्रगुट्टालू पहाड़ पर पहले नक्सलियों का आतंक था, वहां अब गर्व से तिरंगा लहरा रहा है। यह पहाड़ पीएलजीए बटालियन 1, डीकेएसजेडसी, टीएससी और सीआरसी जैसे बड़े नक्सल संगठनों का मुख्यालय था, जहां नक्सलियों को ट्रेनिंग दी जाती थी और हथियार बनाए जाते थे।



### 31 मार्च 2026 तक भारत को नक्सलमुक्त बनाएंगे

शाह ने यह भी बताया कि ऑपरेशन को 21 दिन में पूरा किया गया। खराब मौसम और दुर्गम पहाड़ी रास्तों के बावजूद सीआरपीएफ, एसटीएफ और डीआरजी के जवानों ने बहादुरी से नक्सलियों का सामना किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार 31 मार्च 2026 तक भारत को पूरी तरह नक्सलमुक्त बनाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने देशवासियों को भरोसा दिलाया कि यह लक्ष्य निश्चित रूप से हासिल किया जाएगा।

### कठिन हालातों में जवानों ने किया सामना

गृह मंत्रालय के अनुसार इस महत्वपूर्ण अभियान के दौरान विभिन्न आईईडी विस्फोटों में कोबरा, एसटीएफ और डीआरजी के कुल 18 जवान घायल हुए। सभी घायल जवान अब खतरे से बाहर हैं और उन्हें विभिन्न अस्पतालों में सर्वोत्तम उपचार प्रदान किया जा रहा है। कुर्रेगुट्टालू पहाड़ी की परिस्थितियां बेहद कठिन हैं और वहां दिन का तापमान 45 डिग्री से अधिक होने के कारण अनेक जवान डिहाइड्रेशन के शिकार हुए। इसके बावजूद भी जवानों के मनोबल में कोई कमी नहीं आई और उन्होंने पूरे साहस और जोश के साथ नक्सलियों के विरुद्ध अभियान जारी रखा।

### नक्सलियों का संगठन खत्म किया जाएगा

अभियान का उद्देश्य नक्सलियों की सशस्त्र क्षमता को कम करना, हथियारबंद दस्तों को न्यूट्रलाइज करना, दुर्गम इलाकों से नक्सलियों को हटाना और नक्सलियों के दुर्दांत संगठन को छिन्न-भिन्न करना था।

### नक्सलियों का प्रभाव क्षेत्र में तेजी से घटा

क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए नक्सलवाद-प्रभावित जिलों में विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करना और आर्म्ड काडर एवं इकोसिस्टम के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करना। इससे नक्सली क्षेत्रों में इनका प्रभाव तेजी से घटता जा रहा है।

**करेंगुट्टा ऑपरेशन में मारे गए 31 नक्सली**

### इस साल अब तक 197 ढेर, 718 का आत्मसमर्पण

नक्सल ऑपरेशन पर बुधवार को सीआरपीएफ के डीजी सहित छत्तीसगढ़ के डीजीपी ने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। डीजी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि देश में नक्सल प्रभावित इलाके 126 से घटकर अब मात्र 18 रह गए हैं। आम लोगों के खिलाफ नक्सली घटनाएं कम हुई हैं। 2025 में सिर्फ 19 घटनाएं ही हुईं। 2025 में अब तक 718 नक्सली सरेंडर कर चुके हैं। यहां 150 से ज्यादा नक्सली बंकर बनाकर रहते थे। इस साल अब तक कुल 197 नक्सलियों को सुरक्षा बलों ने ढेर किया है। हाल ही में कुर्रगुट्टालू हिल्स में सुरक्षा बलों ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 31 नक्सलियों को मार गिराया है।



### 450 आईईडी और बड़ी संख्या में डेटोनेटर, विस्फोटक जब्त

इस दौरान सुरक्षा बलों को भारी मात्रा में विस्फोटक भी बरामद हुए हैं, जिसमें 450 आईईडी और बड़ी संख्या में डेटोनेटर, विस्फोटक उपकरण के अलावा 12,000 किलोग्राम अन्य सामग्री जब्त की है, सुरक्षा बलों ने नक्सलियों की हथियार बनाने वाली चार फैक्टरी को नष्ट कर दिया, जहां जनरेटर, ड्रिल, मोटर और कटर मिले हैं।

सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली तो मंत्री पद से हो सकती है विजय शाह की छुट्टी

# सुप्रीम कोर्ट आज करेगा सुनवाई

भाजपा हाईकमान की मामले पर कड़ी नजर



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा हाईकमान अगले दो तीन दिन में मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह के भविष्य को लेकर कोई बड़ा फैसला कर सकती है। हाल ही में कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर अपमानजनक टिप्पणी करने के बाद से शाह पर विपक्ष हमलावर है और मंत्री पद से उनको बर्खास्त करने की मांग कर रहा है। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट द्वारा उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के बाद विजय शाह ने बृहस्पतिवार को सुप्रीम कोर्ट में इसके खिलाफ याचिका दायर की थी।

सुप्रीम कोर्ट ने भी शाह को उनके आपत्तिजनक बयान को लेकर फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट आज शुक्रवार को उनकी याचिका पर सुनवाई करेगा। याचिका में विजय शाह ने एफआईआर पर रोक लगाने की मांग की है।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष मामले को तत्काल सुनवाई के लिए पेश किया गया। सीजेआई ने शाह के वकील से कहा, आप किस तरह के बयान दे रहे हैं। आप सरकार के एक जिम्मेदार मंत्री हैं।' इस पर वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता एफआईआर पर रोक लगाने की मांग कर रहा है। पीठ ने कहा कि याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई होगी।

### सुप्रीम कोर्ट से अगर शाह को राहत मिली तो....

भाजपा हाईकमान की नजर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में विजय शाह द्वारा दायर याचिका की सुनवाई पर रहेगी। माना जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट से अगर शाह को राहत मिली तो उनका मंत्री पद शायद बचा रह सकता है। सुप्रीम कोर्ट अगर कड़ा रूख अपनाता है और शाह को राहत नहीं मिलती है तो भाजपा नेतृत्व पर उनके इस्तीफे के लिए दबाव बढ़ जाएगा। ऐसे में शाह को मंत्रिमंडल से बाहर किया जा सकता है। सेना अधिकारी पर अपमानजनक टिप्पणी का मामला विपक्षी दलों के साथ साथ आम लोगों को भी रास नहीं आया है। सोशल मीडिया पर भी शाह के खिलाफ लोगों का गुस्सा कम नहीं हुआ है। मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती ने भी विजय शाह को मंत्री पद से हटाने की मांग की है। केन्द्रीय महिला आयोग ने भी उनके बयान की निंदा की है। हालांकि शाह अपनी टिप्पणी को लेकर माफी मांग चुके हैं, लेकिन बेहद अपमानजनक टिप्पणी को देखते हुए उनकी माफी विपक्षी दलों के साथ साथ न कोर्ट को भा रही है और न ही आम लोगों को।

केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने मिजोरम में बागवानी महाविद्यालय के दो नए भवनों का उद्घाटन किया

# मिजोरम के उत्पादों को मार्किटिंग व ब्राडिंग के जरिए अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना लक्ष्यः शिवराज सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को पूर्वोत्तर दौरे के पहले दिन मिजोरम, इंफाल के थेनजोल स्थित बागवानी महाविद्यालय के दो नए भवनों का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया।

बागवानी महाविद्यालय, केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय का ही हिस्सा है, जिसके प्रशासनिक सह अकादमिक और पारगमन भवन का केंद्रीय मंत्री श्री चौहान द्वारा उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मिजोरम के राज्यपाल जनरल (डॉ.) वीके सिंह, मुख्यमंत्री पु. लालदुहोमा और विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. अनुपम मिश्रा भी उपस्थित रहें। खराब मौसम के कारण चौहान बागवानी महाविद्यालय नहीं पहुंच पाएं, लेकिन वर्चुअल माध्यम से ही उन्होंने भवनों का उद्घाटन कर अपनी शुभकामनाएं दीं। चौहान ने कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित मिजोरम और विकसित मिजोरम के लिए, विकसित खेती और समृद्ध किसान जरूरी है। उन्होंने कहा कि चाहे मिजोरम की फसलें हो, चाहे फल, पैशन फ्रूट्स, अदरक, हल्दी, गोभी, बैंगन, टमाटर इत्यादि सबका बहुत महत्व है। यहां के फूल की सुगंध सारी दुनिया को आकर्षित करती है। अब हमारा लक्ष्य है कि इन फसलों को केवल मिजोरम तक ही सीमित नहीं रहने देना है। इनकी मार्किटिंग, ब्राडिंग करके देश और दुनिया में भेजना है। इसमें हम कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। हमें किसानों को आत्मनिर्भर बनाना है। इस कार्यक्रम में किसानों और केवीके की भागीदारी के साथ नवीनतम बागवानी विकास को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसमें 1,500 से अधिक किसानों ने भाग लिया।



सांसद बोली, हरियाणा की भाजपा सरकार अपने हितों की रक्षा करने में पूरी तरह से रही है नाकाम

# पानी के मुद्दे पर नूरा कुश्ती लड़ रहे हरियाणा पंजाब और केंद्र सरकारः कुमारी सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार हरियाणा के हितों की रक्षा करने में नाकाम रही है, ऐसा लग रहा है कि केंद्रीय सरकार, नायब सैनी सरकार और पंजाब की भगवंत मान सरकार के बीच में नूराकुश्ती जारी है। पानी के मुद्दे को लेकर हरियाणा को कोर्ट में जाने के बजाए केंद्र पर ही दवाब बनाना चाहिए क्योंकि सुप्रीम कोर्ट का आदेश पंजाब सरकार नहीं मान रही है। सैलजा ने समझौते के अनुसार हरियाणा को पानी न देने की जिद पर पंजाब अड़ा हुआ है। 15 मार्च से पंजाब सरकार ने हरियाणा का पानी बंद कर रखा है, भीषण गर्मी में जहां प्रदेश के जलघर की डिग्गियां सूखी पड़ी है, लोगों की प्यास बुझाने के लिए हरियाणा ने अपने हक का पानी मांगा था पर पंजाब की आप सरकार पानी पर राजनीति कर रही है। सैलजा ने कहा कि हरियाणा सरकार को यह मुद्दा कोर्ट में नहीं ले जाना चाहिए था, क्योंकि पंजाब सरकार एसवाईएल नहर मामले में देश की सबसे बड़ी अदालत सर्वोच्च न्यायालय का आदेश तक नहीं मान रही है। पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट इस मामले में अब 20 मई को सुनवाई करेगा, उधर 21 मई से नए शेड्यूल से हरियाणा को पानी मिलना पहले से ही था या तो 21 मई से तो पानी मिल ही जाएगा। भाखड़ा नांगल डैम में पानी की कोई कमी नहीं है बल्कि फिलहाल कई फुट बढ़ गया है क्योंकि पहाड़ों पर बारिश भी हुई है और बर्फ भी पिघल रही है। फिर दो महीने से हरियाणा सरकार जनता को क्यों गुमराह करने में लगी है। दो माह में न डैम का कंट्रोल मिला है, न डैम पर केंद्रीय पैरामिलिट्री फोर्स लगी है, न पंजाब पुलिस डैम से हटी है।

बिहार में कांग्रेस की राह आसान करने में जुटे राहुल गांधी ने कहा, अंबेडकर छात्रावास में 'शिक्षा न्याय संवाद' में लिया भाग

# 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा हटेगी, गरीबों को शिक्षा एवं नौकरियों में भागीदारी की जाएगी सुनिश्चित

## मिलने जुलने में रोके जाने पर कांग्रेस ने जताया विरोध

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार के दरभंगा स्थित अंबेडकर छात्रावास में गुरुवार को 'शिक्षा न्याय संवाद' कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को बिहार की जदयू-भाजपा सरकार द्वारा छात्रों के बीच जाने से रोकने का पुरजोर प्रयास किया गया। पार्टी के नेता नवीन जयहिंद और रितु चौधरी ने दावा किया कि आयोजन को विफल करने के लिए कार्यक्रम स्थल से कुर्सियां हटवा दीं गईं और छात्रों को डराने-धमकाने का प्रयास भी किया गया। लेकिन इन सब प्रयासों को नाकाम करते हुए राहुल गांधी दलित, पिछड़े, अति पिछड़े, आदिवासी और अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों के बीच पहुंचे और उनसे संवाद किया। नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी के न्याय के रास्ते में केंद्र के इशारे पर बिहार सरकार चाहे जितनी बाधाएं खड़ी करे वे हर बाधाओं को दूर कर बिहार के गरीबों के न्याय दिलवा कर रहेंगे।

उधर, राहुल गांधी ने बिहार की एनडीए सरकार को डबल इंजन धोखेबाज़ सरकार करार देते हुए कहा कि उन्हें छात्रों से बातचीत करने से रोका जा रहा है। उन्होंने पूछा कि संवाद कब से अपराध हो गया? मुख्यमंत्री नीतीश कुमार किस बात से डर रहे हैं? क्या वह बिहार में शिक्षा और सामाजिक न्याय की स्थिति छुपाना चाहते हैं? उन्होंने स्पष्ट किया कि सामाजिक न्याय की यह लड़ाई अब रुकने वाली नहीं है। यह उनके जीवन का मिशन है। उन्होंने कहा कि उनके पीछे युवाओं और वंचित वर्गों की शक्ति है। इसलिए दुनिया की कोई ताकत उन्हें नहीं रोक सकती। 'शिक्षा न्याय संवाद' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने दलित, पिछड़े, अति पिछड़े और आदिवासी वर्गों के लिए भागीदारी एवं न्याय की मांग की। उन्होंने कहा कि इन वर्गों के खिलाफ देश में बहुत अन्याय होता है और उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में भी दबाया जाता है। निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण की मांग करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि निजी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में आरक्षण लागू होना चाहिए, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार और बिहार सरकार इस कानून को लागू नहीं कर रही हैं। इसी के साथ उन्होंने एससी-एसटी सब प्लान के तहत मिलने वाले धन को इन वर्गों तक पहुंचाने की मांग भी उठाई। मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि मोदी सरकार अडानी-अंबानी की सरकार है और 90 प्रतिशत आबादी के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि देश में दलित, पिछड़े, अति पिछड़े और आदिवासी वर्गों की महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कहीं भी समुचित भागीदारी नहीं है।



इसके विपरीत मनरेगा के तहत काम करने वाले मजदूरों में अधिकांश लोग इन्हीं वर्गों से आते हैं। दूसरी तरफ देश का सारा धन कुछ चुनिंदा लोगों के हाथों में जा रहा है। उन्होंने वादा किया कि अगर कांग्रेस की सरकार सत्ता में आती है, तो वे वंचित वर्गों के लिए न्याय सुनिश्चित करेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने जातिगत जनगणना कराने की मांग पुरजोर तरीके से उठाई। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से स्पष्ट रूप से कहा कि उन्हें संविधान को अपने माथे से लगाना होगा। आखिर में जनता के दबाव के कारण प्रधानमंत्री को जातिगत जनगणना कराने का फैसला करना पड़ा और संविधान को माथे से लगाना पड़ा।

मगर प्रधानमंत्री लोकतंत्र, संविधान, जातिगत जनगणना के खिलाफ हैं और देश की 90 प्रतिशत वंचित-शोषित, गरीब और अल्पसंख्यक आबादी के खिलाफ भी हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने तेलंगाना की तर्ज पर प्रभावी और पारदर्शी जाति जनगणना कराने की मांग को दोहराया।

उन्होंने 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा हटाकर महा-दलित, अति-पिछड़ा, दलित, पिछड़ा और आदिवासी समुदायों को शिक्षा एवं नौकरियों में पर्याप्त प्रतिनिधित्व व भागीदारी सुनिश्चित करने की पार्टी की प्रतिबद्धता को भी दोहराया। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर शिक्षा के बुनियादी ढांचे पर भारी निवेश किया जाएगा, जिससे हर गांव, हर कस्बे का छात्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पा सके।

## खबर संक्षेप

### अरविंद मिल का लाभ 48% बढ़कर 154.64 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** कपड़ा और परिधान क्षेत्र की प्रमुख कंपनी अरविंद लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में 48 प्रतिशत बढ़कर 154.64 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी ने 104.42 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।

### रुपया 18 पैसे की गिरावट के साथ 85.50 प्रति डॉलर



**मुंबई।** आयातकों की डॉलर मांग और विदेशी कोषों की निकासी के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 18 पैसे की गिरावट के साथ 85.50 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डॉलर की मांग बढ़ने के कारण रुपये में गिरावट आई।

### जीएमडीसी का मुनाफा 21 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी गुजरात खनिज विकास निगम (जीएमडीसी) का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में 21 प्रतिशत बढ़कर 226.22 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 187.24 करोड़ रुपये था।

### देश में पहली बार मासिक आधार पर बेरोजगारी दर नापी गई

# पहले मासिक रोजगार आंकड़े जारी, अप्रैल में भारत की बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत रही

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश में पहली बार मासिक आधार पर मापी गई बेरोजगारी की दर इस साल अप्रैल में 5.1 प्रतिशत रही। बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने वास्तविक समय में देश में नौकरियों के लिए पात्र लोगों में बेरोजगार लोगों के अनुपात की निगरानी के प्रयासों के तहत पहला मासिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) जारी किया।

इसके पहले तक श्रम बल सर्वेक्षण तिमाही और वार्षिक आधार पर ही जारी किया जाता था। वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) में एकत्र हालिया आंकड़ों से पता चला है कि अप्रैल, 2025 के दौरान प्रत्येक आयु वर्ग के व्यक्तियों की बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत रही।

#### महिलाओं में बेरोजगारी दर पांच फीसदी

पुरुषों में बेरोजगारी की दर 5.2 प्रतिशत रही, जबकि महिलाओं में यह दर पांच प्रतिशत रही। इस दौरान देश भर में 15-29 आयु वर्ग के लोगों में बेरोजगारी दर 13.8 प्रतिशत थी। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 17.2 प्रतिशत, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 12.3 प्रतिशत थी। सीडब्ल्यूएस का आशय सर्वेक्षण की तारीख से पहले के सात दिन में निर्धारित गतिविधि स्थिति से है।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े

पहले श्रम बल सर्वेक्षण तिमाही व वार्षिक आधार पर होता था

प्रत्येक आयु वर्ग के व्यक्तियों की बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत रही



#### महिलाओं की डब्ल्यूपीआर 32.5 फीसदी

राष्ट्रीय स्तर पर समान आयु वर्ग की समग्र महिला डब्ल्यूपीआर 32.5 प्रतिशत थी।उन्नत कवरेज के साथ उच्च आवृत्ति वाले श्रम बल संकेतकों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, जनवरी 2025 से पीएलएफएस की नमूना पद्धति में सुधार किया गया है। अप्रैल, 2025 के दौरान देश भर में कुल 7,511 प्रथम चरण नमूनाकरण इकाइयों का सर्वेक्षण किया गया है।

#### शहरी क्षेत्रों में अनुपात 47.4 प्रतिशत रहा

आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल में ग्रामीण क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में डब्ल्यूपीआर 55.4 प्रतिशत थी।अप्रैल में शहरी क्षेत्रों में यह अनुपात 47.4 प्रतिशत था, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर समग्र डब्ल्यूपीआर 52.8 प्रतिशत दर्ज किया गया था। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं में डब्ल्यूपीआर क्रमशः 36.8 प्रतिशत और 23.5 प्रतिशत थी।

#### अधिक आयु वर्ग की महिलाओं में श्रम बल भागीदारी घटी

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों में एलएफपीआर क्रमशः 79.0 प्रतिशत और 75.3 प्रतिशत थी। अप्रैल, 2025 के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं में श्रम बल भागीदारी की दर 38.2 प्रतिशत थी।

#### महिलाओं में बेरोजगारी दर अधिक

अध्ययन से यह भी पता चला कि 15-29 आयु वर्ग की महिलाओं में बेरोजगारी दर पूरे देश में (ग्रामीण एवं शहरी) 14.4 प्रतिशत थी, जबकि शहरों में यह 23.7 और गांवों में 10.7 प्रतिशत थी। देश में 15-29 वर्ष आयु वर्ग के पुरुषों में बेरोजगारी दर 13.6 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि शहरों में यह 15 प्रतिशत और गांवों में 13 प्रतिशत थी।


#### एलएफपीआर 55.6 प्रतिशत

आंकड़ों से पता चला कि अप्रैल, 2025 के दौरान 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 55.6 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में भागीदारी दर 58.0 प्रतिशत थी जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 50.7 प्रतिशत थी।

## किआ कैरेन्से क्लैकविस लॉन्च

### फैमिली कार में बोल्ड डिज़ाइन व हाईटेक कम्फकर्ट का मेल

**नई दिल्ली।** किआ इंडिया, एक अग्रणी मास-प्रीमियम कार निर्माता कंपनी, ने अपने कैरेन्सर पोर्टफोलियो में एक नया मॉडलकैरेन्स क्लैविसलॉन्च1 किया है। यह एक बड़ी, बोल्डन और बेहद स्पेवशियस 3-रो कार है, जिसे आज के समय के आधुनिक और बड़े भारतीय परिवारों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। कैरेन्स क्लैविसएमपीवी और एसयूवी के बीच की दूरी को कम करती है और इसमें आराम, जगह और बोल्ड डिजाइन को आधुनिक तकनीक, सुरक्षा और भविष्यकवादी लुक के साथ खूबसूरती से जोड़ा गया है। 'क्लैविस'नाम लैटिन शब्द क्लैवविस औरिया से लिया गया है, जिसका अर्थ है 'गोल्डन की'। यह नाम यादगार पारिवारिक रोमांच और हमेशा सहेज कर रखने वाली यादों का प्रतीक है। कैरेन्से क्लैविस के जरिए किआ एक ऐसी कार पेश कर रहा है जो नई पीढ़ी के परिवारों की आकांक्षाओं को दर्शाती है — जिसमें सूझबूझ से लिया गया डिजाइन, सोच-समझ कर दी गई खूबियाँ और वैश्विक स्तर की आधुनिक तकनीक शामिल हैं। कैरेन्स के लॉन्चई के बाद से ही किआ ने भारत में फैमिली कार सेगमेंट की परिभाषा बदल दी है। सिर्फ तीन वर्षों में 2 लाख से ज्यादा भारतीय परिवारों ने इस पर भरोसा जताया है। भारतीय परिवारों की जरूरतों को गहराई से समझते हुए जहाँ हर यात्रा में पीढ़ियों के साझा अनुभव जुड़े होते हैं कैरेन्सस ने अपने स्पेस, आराम और भावनात्मक अपील से सबका दिल जीता है। अबकैरेन्सस क्लैविसउसी सफर की अगली कड़ी है। यह कार बदलती जीवनशैली और नई आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। इसमें 6 और 7-सीटर का आरामदायक विकल्प मौजूद है।



**PUBLIC NOTICE**

This is to inform to all general public that our clients Sh. Om Prakash, S/o Niranjan Singh and his wife namely Smt.Kamlesh, both are resident of House No: - 544, C Block, Aman Vihar, Kirari Suleman Nagar, North West Delhi- 110086 disown & debarred their daughter namely Divya and her husband namely Sh.Vinay, R/o F- 168 Aman Vihar Kirari Delhi -110086 from all their moveable & immovable properties and they severed their all relations with them. Any person (s) dealing with them in any manner whatsoever shall be doing so at his/her own cost, risk & responsibilities. Our clients shall not be responsible for any of their acts in future.

PAWAN KUMAR (Advocate)
Ch. no. 402, Civil Wing, Tishazari Courts, Delhi-110054

# सेंसेक्स 1,200 अंक चढ़ा, निफ्टी फिर 25,000 अंक पार

एजेंसी ▸▸ मुंबई

- निफ्टी सात माह बाद 25 हजार के पार पहुंचा
- बैंक, वाहन और आईटी शेयरों में रही अच्छी खरीदी

चौतरफा लिवाली और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 1,200 अंक चढ़ गया। वहीं एनएसई निफ्टी सात महीने बाद फिर से 25,000 अंक के पार पहुंच गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,200.18 अंक यानी 1.48 प्रतिशत उछलकर सात महीने के उच्चस्तर 82,530.74 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल 29 शेयर लाभ में रहे। सूचकांक कारोबार के पहले चरण में सीमित दायरे में रहा। लेकिन दोपहर कारोबार में बैंक, वाहन, आईटी तथा तेल एवं गैस शेयरों में अच्छी लिवाली से बाजार में तेज बढ़त देखने को मिली।

#### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स के शेयरों में टाटा मोटर्स में सबसे ज्यादा चार प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। इसके अलावा एचसीएल टेक, अदाणी पोर्ट्स, इटर्नल, मारुति, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल और इन्फोसिस प्रमुख रूप से लाभ में रहे। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एकमात्र इंडसइंड बैंक में गिरावट आई।



#### दो दिन में पूंजी नौ लाख करोड़ रुपए बढ़ी

शेयर बाजार में दो दिन की तेजी से निवेशकों की संपत्ति नौ लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी। इस तेजी के साथ, बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 9,08,725.11 करोड़ रुपये बढ़कर 4,40,19,512.13 करोड़ रुपये (5,140 अरब डॉलर) पर पहुंच गया।

#### निफ्टी में रही डेढ़ फीसदी की बढ़त

सेंसेक्स एक समय 1,387.58 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी 395.20 अंक यानी 1.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ सात महीने के उच्चस्तर 25,062.10 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले, 15 अक्टूबर, 2025 को निफ्टी 25,000 अंक के ऊपर बंद हुआ था।

#### महंगाई दर कम होने का भी पड़ा असर

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "घरेलू मुद्रास्फीति में गिरावट और भारत के साथ संभावित व्यापार समझौते के बारे में अमेरिका से सकारात्मक संकेतों के कारण बाजार में जोरदार तेजी आई और यह अच्छी बढ़त के साथ बंद हुआ।"

### दूरसंचार क्षेत्र में युवा स्नातकों की भर्ती का इरादा

**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में कार्यबल की मांग स्थिर बनी हुई है, जिसमें 45 प्रतिशत कंपनियां 2025 की पहली छमाही में पढ़ाई पूरी कर निकलने वाले युवाओं (फ्रेशर) को नियुक्त करने की इच्छुक हैं। टीमलीज की नवीनतम रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। भर्ती और मानव संसाधन सेवा कंपनी टीमलीज की जनवरी-जून, 2025 अवधि के लिए जारी करियर परिदृश्य रिपोर्ट कहती है कि दूरसंचार क्षेत्र अब भी रोजगार सृजन का एक प्रमुख जरिया बना हुआ है। इस क्षेत्र में 5जी नेटवर्क और क्लाउड सेवाओं का प्रसार होने से नए रोजगार पैदा हो रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 45 प्रतिशत दूरसंचार कंपनियों ने जनवरी-जून के दौरान युवा स्नातकों को भर्ती करने की मंशा जताई है, जो जुलाई-दिसंबर, 2024 की पिछली छमाही के 48 प्रतिशत के मुकाबले थोड़ा कम है।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) MAH FURIO14FBT
REG. NO. UP14HT8814-YOM-2019
MINIMUM RESERVE PRICE 3,20,609.60

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION"INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 30-05-2025 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).

BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125,
NOIDA-201313 OR
CONTACT : PUNIT PARASHAR
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377905498
EMAIL-punit.parshar@kotak.com

### आईटीसी होटल्स का मुनाफा बढ़कर 257.85 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** आईटीसी होटल्स लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में 19 प्रतिशत बढ़कर 257.85 करोड़ रुपये हो गया। यह वृद्धि राजस्व बढ़ने के कारण हुई। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी ने 216 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था। आईटीसी होटल्स ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी एकीकृत परिचालन आय समीक्षाधीन तिमाही में 1,060.62 करोड़ रुपये रही, जो 2023-24 की समान तिमाही में 1,015.4 करोड़ रुपये रही थी।

## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के वविादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।


**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

# सोना 1800 रुपए गिरकर 95,050 रुपए प्रति 10 ग्राम

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 1,800 रुपये गिरकर 95,050 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,800 रुपये गिरकर 94,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई।

बुधवार को 99.9 और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 96,850 रुपये और 96,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अबंस फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, निवेशकों के सुरक्षित-संपत्तियों से दूर जाने के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आ रही है।



- चांदी की कीमतों में भी लगातार गिरावट जारी
- चांदी 1000 रुपए घटकर 97 हजार रुपए प्रति किलोग्राम

# कॉल न होने व कट होने से 89% मोबाइल उपभोक्ता परेशान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लगभग 89 प्रतिशत मोबाइल उपभोक्ताओं को कॉल कनेक्ट होने में समस्या के अलावा कॉल अचानक कट जाने की स्थिति का भी सामना करना पड़ा है जबकि 40 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने अक्सर ऐसी स्थिति आने की शिकायत की है। लोकल सर्किल्स के एक सर्वेक्षण रिपोर्ट से यह जानकारी सामने आई है। लोकल सर्किल्स ने पिछले तीन महीनों में एक सर्वेक्षण किया था कि क्या कॉल कनेक्टिविटी से संबंधित नए नियम आने से कोई अपेक्षित प्रभाव पड़ा है। इस सर्वेक्षण में भारत के 342 जिलों में रहने वाले लोगों से 56,000 से अधिक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं। रिपोर्ट के मुताबिक, सर्वेक्षण में शामिल 89 प्रतिशत मोबाइल उपभोक्ताओं ने कॉल कनेक्ट न होने और कॉल कट जाने की समस्या का सामना करने की बात कही जबकि 40 प्रतिशत उपभोक्ताओं को अक्सर इसका सामना करना पड़ता है।



- 40 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने की शिकायत

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **विकास पुत्रः** बब्लू **पताः** झुग्गी जी-ब्लॉक मंगोल पुरी, दिल्ली, ने **FIR No. 573/2023, U/s 380/411 IPC थानाः मंगोल पुरी, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विकास,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विकास,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 573/2023, U/s 380/411 IPC थानाः मंगोल पुरी, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **विकास,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रीतिका जैन
जेएमएफसी-05, कमरा नं. 105
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/6101/OD/2025
(Court Matter)

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बयान के बाद भी एप्पल भारत में निवेश जारी रखेगा!


**नई दिल्ली (एजेंसी )।** आईफोन बनाने वाली एप्पल की भारत में निवेश की योजनाएं बरकरार हैं और कंपनी ने देश में अपने उत्पादों के लिए एक प्रमुख विनिर्माण केंद्र बनाने का प्रस्ताव रखा है। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के तुरंत बाद, भारतीय अधिकारियों ने अमेरिका के क्यूपर्टिनो स्थित कंपनी के अधिकारियों से बात की। ट्रंप ने बयान में कहा कि उन्होंने एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक से भारत में विनिर्माण में कमी करने के लिए कहा है। सूत्र ने कहा, "एप्पल ने कहा है कि भारत में उसकी निवेश योजनाएं बरकरार हैं और वह भारत को अपने उत्पादों के लिए एक प्रमुख विनिर्माण केंद्र के रूप में जारी रखने का प्रस्ताव है। इस संबंध में एप्पल को ई-मेल के जरिये भेजे गये सवालों का फिलहाल कोई जवाब नहीं मिला है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, आईफोन के वैश्विक उत्पादन का 15 प्रतिशत भारत से आता है। फॉक्सकॉन, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और पेगाट्रॉन इंडिया (टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के बहुलांश हिस्सेदारी वाली) आईफोन के विनिर्माण में लगी हुई हैं। फॉक्सकॉन ने निर्यात के लिए तेलंगाना में एप्पल एयरपॉड्स का विनिर्माण भी शुरू कर दिया है। भारत खुद अपना देखभाल कर सकता है। वे बहुत अच्छा कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि आप यहां विनिर्माण करें। और एप्पल संयुक्त राज्य अमेरिका में उत्पादन बढ़ाने जा रही है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका कलानौर | सी.एम. घोषणा कोड 24987 दिनांक 19.02.2019 के तहत नगर पालिका कलानौर में स्टेडियम का निर्माण। जोखिम व लागत पर बकाया कार्य + 3 अन्य कार्य। | 14.05.2025 30.05.2025 | 257.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9802401200 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34798/1/88/7 दि. 15.05.25

## शब्द पहेली - 5868



**बाएँ से दाएँ**


1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य,ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

**ऊपर से नीचे**

2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

### शब्द पहेली- 5867 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | | म | त | वा | ला |
| ह | रा | | त | | का | म | ना | | दा | वा |
| न | | बे | र | ह | म | | ना | रा | | रि |
| शी | ल | वा | न | | या | द | | नी | र | स |
| ल | | प | | ख | ब | र | ची | | न | |
| ता | र | न | हा | र | | का | न | भ | र | ना |
| | म | | र | ह | ब | र | | यं | | प |
| प्र | ण | य | | रा | हु | | ब | क | वा | स |
| ति | | दा | स | | बे | क | रा | र | | न्द |
| का | न | | चि | रा | ग | | म | | क | हो |
| र | म | जा | न | | म | द | द | क | र | ना |



# डब्लूटीसी फाइनल : बंपर प्राइज मनी का ऐलान, विजेता को मिलेंगे 30 करोड़ रुपये, भारत बनेगा 12 करोड़ी

एजेंसी ▶▶| दुबई

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 फाइनल की बंपर प्राइज मनी का ऐलान कर दिया है। इस बार विजेता टीम को पिछले दो टूर्नामेंट के मुकाबले दोगुनी इनामी राशि मिलने वाली है। साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच डब्लूटीसी 2025 का फाइनल मुकाबला 11 जून से लंदन के लॉर्ड्स में खेला जाना है। इस टूर्नामेंट की विजेता टीम को इस बार करीब 30 करोड़ रुपए मिलेंगे और उपविजेता टीम भी मालामाल हो जाएगी, जिसको करीब साढ़े 18 करोड़ रुपए मिलने वाले हैं।




## दोगुनी हुई प्राइज मनी

लंदन के ऐतिहासिक स्टेडियम में खेले जाने वाले एकमात्र मैच में साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत 11 जून से होगी। इस मैच के लिए आईसीसी ने 5.76 मिलियन यूएस डॉलर यानी करीब सवा 49 करोड़ रुपए इनाम के तौर पर बांटने का फैसला किया है। पिछले दो एडिशन्स के मुकाबले इस बार की प्राइज मनी दोगुनी से भी ज्यादा है। इसमें से खिताबी जीत हासिल करने वाली टीम को 3.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी करीब पौने 31 करोड़ रुपए मिलेंगे। वहीं, हारने वाली टीम को 2.16 मिलियन यूएस डॉलर यानी करीब साढ़े 18 करोड़ रुपए मिलने वाले हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें 2021 के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की विजेता न्यूजीलैंड और 2023 के डब्लूटीसी फाइनल की विजेता ऑस्ट्रेलिया को 1.6-1.6 मिलियन यूएस डॉलर यानी करीब साढ़े 13-13 करोड़ रुपए मिले थे। दोनों बार भारतीय टीम मुकाबले हारी थी। दोनों बार भारत को 8-8 लाख अमेरिकी डॉलर मिले थे। भारतीय मुद्रा में ये रकम पौऐ सात करोड़ के आसपास बैठती है। इस तरह इस बार आईसीसी ने दिल खोलकर इस फॉर्मेट की चैंपियन टीम के लिए इनामी राशि देने का फैसला किया है।

## टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहा भारत



सिर्फ विजेता-उपविजेता ही नहीं, बल्कि आईसीसी ने तीसरे से नौवें नंबर तक वाली टीम को भी प्राइज मनी में से हिस्सा दिया है। तीसरे नंबर पर इस बार भारत रहा है, जिसे 1.44 मिलियन यूएस डॉलर (12 करोड़ 32 लाख रुपए) और नंबर चार रहने वाली न्यूजीलैंड की टीम को 1.2 मिलियन यूएस डॉलर यानी 10 करोड़ 26 लाख रुपए मिलने वाले हैं। पांचवें नंबर पर इंग्लैंड थी, जिसे 9 लाख 60 हजार यूएसडी, छठे नंबर वाली श्रीलंका की टीम को 8 लाख 40 हजार यूएसडी, सातवे नंबर वाली बांग्लादेश की टीम को 7 लाख 20 हजार यूएसडी, 8वें नंबर पर विराजमान रहने वाली वेस्टइंडीज की टीम को 6 लाख यूएसडी और नौवें नंबर पर रहने वाली पाकिस्तान की टीम को 4 लाख 80 हजार यूएसडी मिलेंगे।

## खबर संक्षेप



### टीम को घबराने की जरूरत नहीं : संजय

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि विराट कोहली और संजय मांजरेकर के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि 'फैब फोर' के विदा लेने के बाद भी भारतीय क्रिकेट ने वापसी की थी। आधुनिक क्रिकेट के दिग्गजों रोहित और विराट ने एक सप्ताह के भीतर टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। मांजरेकर ने 'फैब फोर' (सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण और सौरव गांगुली) की विदाई से इसकी तुलना की। उन्होंने इंस्टाग्राम वीडियो पर लिखा, 'मैं जानता हूं कि प्रशंसक चिंतित होंगे । फैब फोर के संन्यास के बाद भी ऐसी ही चिंता थी। लेकिन कुछ साल बाद भारत दुनिया की नंबर एक टेस्ट टीम बना।'

### सौ फीसदी नहीं दे पाने से खुश नहीं थे कोहली

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली का अपार योगदान आंकड़ों से कहीं अधिक है और किसी भी 'सामान्य' चीज से संतुष्ट न होने की उनकी अदम्य भावना ने ही शायद उन्हें संन्यास लेने के फैसले के लिए प्रेरित किया। कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से विदा ले ली। छत्तीस वर्ष के कोहली टेस्ट क्रिकेट के सबसे बड़े प्रचारक ही नहीं थे बल्कि भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान भी थे। हुसैन ने कहा, 'वह चैंपियन है। वह जीत का लक्ष्य लेकर ही खेलता है और उसके लिए बेचैन रहता है।'

### पहले खेलो इंडिया बीच खेल दीयू में 19 से

**नई दिल्ली।** पहले खेलो इंडिया बीच खेलों का आयोजन दीयू में 19 से 24 मई के बीच किया जाएगा जिसमें 36 प्रदेशों और केंद्रशासित प्रदेशों के एक हजार से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है।




पहली बार खेलो इंडिया की 'खेल प्रतिस्पर्धा और प्रतिभा विकास' योजना के तहत इन खेलों का आयोजन किया जा रहा है। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने यहां मीडिया को बताया कि बीच खेलों की लोकप्रियता और दर्शक संख्या बढाने के लिये खेलो इंडिया योजना के तहत इनका आयोजन किया जा रहा है।

### मालदीव के खिलाफ आज भारत की नजरें जीत पर

**यूपिया।** भारतीय अंडर-19 फुटबॉल टीम शुक्रवार को यहां होने वाले सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप 2025 के सेमीफाइनल में मालदीव के खिलाफ जीत की लय को जारी रखने की कोशिश करेगी। नेपाल और बांग्लादेश भी इसी दिन पहले सेमीफाइनल में एक दूसरे से भिड़ेंगे। भारत ने ग्रुप बी के अपने दोनों प्रतिद्वंद्वियों श्रीलंका (8-0) और नेपाल (4-0) को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया और मालदीव से भिड़ने के लिए तैयार है जो ग्रुप ए में जीत दर्ज किए बिना भी अजेय रहा। मालदीव ने ग्रुप ए में बांग्लादेश और भूटान के खिलाफ अपने दोनों ग्रुप मैचों में 2-2 से ड्रॉ खेला।

### इंग्लैंड दौरे को लेकर बीसीसीआई के सामने टीम संयोजन की चुनौती

# नंबर-4 के चार दावेदार, कोहली की जगह लेने के लिए तैयार बल्लेबाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की सीरीज 20 जून को शुरू होगी। उससे पहले रोहित शर्मा और विराट कोहली ने संन्यास लेकर सबको चौंका दिया है। ओपनिंग में रोहित की जगह लेने के लिए कई दावेदार तैयार हैं, लेकिन सबसे बड़ा सवाल है कि टेस्ट में नंबर-4 पर विराट की जगह कौन लेगा? महान सचिन तेंदुलकर और विराट ने लंबे समय तक इस क्रम को संभाले रखा है। दुनिया के दो बेहतरीन बल्लेबाज इस क्रम पर भारत के लिए खेले हैं। अब टीम इंडिया के सामने चुनौती है कि तेंदुलकर और कोहली के बाद इस नंबर पर कौन उतरेगा? हम ऐसे पांच खिलाड़ियों के बारे में बता रहे हैं जो विराट के बाद नंबर-4 को संभाल सकते हैं...



### शुभमन गिल : 1893 रन

रोहित शर्मा के संन्यास के बाद कप्तानी की दावेदारों में शुभमन गिल सबसे आगे हैं। वह भारत के लिए 32 टेस्ट मैच खेल चुके हैं। इस दौरान 35.05 की औसत से उन्होंने 1893 रन बनाए हैं। शुभमन के पास बेहतरीन तकनीक है और वह तेज गेंदबाजों के साथ-साथ स्पिनरों के खिलाफ भी अच्छी बल्लेबाजी कर सकते हैं। गिल ने अब तक नंबर-4 पर बैटिंग नहीं की है, लेकिन टीम मैनेजमेंट उन्हें विराट की जगह पर भेजकर नया दांव खेल सकता है।

### राहुल : 3257 रन

रोहित और विराट के संन्यास के बाद टीम इंडिया की बैटिंग में सबसे अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल ही हैं। वह अब तक 58 टेस्ट मैचों में 3257 रन बना चुके हैं। इस दौरान उनका औसत 33.57 का रहा है। राहुल ने विदेशओं में 38 टेस्ट मैच खेले हैं और 31 की औसत से 2108 रन बनाए हैं। वह अलग-अलग नंबरों पर खुद को एडजस्ट कर लेते हैं। राहुल ने पहले से छठे नंबर तक टेस्ट में बल्लेबाजी की है। चौथे क्रम पर उन्हें एक मुकाबले में मौका मिला है। उन्होंने 2 पारियों में 108 रन बनाए हैं। इस दौरान 86 रन उनका उच्चतम स्कोर रहा है। मौजूदा परिस्थितियों में इस क्रम को संभालने के लिए सबसे अनुभवी दावेदार राहुल ही हैं।



### नायर : वापसी का भरोसा



भारत के लिए 6 टेस्ट खेल चुके करुण नायर को 2017 से टीम में वापसी का इंतजार है। उन्होंने डोमेस्टिक क्रिकेट के पिछले सीजन में बल्ले से धमाकेदार प्रदर्शन किया है और वह टीम में आने के दावेदार हैं। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में उनका चुना जाना तय है। नायर ने डोमेस्टिक के साथ-साथ हाल के समय में इंग्लैंड की काउंटी चैंपियनशिप में भी अच्छी बल्लेबाजी की है। वह 33 साल के हैं और उनके पास 114 फर्स्ट क्लास मैचों में खेलने का अनुभव हैं। नायर ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में तिहरा शतक भी लगाया है। अगर उन्हें चौथे क्रम पर मौका मिलता है तो वह टीम को संकट से बाहर निकालने की क्षमता रखते हैं।

### सुदर्शन : डेब्यू का इंतजार



आईपीएल में रनों की बारिश करने वाले साई सुदर्शन तकनीकी रूप से काफी मजबूत हैं। वह तेजी से रन बनाने वाले फॉर्मेट में भी क्लास दिखाते हैं और पारंपरिक शॉट्स से ज्यादा रन बटोरते हैं। सुदर्शन को अभी टेस्ट में डेब्यू का मौका नहीं मिला है। वह 3 वनडे और 1 टी20 मैच खेल चुके हैं। सुदर्शन ने 29 फर्स्ट क्लास मैचों में 39.93 की औसत से 1957 रन बनाए हैं। उनके नाम 7 शतक और 5 अर्धशतक हैं। कई एक्सपर्ट उन्हें अगला सुपरस्टार मानते हैं और वह विराट की जगह नंबर-4 पर खेल सकते हैं।

### आईपीएल

# गुजरात को प्ले-ऑफ में खलेगी बटलर की कमी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंग्लैंड के टी20 स्टार खिलाड़ी जोस बटलर गुजरात टाइटन्स के आखिरी तीन लीग मैच खेलने के बाद राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के लिए रवाना हो जाएंगे क्योंकि इंडियन प्रीमियर लीग प्ले-ऑफ उनके देश की 29 मई से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रही सफेद गेंद की श्रृंखला के दौरान ही होंगे।

'ईएसपीएनक्रिकइन्फो' की रिपोर्ट के अनुसार श्रीलंका के कुसल मेंडिस प्ले-ऑफ चरण के दौरान बटलर की जगह लेंगे। इंग्लैंड के अन्य मुख्य खिलाड़ियों में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मोईन अली के अलावा जोफ्रा आर्चर (राजस्थान रॉयल्स), सैम करन और जेमी ओवरटन (दोनों चेन्नई सुपर किंग्स) भी वापस नहीं आ रहे हैं। हालांकि लियाम लिविंगस्टोन ऑस्ट्रेलिया के टिम डेविड के साथ टूर्नामेंट के बचे हुए हिस्से के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में शामिल हो रहे हैं।

### इंग्लैंड में साउदी बने विशेषज्ञ सलाहकार



**लंदन।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को घोषणा की कि न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउदी को भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के खत्म होने तक इंग्लैंड का विशेषज्ञ कौशल सलाहकार नियुक्त किया गया है। भारतीय टीम इंग्लैंड के दौरे की शुरुआत 20 जून से लीड्स में पहले टेस्ट के साथ करेगी। यह दौरा 31 जुलाई से चार अगस्त तक ओवल में होने वाले पांचवें टेस्ट के साथ खत्म होगा। दिसंबर 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले साउदी इंग्लैंड के अंतरराष्ट्रीय सत्र के शुरुआती मैच से पहले टीम से जुड़ेंगे।

### बैडमिंटन

## उन्नति, मालविका और आकर्षि थाईलैंड ओपन से बाहर, भारतीय चुनौती खत्म




एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

एलीट अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंटों में भारत का खराब प्रदर्शन जारी रहा और थाईलैंड ओपन सुपर 500 में भारत की चुनौती समाप्त हो गई जब दुनिया की दसवें नंबर की महिला जोड़ी त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद समेत सभी भारतीय खिलाड़ी बाहर हो गए। त्रिसा और गायत्री को जापान की रूइ हिरोकामी और सायाका होबारा ने दूसरे दौर में 22-20, 21-14 से हराया। ओडिशा मास्टर्स 2022 और अबु धाबी मास्टर्स 2023 विजेता 17 वर्ष की उन्नति हुड्डा को थाईलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग ने 39 मिनट में 21-14, 21-11 से हराया। दुनिया की 23वें नंबर की खिलाड़ी मालविका बंसोड़ को पूर्व विश्व चैंपियन थाईलैंड की रेचानोक इंतानोन ने 21-12, 21-16 से हराया। वहीं आकर्षि कश्यप को सुपनिदा केटथोंग ने 34 मिनट के भीतर 21-9, 21-14 से हराया। पुरुष एकल में तरुण मन्नेपल्ली को डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन ने 21-14, 21-16 से मात दी।

### झेंग ने इटालियन ओपन के सेमीफाइनल में बनाई जगह



**रोम।** चीन की ओलंपिक चैम्पियन झेंग किंवेन ने शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका को 6-4, 6-3 से हराकर इटालियन ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना कोको गाफ से होगा। बाईस वर्ष की झेंग इससे पहले सबालेंका के खिलाफ छह मैच हार चुकी थी। पुरुष वर्ग में कार्लोस अल्काराज ने जैक ड्रेपर को 6-4, 6-4 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। अब उनका सामना इटली के लोरेंजो मुसेत्ती से होगा जिसने गत चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 7-6, 6-4 से हराया। गाफ ने मिर्रा आंद्रीवा को 6-4, 7-6 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में जैसमीन पाओलिनी का सामना पेटोन स्टीयर्न्स से होगा। बुधवार को ही शीर्ष रैंकिंग वाले यानिक सिनेर ने नए पोप से मुलाकात करके उन्हें टेनिस रैकेट तोहफे में दिया और खेलने का न्यौता भी दिया। पहले अमेरिकी पोप लियो 14 टेनिस के प्रशंसक हैं।

## भारत में बनाए जा सकते हैं ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर

**नई दिल्ली।** कारपोरेट भागीदारी से देश में ओलंपिक केंद्रों की स्थापना की खेल मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना में भारतीय क्रिकेट बोर्ड भी दो से तीन ओलंपिक खेलों का जिम्मा उठाने को तैयार है और इस योजना पर इस साल काम शुरू हो जाएगा। खेलमंत्री मनसुख मांडविया के साथ गुरुवार को हुई बैठक में बीसीसीआई ने यह प्रस्ताव रखा। बैठक में कारपोरेट जगत के 58 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया, 'ओलंपिक खेलों के विकास के लिए कारपोरेट जगत की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए हुई अहम बैठक में देश में जापान की तर्ज पर ओलंपिक केंद्र खोलने का प्रस्ताव रखा गया। कारपोरेट जगत के 58 प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी मौजूद थे जिन्होंने कहा कि बोर्ड दो तीन खेलों का जिम्मा लेने को तैयार है और यह मंत्रालय तय करेगा कि वे खेल कौन से होंगे।'

## शेफाली टी20 टीम में शामिल फिट यास्तिका की भी वापसी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा की गुरुवार 28 जून से ट्रेंट ब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टी20 टीम में वापसी हुई, उन्हें सात महीने के अंतराल के बाद राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया। शेफाली खराब फॉर्म के कारण अक्टूबर 2024 से भारतीय टीम से बाहर थीं। पर उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के लिए वनडे टीम में जगह नहीं मिली जिसकी घोषणा भी गुरुवार को ही की गई।

महिला प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के लिए उनका प्रदर्शन शानदार रहा जिसमें उन्होंने 152 के स्ट्राइक-रेट से नौ मैच में 304 रन बनाए। वापसी करने वाली एक अन्य खिलाड़ी विकेटकीपर यास्तिका भाटिया हैं जो महिला बिग बैश लीग के दौरान कलाई की चोट के कारण पिछले नवंबर से बाहर थीं। वह वनडे टीम का भी हिस्सा हैं। यास्तिका के अलावा दोनों टीमों में अन्य विकेटकीपर ऋचा घोष हैं।




### राष्ट्रीय निशानेबाजी चयन ट्रायल 21 से

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने बृहस्तिवार को घोषणा की कि शॉटगन स्पर्धाओं (ट्रैप और स्कीट) के लिए चयन ट्रायल दो और तीन क्रमशः नयी दिल्ली और भोपाल में 21 मई से एक जून तक आयोजित किए जाएंगे। ये ट्रायल इस साल के अंत में होने वाले दो आईएसएसएफ विश्व कप (इटली और यूनान), 16वीं एशियाई चैंपियनशिप (कजाकिस्तान), आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप (भारत - सितंबर) और तीसरे एशियाई युवा खेलों (बहरीन - अक्टूबर) सहित व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर के लिए भारतीय टीम के चयन में मदद के लिए आयोजित किए जा रहे हैं।



### डायमंड लीग का आगाज आज से, दौड़ में किशोर जेना

# दोहा चरण से अभियान का आगाज करेंगे चोपड़ा

एजेंसी ▶▶| दोहा

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा शुक्रवार को यहां अपने डायमंड लीग अभियान की शुरूआत करेंगे तो उनकी नजरें इस साल के आखिर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में खिताब बरकरार रखने पर लगी होंगी। भारतीयों के बड़ी तादाद में होने से चोपड़ा को यहां काफी समर्थन मिलेगा। नीरज का सामना दो बार के विश्व चैंपियन और 2024 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स, चेक गणराज्य के याकूब वाडलेश, जर्मनी के जूलियन वेबर और मैक्स डेहनिंग, कीनिया के जूलियस येगो और जापान के रॉडरिक जेंकी डीन से होगा। ये सभी बड़ी स्पर्धाओं में चोपड़ा के प्रतिद्वंद्वी रह चुके हैं। पेरिस ओलंपिक 2024 के स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम इसमें भाग नहीं ले रहे हैं।



### जेना 11 प्रतियोगियों में शामिल

एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भारत के ही किशोर जेना भी 11 प्रतियोगियों में से हैं। जेना का सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 87.54 मीटर है जो पिछली बार यहां 76.31 मीटर का थ्रो लगाकर नौवे स्थान पर रहे थे। वाडलेश ने यहां 88.38 मीटर के थ्रो के साथ खिताब जीता था जबकि चोपड़ा दो सेंटीमीटर पीछे रहे थे। पीटर्स 86.62 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर थे। चोपड़ा ने 2023 में यहां खिताब जीता और 2024 में दूसरे स्थान पर रहे। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी गुलवीर सिंह और पारुल चौधरी क्रमशः पुरूष और महिलाओं की 5000 और 3000 मीटर स्टीपलचेस में उतरेंगे।

### *हम कभी भी करीबी दोस्त नहीं थे*

*स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि उनकी और अरशद नदीम की कभी भी करीबी दोस्ती नहीं थी और साथ ही कहा कि हाल में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच चीजें पहले जैसी नहीं रहेंगी। पिछले महीने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद चोपड़ा और उनके परिवार को सोशल मीडिया पर अपशब्दों का सामना करना पड़ा था क्योंकि इस स्टार एथलीट ने बेंगलुरु में एनसी क्लासिक में पाकिस्तान के नदीम को आमंत्रित किया था, हालांकि यह अब स्थगित हो चुकी है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

भारतीय सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी

# तनाव घटाने के लिए लगातार कदम उठाएंगे भारत-पाक, डीजीएमओ में बनी सहमति!

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय सेना ने गुरुवार को कहा कि बीते 10 मई को भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच हॉटलाइन पर हुई बातचीत के तहत विश्वास बहाली के लिए सीमा से तनाव और सैन्य बलों की सतर्कता (अलर्टनेस लेवल) को कम करने के लिए लगातार कदम उठाने को लेकर सहमति बनी है। यहां बता दें कि दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच 12 मई को फिर से बातचीत हुई थी। जिसमें संघर्षविराम के साथ सीमाओं (एलओसी-आईबी शामिल) पर एक भी गोली न चलाने, आक्रामकता को घटाने, एक-दूसरे के खिलाफ किसी तरह का कोई हानिकारक कदम न उठाने और तनाव कम करने के लिए कदम उठाने पर सहमति प्रदान की गई थी। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 7 मई को भारतीय सेनाओं द्वारा पाकिस्तान और पीओके में मौजूद 9 आतंकी कैंपों को नेस्तनाबूद करने के लिए की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद दोनों देशों के बीच बढ़े तनाव



को खत्म करने के लिए 10 मई को संघर्षविराम की घोषणा की गई थी। यह भी दोनों के डीजीएमओ की बातचीत के बाद ही हुआ था। पाकिस्तान ने शुरुआत में संघर्षविराम का उल्लंघन किया था।

### सीमा पर फिलहाल शांति

*इन सबके बीच भारत की जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के साथ लगने वाली नियंत्रण रेखा (एलओसी) और अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर बीते करीब पांच दिनों से फिलहाल शांति बनी हुई है। दोनों ओर से किसी भी तरह की गोलीबारी की कोई सूचना नहीं है। पाकिस्तानी ड्रोन भी भारत की सीमा पर या उसके करीब नजर नहीं आए हैं। बताते चलें कि भारत ने पाकिस्तान को यह साफ कर दिया है कि मौजूदा तनाव के बीच उसके साथ केवल भारतीय सेना के डीजीएमओ ही बातचीत करेंगे। इसमें अन्य विवादित मुद्दों जैसे कश्मीर और भारत द्वारा हालिया स्थगित किए गए सिंधु जल समझौते के मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं की जाएगी।*

### पाकिस्तानी दावा, रविवार तक बढ़ा संघर्षविराम

उधर, न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा है कि हमारा देश इस बात पर सहमत हो गया है कि भारत के साथ संघर्षविराम को रविवार (18 मई 2025) तक के लिए आगे बढ़ा दिया जाए। यह निर्णय 15 मई को दोनों देशों की सेनाओं के बीच फोन पर हुई बातचीत के आधार पर लिया गया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने अपनी संसद में यह बयान दिया है। भारत की तरफ से पाकिस्तान के विदेश मंत्री के इस बयान पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

सोशल मीडिया की अफवाहों के बीच अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी का दावा

# पाकिस्तान में किसी भी परमाणु संयंत्र से नहीं हुआ कोई रेडिएशन लीक या रिलीज

- भारतीय वायुसेना कह चुकी है हमने ऐसे किसी भी टारगेट को निशाना नहीं बनाया
- विदेश मंत्रालय भी कह चुका भारत का परमाणु कार्रवाई का न इरादा था, न योजना




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत-पाकिस्तान में बढ़े तनाव के बीच सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा था कि भारत ने पाकिस्तान के परमाणु संयंत्रों को निशाना बनाया है। दोनों देशों ने हालांकि इसका खंडन किया है।

वहीं, अब वैश्विक परमाणु निगरानी संस्था अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईईएई) ने कहा है कि भारत के साथ सैन्य संघर्ष के बावजूद पाकिस्तान के किसी भी परमाणु संयंत्र से कोई रेडिएशन नहीं हुआ है। वियना स्थित वैश्विक परमाणु निगरानी संस्था का जवाब भारतीय वायुसेना के पहले दिए गए जवाब से मेल खाता है। वायुसेना ने कहा था कि भारत ने पाकिस्तान के किराना हिल्स में किसी भी टारगेट को निशाना नहीं बनाया है, जहां कथित तौर पर कुछ परमाणु प्रतिष्ठान स्थित हैं। आईईएई के प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा कि जिन रिपोर्टों का जिक्र कर रहे हैं, हम उनके बारे में जानते हैं।

आईएईए के पास उपलब्ध जानकारी के आधार पर, पाकिस्तान में किसी भी परमाणु संयंत्र से कोई रेडिएशन लीक या रिलीज नहीं हुआ है। उनसे पूछा गया था कि क्या किसी परमाणु घटना या रिसाव को आईएईए के घटना और आपातकालीन केंद्र की जानकारी में लाया गया है।

### सोशल मीडिया पर लगाए जा रहे थे कयास

भारतीय हमलों में पाकिस्तान के सरगोधा एयरबेस को निशाना बनाया गया था। इसके बाद यह चर्चा शुरू हुई कि यह एयरबेस पास के किराना हिल्स क्षेत्र में स्थित एक भूमिगत परमाणु भंडारण केंद्र से जुड़ा है। इसी पृष्ठभूमि में सोशल मीडिया पर यह कयास लगाए जाने लगे कि भारत ने कथित रूप से इन परमाणु केंद्रों पर हमला किया था। जिससे विकिरण रिसाव की स्थिति पैदा हो गई।

### किराना हिल्स में निशाना नहीं बनाया: सेना

*इससे पहले सोमवार को डीजी एयर ऑपरेशन्स एयर मार्शल एके भारती ने कहा था कि भारत ने पाकिस्तान के किराना हिल्स में किसी भी टारगेट को निशाना नहीं बनाया है। प्रेस ब्रीफिंग में एक सवाल के जवाब में एयर मार्शल भारती ने कहा कि हमें यह बताने के लिए धन्यवाद कि किराना हिल्स में कुछ परमाणु संयंत्र हैं। हमें इसके बारे में पता नहीं था। हमने किराना हिल्स पर हमला नहीं किया है। भारत की सभी सैन्य कार्रवाइयां पूरी तरह पारंपरिक थीं और किसी भी प्रकार के सामरिक हथियारों का उपयोग नहीं किया गया।*

### पाक ने खुद स्वीकारा नहीं हुआ परमाणु हमला: विदेश मंत्रालय

*वहीं, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोमवार को कहा था कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने खुद रिकॉर्ड पर परमाणु हमले की बात से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि भारत ने परंपरागत सैन्य कार्रवाई की थी और किसी भी तरह की परमाणु कार्रवाई का न तो इरादा था और न ही कोई योजना। भारत का दृढ़ रुख है कि वह परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा या इसका हवाला देकर सीमा पार आतंकवाद को संचालित होने की अनुमति नहीं देगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु संघर्ष को टालने को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा किए गए दावे पूरी तरह निराधार और भ्रामक हैं।*

### इस मामले में कोई जानकारी नहीं: अमेरिका

*वहीं, 13 मई को वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी विदेश विभाग की प्रेस ब्रीफिंग में उप प्रवक्ता थॉमस पिगॉट से भी इस विषय पर एक सवाल पूछा गया था। क्या अमेरिका ने कुछ सुरक्षित पाकिस्तानी स्थलों में न्यूक्लियर रेडिएशन के लीक की रिपोर्ट के बाद इस्लामाबाद या पाकिस्तान में कोई टीम भेजी है? ब्रीफिंग में इस सवाल के जवाब में थॉमस ने कहा था, "इस समय मेरे पास इस पर कहने के लिए कुछ नहीं है।"*

## पुलवामा में हुए मुठभेड़ में जैश के तीन आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के तीन आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि तीनों आतंकवादियों की पहचान आसिफ अहमद शेख, आमिर नजीर वानी और यावर अहमद भट के रूप में हुई है। वे सभी जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के निवासी हैं। केंद्र शासित प्रदेश में 48 घंटे के भीतर यह दूसरी मुठभेड़ है। श्रीनगर मुख्यालय सेना की 15वीं कोर ने एक्स पर कहा कि अंतरराष्ट्रीय एजेंसी से विशिष्ट खुफिया इनपुट के आधार पर, भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ द्वारा नादेर, त्राल, अवंतीपोरा में एक कॉर्डन एंड सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था। इस दौरान संदिग्ध गतिविधि देखी गई। गुरुवार की मुठभेड़ शोपियां जिले के केल्लर इलाके में सुरक्षाबलों द्वारा एक अभियान में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादियों को मार गिराने के दो दिन बाद हुई है।



## पहलगाम हमले के दोषी 'टीआरएफ' को यूएन प्रतिबंध सूची में डालने में जुटा भारत

### भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने की यूएन आतंकवाद निरोधक समिति के उच्च अधिकारियों से मुलाकात



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत ने पिछले महीने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले में शामिल रहे पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट यानी टीआरएफ को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की प्रतिबंधित आतंकी संगठन की सूची में शामिल कराने की कवायद तेजी के साथ शुरू कर दी है। लश्कर-ए-तैयबा के छद्म आतंकी संगठन के रूप में टीआरएफ भारत में बीते कुछ समय से अपनी नापाक आतंकी गतिविधियों को अंजाम देता आया है। बीते बुधवार देर रात इसे यूएन की प्रतिबंधित सूची में शामिल करने को लेकर एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद निरोधक कार्यालय और आतंकवाद निरोधक समिति के शीर्ष अधिकारियों के साथ मुलाकात की। जिसके बाद इस बात की संभावना जताई जा रही है कि टीआरएफ पर जल्द ही संयुक्त राष्ट्र की तरफ से प्रतिबंध लगाया जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि भारतीय टीम फिलहाल न्यूयॉर्क में है और उसके द्वारा यूएन की प्रतिबंध समिति 1267 की निगरानी टीम और अन्य साझेदार देशों के साथ भी संवाद जारी है।

### हमले की टीआरएफ ने दो बार ली जिम्मेदारी

बताते चलें कि पहलगाम आतंकी हमले में 26 निर्दोष नागरिक मारे गए थे। जिनमें 25 भारतीय और 1 नेपाली नागरिक शामिल था। भारत ने इसी महीने की शुरुआत में 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के जरिए इस आतंकवादी हमले का बदला ले लिया है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने यह स्पष्ट किया था कि पहलगाम हमले में पाक के पाले हुए लश्कर-ए-तैयबा के छद्म आतंकी संगठन टीआरएफ का हाथ है। क्योंकि हमले के तुरंत बाद और अगले दिन कुल दो बार टीआरएफ ने पहलगाम हमले को अंजाम देने की बात कबूली थी। विदेश सचिव ने अपने इसे बयान के जरिए आतंकी हमले को लेकर अपने आप को बचाने में लगे हुए पाकिस्तान के झूठ को पूरी तरह से देश-दुनिया के सामने बेनकाब करके रख दिया था।



Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or call our toll-free no.: 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Finance offer is at sole discretion of the financer, subject to its respective T&Cs. Offers are valid in select states for a limited period or till stock lasts. For more details, please visit your nearest authorized Hero outlet. *Ex-showroom prices of Super Splendor XTEC Drum Brake OBD2B and Xtreme 125R IBS variant are applicable in Gurugram. 'Green Bonus is applicable Pan India on select Hero products and bonus amount may vary as per model/variant. *Terms & Conditions apply.

Authorised Dealers: South Delhi: Lajpat Nagar: Sapphire Hero: 9289923175, Adchini (Main Mehrauli Road)- Pashupati Hero- 9289922381, Pul Prahladpur Badarpur Singla Hero–9289922771, Okhla Phase II: A R C Hero - 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero: 9289922380, PushtaKartar Nagar: Aman Hero - 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero- 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero- 9289923222 North Delhi: Azadpur: Shraman Automobiles: 9289923185, Rithala (Rohini): Metro Hero - 9289922597, Budh Vihar: JMD Automotives - 7838685858, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero - 9289922382, Upper India Hero – 9717198198, West Delhi: ROSHAN VIHAR (Najafgarh): Avni Hero - 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero- 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero– 9289922530, Tilak Nagar: Khanna Hero - 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero - 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310, Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, Sehgal Hero, NIT - 7217627327; Gurugram: Globe Agencies, Sec – 18, Noble Enclave - 9289233915, Himgiri Hero - 9289923046, Sharma Hero, Basai Road Sector 11- 9289923221, Autoneeds Hero - 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Himgiri Hero (Wazirabad) - 9289924247, Himgiri Hero (Railway Road): 9289924248, Sohna: Auto Links Hero, No.160/2 Delhi Road, Sohna- 9289924089; Noida: Dhansri Hero, H-206A, Sector 63- 9289923044, Uppal Hero- B 124, Sector-5 - 9289922462, Singla Hero, C-70, Sector-58 - 9289923059; Ghaziabad: Globe Hero- Meerut, Delhi Road - 9289922073, Aman Hero - Shiv Puri, Vijay Nagar - 9289232123; Sahibabad: Sahib Hero- 9289922486 BulandShahr: Shri Durga Hero, Delhi Road - 9289922504; Krishna Hero, Raje Babu Road - 9289922410, Hapur: Globe Hero – 9289923209.

L&K | SAATCHI & SAATCHI